@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

मंगलवार 20 जनवरी 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 संपादक- गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 425 qaumipatrikahindi 011-41509689,23315814,9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12 ) मूल्य 3.00 रूपये ( हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## भाजपा अध्यक्ष पद के लिए नितिन नबीन ने दाखिल किया नामांकन

● भाजपा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी, नितिन नबीन का चुना जाना तय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को यहां पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय में चल रही चुनाव प्रक्रिया में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा के मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आज पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा संसदीय दल के साथ नितिन नबीन का नामांकन पत्र भरा गया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, नितिन गडकरी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और प्रदेश इकाइयों के प्रमुख भी मुख्यालय पहुंचे और इस प्रक्रिया में शामिल हुए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नितिन नबीन ही राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के एकमात्र उम्मीदवार हैं। ऐसे में उनका निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। इससे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित विभिन्न राज्यों के नेताओं ने नितिन नबीन के समर्थन में अपने पत्र जमा किए थे।




● उल्लेखनीय है कि भाजपा की स्थापना 06 अप्रैल 1980 को हुयी थी



कर्नल सोफिया मामला

## मध्य प्रदेश सरकार दो सप्ताह में ले विजय शाह पर निर्णय: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस ब्रीफिंग करने वाली भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश सरकार से कहा है कि वह विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी देने पर दो सप्ताह के भीतर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि निचली अदालत में मामला लंबित होने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से अब तक जरूरी कानूनी अनुमति नहीं दी गई है। अदालत ने राज्य सरकार को इस पर जल्द निर्णय लेने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान विजय शाह की ओर से पेश वकील ने कहा मंत्री विजय शाह इस पूरे मामले पर पहले ही माफी मांग चुके हैं , हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस तर्क को सिरे से खारिज कर दिया। कोर्ट ने माफी पर विचार करने से मना करते हुए कहा कि अब बहुत देर हो चुकी है। इंदौर जिले के एक ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय शाह ने कर्नल कुरैशी की ओर इशारा करते हुए कहा था, 'जिन लोगों ने हमारी बेटियों को विधवा बनाया, हमने उन्हें सबक सिखाने के लिए उनकी अपनी बहन को भेजा। ' मंत्री के इस



बयान के बाद देशव्यापी आक्रोश फैल गया था, हालांकि विवाद बढ़ने के बाद मंत्री कुंवर विजय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक मिनट 13 सेकंड का वीडियो जारी कर कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपनी विवादित टिप्पणी के लिए माफी मांगी थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आईपीएस अधिकारियों की विशेष जांच समिति (एसआईटी) बनाने का आदेश दिया था।

## मतदाता सूची सुनवाई में चर्चित लोगों को बुलाने पर विवाद निराधार : निर्वाचन आयोग

न ही में नेताजी सुभाष चंद्र स के प्रपौत्र चंद्र कुमार स को सुनवाई के लिए गए जाने के बाद नीतिक विवाद खड़ा हो ा था।

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दाता सूची के विशेष गहन ीक्षण (एसआईआर) के दौरान र्चित हस्तियों को सुनवाई के लिए ाए जाने को लेकर उठे विवादों भारतीय निर्वाचन आयोग ने धार बताया है। निर्वाचन आयोग कहा कि दावे और आपत्तियों से जुड़ी सुनवाई के लिए किसी भी मतदाता को बुलाना पूरी तरह प्रक्रिया के तहत है और इसमें किसी प्रकार का पक्षपात नहीं किया गया है। हाल ही में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रपौत्र चंद्र कुमार बोस को सुनवाई के लिए बुलाए जाने के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। इसे लेकर सवाल उठाए गए कि नेताजी के परिवार से जुड़े व्यक्ति को नोटिस क्यों भेजा गया। इस पर पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि चंद्र कुमार बोस को भी अन्य मतदाताओं की तरह ही बुलाया गया है। कार्यालय की ओर से जारी स्पष्टीकरण में कहा गया कि उनके गणना प्रपत्र में पारिवारिक संबंध जोड़ने वाला कॉलम खाली छोड़ा गया था। इसी कारण उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार, भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की अधिसूचना के तहत जिन मतदाताओं के प्रपत्रों में आवश्यक विवरण अधूरा पाया गया है, उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। इससे पहले अभिनेता से नेता बने और तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सदस्य दीपक अधिकारी, पूर्व राज्यसभा सदस्य और मोहन बागान फुटबॉल क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्वपन साधन बोस, उनके पुत्र और पूर्व राज्यसभा सदस्य सृंजय बोस तथा भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी इसी तरह की सुनवाई के नोटिस भेजे गए थे।



## दिव्यांगजनों के लिए रेखा सरकार का बड़ा कदम दिल्ली हाट में आवंटित होंगी दुकानें

नई दिल्ली । दिल्ली सरकार दिव्यांगजनों के लिए समावेशी आजीविका को बढ़ावा देने हेतु दिल्ली हाट में दुकानें आवंटित करेगी। डीटीटीडीसी ने आईएनए स्थित दिल्ली हाट में स्मृति चिन्ह की दुकान के लिए ई-निविदा जारी की है। यह योजना कई वर्षों से रुकी हुई थी। आवंटन एक वर्ष के लिए होगा, जिसे बढ़ाया जा सकता है। पात्र दिव्यांगजनों को ४० प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता प्रमाणपत्र और अन्य शर्तों का पालन करना होगा। दिल्ली सरकार समावेशी आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों के तहत दिल्ली हाट में दिव्यांगजनों को भी दुकानें आवंटित करेगी। दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार आईएनए स्थित दिल्ली हाट में स्मृति चिन्ह की दुकान के आवंटन के लिए पात्र दिव्यांगजनों के लिए ई-निविदा जारी की गई है। यह योजना पिछले कई सालों से ठप थी। दुकान का आवंटन एक वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे डीटीटीडीसी के विवेक पर मासिक उप-लाइसेंस शुल्क में १० प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। निविदा के अनुसार आवंटन का अनुमानित अनुबंध मूल्य ३०.७१ लाख रुपये है, जबकि आरक्षित मासिक लाइसेंस शुल्क २.५५ लाख रुपये निर्धारित किया गया है। निविदा में यह निर्दिष्ट किया गया है कि बोलीदाताओं की आयु १८ वर्ष से अधिक होनी चाहिए और उनके पास कम से कम ४० प्रतिशत दिव्यांगता दर्शाने वाला वैध सरकारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र चाहिए होगा। निविदा में कहा गया है कि आवेदकों को यह घोषित करना होगा कि वे या उनके परिवार का कोई भी सदस्य दिल्ली सरकार की दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बनाई गई किसी भी योजना के तहत शहर में कोई कियोस्क, दुकान, स्टाल या पीसीओ बूथ आदि का मालिक या संचालक नहीं है।

## भारत-पोलैंड ने आर्थिक, रक्षा, माइनिंग समेत बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर की चर्चा

● विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की।

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की के बीच आज दिल्ली के हैदराबाद हाउस में बैठक हुई। इसमें द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक घटनाक्रम पर बातचीत हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि दोनों विदेश मंत्रियों ने अपने आर्थिक, टेक्नोलॉजी, रक्षा, माइनिंग, लोगों से लोगों के संबंध और बहुपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। मज़बूत भारत-ईयू संबंधों के लिए पोलैंड के समर्थन की सराहना करते हैं। बैठक में एक्शन प्लान 2024-28 की समीक्षा की गई, जिसके तहत व्यापार और निवेश, रक्षा एवं सुरक्षा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचार में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने पोलैंड के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की के साथ बैठक में अपने शुरुआती वक्तव्य में दोनों देशों के पारंपरिक रूप से सौहार्दपूर्ण संबंधों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगस्त 2024 की पोलैंड यात्रा के दौरान रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया।



## दिल्ली- एनसीआर में महसूस हुए भूकंप के झटके

नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह ८ः४४ बजे २.८ तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र उत्तरी दिल्ली में जमीन से ५ किलोमीटर नीचे था। दिल्ली-एनसीआर में अचानक धरती हिलने से लोग घबरा गए। सुबह करीब ८ बजकर ४४ मिनट पर लोगों ने भूकंप के हल्के झटके महसूस किए। कई इलाकों में लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। हालांकि झटके हल्के थे, इसलिए किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर २.८ मापी गई। भूकंप का केंद्र उत्तर दिल्ली में बताया गया है।

## कांग्रेस विधायक बरैया के बचाव में आया दिग्विजय सिंह का बयान

**भोपाल।** महिलाओं पर विवादास्द बयान देने वाले मध्य प्रदेश के भांडेर से कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के बचाव में अब पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सामने आए हैं। उनका कहना है कि फूल सिंह बरैया की कोई गलती नहीं, वे तो एक पुस्तक का हवाला दे रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि कार्रवाई करनी है तो उस पुस्तक और पुस्तक लिखने वालों पर करें, न कि बरैया पर। बरैया ने अपनी तरफ से कुछ भी अनुचित नहीं बोला है। इस पर अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने सोमवार को घोर आपत?र्ता? जताई है। उन्होंने कहा, दिग्विजय सिंह द्वारा फूल सिंह बरैया का बचाव कांग्रेस के नैतिक दिवालियापन की खुली स्वीकारोक्ति है। यदि बरैया के शब्द उनके निजी विचार नहीं थे, तो ऐसी घृणित और महिला-विरोधी बयान देने की आवश्यकता ही क्या थी? क्या किसी पुस्तक का हवाला देकर महिलाओं की गरिमा पर प्रहार जायज़ हो जाता है? क्या सार्वजनिक रूप से दिए गए बयान की जिम्मेदारी वक्ता की नहीं होती? और यदि वे शब्द गलत थे, तो कांग्रेस ने उसी समय सार्वजनिक खंडन क्यों नहीं किया आशीष ऊषा अग्रवाल ने कहा, 'बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया '- यह तर्क नहीं, पीड़ित समाज की भावनाओं का अपमान है। सच्चाई साफ़ है- बरैया ने आपत्तिजनक शब्द बोले, राहुल गांधी ने मंच साझा किया।



## दिल्ली एमएसीटी का बड़ा फैसला- हादसे में घायल छात्र को १.६२ करोड़ का मुआवजा

नई दिल्ली । दिल्ली एमएसीटी ने एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल २१ वर्षीय छात्र आर्यन राणा को १.६२ करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है। ट्रिब्यूनल ने बस चालक की लापरवाही को दुर्घटना का कारण माना। आर्यन को ५३ प्रतिशत दिव्यांग घोषित किया गया है, और उनकी भविष्य की आय क्षमता में ९० प्रतिशत कमी आंकी गई है। बीमा कंपनी को यह राशि अदा करनी होगी। दिल्ली मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) ने एक महत्वपूर्ण फैसले में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को १.६२ करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है। ट्रिब्यूनल ने माना कि दुर्घटना बस चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण हुई, जिसके लिए बीमा कंपनी को पूरी राशि अदा करनी होगी। मामला एक जुलाई २०२४ का है। २१ वर्षीय छात्र आर्यन राणा स्कूटी से घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में आर्यन को गंभीर चोटें आईं और उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मेडिकल जांच में उन्हें ५३ फीसदी दिव्यांग घोषित किया गया। वहीं, सुनवाई के दौरान बस चालक व अन्य प्रतिवादियों ने खुद को झूठा फंसाए जाने का दावा किया, लेकिन इस संबंध में कोई ठोस शिकायत या साक्ष्य पेश नहीं किया गया। पीठासीन अधिकारी विक्रम ने चश्मदीद गवाहों और बस कंडक्टर के बयानों के आधार पर स्पष्ट किया कि बस ओवरटेक करने के प्रयास में स्कूटी से टकराई, जो चालक की लापरवाही को साबित करता है।



## राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर केमिकल टैंकर और ट्रेलर की भिड़ंत, कोई हताहत नहीं

जयपुर (एजेंसी)। पावटा कस्बे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर रविवार रात करीब 8:40 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। जयपुर से दिल्ली जा रहे केमिकल टैंकर और दूसरी लेन से आ रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर टकरा गया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि टैंकर में तुरंत आग लग गई। गनीमत रही कि टैंकर चालक समय रहते वाहन से सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि दूर से ही धुएं का गुबार देखा जा सकता था। सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से जयपुर-दिल्ली मार्ग को बंद कर ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट कर दिया। केमिकल से भरे टैंकर के कारण आग बुझाना चुनौतीपूर्ण था। दमकलकर्मी फोम और पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने पूरे इलाके को घेराबंदी कर राहगीरों को सुरक्षित रखा। प्राथमिकता अग्निकांड पूरी तरह नियंत्रित करना और हाईवे से वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू करना है। हादसे के कारणों की विस्तृत जांच जारी है।

## पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में नाबालिग से गैंगरेप के आरोप में 7 गिरफ्तार

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और गैंगरेप के मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंसेस एक्ट, 2012 (पोक्सो) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस और परिवार के सूत्रों के अनुसार, किशोरी पुरुलिया शहर की रहने वाली है। शुक्रवार शाम 17 साल की लड़की एक दोस्त के घर जाने के लिए अपने घर से निकली। जब रात होने के बाद भी वह घर नहीं लौटी, तो परिवार को उसकी चिंता होने लगी। आखिरकार, लड़की के पिता ने पुरुलिया सदर पुलिस स्टेशन में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। लड़की को उसी रात बाद में बचा लिया गया। पूछताछ के दौरान, नाबालिग लड़की ने अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया और कहा कि उसे अगवा किया गया था और उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया। लड़की ने पुलिस को बताया कि रात में सात-आठ लड़के उसे सड़क से उठाकर रेलवे ट्रैक के पास एक खेत में ले गए और, वहां उसके साथ गैंगरेप हुआ। इस घटना के बाद, लड़की किसी तरह घर वापस आ गई। तभी पुलिस को उसके बारे में पता चला। घटना सामने आने के तुरंत बाद लड़की को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने कई जगहों पर तलाशी ली। रविवार को पुलिस ने कथित तौर पर शामिल सात लड़कों को गिरफ्तार किया। उनमें से एक बीमार पड़ गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी छह को कोर्ट में पेश किया गया।

## कुलदीप सेंगर को हाईकोर्ट से झटका

नई दिल्ली (एजेंसी)। उन्नाव बलात्कार मामले के दोषी पूर्व बीजेपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने सोमवार को पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस रविंदर दुदेजा ने कहा कि सेंगर ने 10 साल की कुल सजा में से लगभग 7.5 साल हिरासत में बिताए हैं और इस मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपील पर फैसला करने में देरी हुई है, लेकिन यह देरी आंशिक रूप से सेंगर द्वारा दायर की गई कई याचिकाओं के कारण हुई है। इसलिए, कोर्ट जमानत और सजा के निलंबन की याचिका खारिज कर दी। बता दें, उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता को सेंगर के इशारे पर गिरफ्तार किया गया था और 9 अप्रैल, 2018 को पुलिस की बर्बरता के कारण हिरासत में उनकी मृत्यु हो गई थी। मार्च 2020 में दिल्ली की एक अदालत ने सेंगर और अन्य को उनकी मृत्यु के लिए दोषी ठहराया और 10 साल की कैद की सजा सुनाई।

## पाकिस्तानी प्लेन जैसा गुब्बारा मिला

किश्तवाड़ (एजेंसी)। जम्मू के खौर सेक्टर के पुलिस पोस्ट पल्लनवाला के अंतर्गत गांव कचरियाल में एक खुले मैदान से सोमवार को पाकिस्तानी प्लेन के आकार का गुब्बारा मिला। सफेद और हरे रंग के गुब्बारे पर पीआईए यानी पाकिस्तानी इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा हुआ है। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले गुब्बारे को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद गुब्बारे को आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस पोस्ट पल्लनवाला को सौंप दिया गया है। वहीं, किश्तवाड़ में लगातार दूसरे दिन आतंकियों की तलाश जारी है। इसे ऑपरेशन त्राशी-1 नाम दिया गया है। सेना ने घने जंग और खड़ी ढलानों वाले मुश्किल इलाके के कारण रविवार देर रात ऑपरेशन रोक दिया गया था। सर्दी के मौसम के चलते यहां विजिबिलिटी भी कम हो गई थी। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच रविवार को चतरू बेल्ट में मंडराल-सिंहपोरा के पास सोनार गांव में मुठभेड़ शुरू हुई थी। इसमें 8 जवान घायल हो गए थे। आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया था, जिसके छर्रे जवानों को लगे हैं।

## महिला पुलिसकर्मियों के टॉयलेट में कैमरा छिपाया

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु में एक स्पेशल सब-इंस्पेक्टर ने महिला पुलिस अफसरों के टॉयलेट में हिडन कैमरा छिपा दिया। घटना का पता तब चला जब महिला पुलिसकर्मियों ने टॉयलेट में एक मोबाइल फोन देखा। जांच में पता चला कि मोबाइल आरोपी एसएसएआई का था। वह टॉयलेट के अंदर महिला पुलिसकर्मियों का वीडियो बना रहा था। हैरानी की बात यह है आरोपी ने रामनाथपुरम जिले के परमकुडी में घटना को उस समय अंजाम दिया जब वहां मुख्यमंत्री एमके स्टालिन स्वतंत्रता सेनानी त्यागी इमैनुएल सेकरन के मणि मंडपम का उद्घाटन करने पहुंचे थे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर पूरे जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में राज्य के अलग-अलग इलाकों से महिला पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया था। आरोपी एसएसआई परमकुडी नगर पुलिस थाने में तैनात था और मणि नगर चेक पोस्ट पर ड्यूटी कर रहा था।

## लद्दाख में भूकंप के तेज झटके

चेन्नई (एजेंसी)। लद्दाख। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और आसपास के इलाकों में सोमवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 5.7 मापी गई है। लद्दाख के अलावा भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र लेह-लद्दाख क्षेत्र में जमीन से 171 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। भूकंप का केंद्र गहराई में होने के चलते कंपन विनाशकारी नहीं रहा। फिलहाल किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

# बीवी- जी राम जी के बारे में झूठ फैलाकर कांग्रेस मजबूत नहीं कमजोर हो रही

### -केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को घेरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी पर वीबी-जी राम जी के बारे में गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि नया अधिनियम काम के अधिकार को मजबूत करेगा। उन्होंने मनरेगा की जगह लेने वाले नए अधिनियम के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान का जिक्र किया और कहा कि विपक्ष यह ''झूठ फैला रहा है कि इस योजना से रोजगार केवल कुछ पंचायतों में ही प्रदान किया जाएगा।

बता दें कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने के विरोध में 45 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान 'मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत की है। विपक्षी दल विकसित भारत-रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग कर रहा है। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि मैं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से कहना चाहता हूं कि वीबी-जी राम जी के बारे में गलत जानकारी फैलाकर वे कांग्रेस को मजबूत नहीं बल्कि कमजोर कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने विचार, विचारधारा और आदर्श को त्याग दिया है...विचार है राष्ट्र सर्वोपरि, देश का विकास...वीबी-जी राम जी गांवों के विकास के लिए है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने मनरेगा को बेहतर बनाने की कोशिश की। इसका सबूत यह है कि हमने करीब नौ लाख करोड़ रुपए खर्च किए, जबकि यूपीए सरकार ने करीब दो लाख करोड़ रुपए खर्च किए थे। उन्होंने कहा कि यह कहना 'झूठ है कि काम के अधिकार को छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम 100 दिन काम के बजाए, अब 125 दिन काम दे रहे हैं...सिर्फ काम करने का अधिकार ही नहीं, हमने 15 दिनों के अंदर बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान किया है...आपने कागज पर अधिकार दिया, हमने जमीनी स्तर पर इसे और मज़बूत किया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि वे यह गलत सूचना फैला रहे हैं कि रोजगार सिर्फ कुछ पंचायतों में ही दिया जाएगा। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह योजना सभी पंचायतों में लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्यों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। केंद्र पहले से ही ज्यादा धनराशि दे रहा है। राज्य जो निवेश करेंगे, वह गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए होगा। मंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना छह महीने में लागू कर दी जाएगी और तब तक मनरेगा जारी रहेगा।

## 21 को कुरुक्षेत्र जाएंगे राहुल गांधी, जिला इकाई अध्यक्षों को करेंगे संबोधित



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 21 जनवरी को कुरुक्षेत्र में हरियाणा और उत्तराखंड के पार्टी के जिला इकाई अध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को हरियाणा के जिला इकाई अध्यक्षों को संबोधित करने के बाद यहां पत्रकारों को बताया कि गांधी 21 जनवरी को यहां पहुंचेंगे। कांग्रेस ने हरियाणा और उत्तराखंड में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में इन राज्यों के जिला इकाई अध्यक्षों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। कुरुक्षेत्र में 13 से 22 जनवरी तक आयोजित इस शिविर में हरियाणा के 33 और उत्तराखंड के 27 जिला अध्यक्ष भाग ले रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन आय बढ़ने के बजाय उनकी लागत कई गुना बढ़ गई है। हरियाणा के पूर्व सीएम ने सरकार पर लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर महिलाओं को धोखा देने का आरोप भी लगाया। हुड्डा ने दावा किया कि चुनाव के दौरान बीजेपी ने सभी महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह देने का वादा किया था, लेकिन अब यह लाभ केवल सीमित संख्या में महिलाओं को ही मिल रहा है। मनरेगा की जगह लेने वाले नए अधिनियम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हुड्डा ने कहा कि बीजेपी नीत सरकार ने दलितों, पिछड़े वर्गों, गरीबों, ग्रामीणों और पंचायतों के अधिकारों पर हमला किया है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में आठ लाख से ज्यादा मनरेगा कामगार होने के बावजूद, 2024-25 के दौरान केवल 2,100 परिवारों को ही 100 दिन का काम उपलब्ध कराया गया।

## पीएम मोदी ने एनडीआरएफ के जवानों की सराहना करते हुए कहा- ये संकट में उम्मीद की किरण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) आज अपना 21वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बल के जवानों की अदम्य बहादुरी, पेशेवर दक्षता और सेवा के प्रति उनके समर्पण की जमकर सराहना की है। प्रधानमंत्री ने एक भावुक संदेश साझा करते हुए कहा कि एनडीआरएफ के जवान संकट के समय हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर न केवल लोगों की जान बचाते हैं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में राहत प्रदान कर उम्मीद की किरण भी जगाते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से एनडीआरएफ के सभी पुरुष और महिला कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका पक्का इरादा और प्रोफेशनलिज्म मुश्किल समय में देश के लिए सबसे बड़ा संबल साबित होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब भी कोई प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा आती है, यह बल बिना थके सबसे चुनौतीपूर्ण हालातों में भी राहत और बचाव कार्यों में जुट जाता है। प्रधानमंत्री के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में एनडीआरएफ आपदा प्रबंधन और तैयारी के मामले में न केवल देश के भीतर एक मिसाल बनकर उभरा है, बल्कि इसने अपनी कार्यकुशलता से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बहुत सम्मान अर्जित किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी स्थापना दिवस पर बल के कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनडीआरएफ आज आपदा-प्रतिरोधी भारत बनाने के संकल्प में एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज संकट के समय पूरा देश इस बल पर भरोसा करता है। उन्होंने उन शहीदों को भी नमन किया जिन्होंने दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी जवानों के साहस और अटूट लगन को सलाम किया। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की त्वरित कार्रवाई और जान बचाने के कौशल ने इस बल को लचीलेपन और तैयारी का प्रतीक बना दिया है। आज यह बल अपनी निस्वार्थ सेवा के कारण देश और विदेश दोनों ही जगहों पर प्रशंसा का पात्र बना हुआ है। स्थापना दिवस के इन संदेशों ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत की बढ़ती शक्ति और एनडीआरएफ के जवानों के निरंतर संघर्ष को रेखांकित किया है।

# माघ मेले में अव्यवस्था के लिए बीजेपी का कुशासन और नाकाम व्यवस्था ही दोषी

### -सपा प्रमुख अखिलेश ने शंकराचार्य को स्नान से रोकने और समर्थकों की पिटाई की निंदा की



**प्रयागराज (एजेंसी)।** मौनी अमावस्या के मौके पर प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों और उत्तर प्रदेश की होम सेक्रेटरी मोहिता गुप्ता के साथ पुलिसकर्मियों के बीच तीखी बहस के बाद विवाद बढ़ गया। स्थिति हाथापाई में बदल गई, जिससे मेले में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने मौनी अमावस्या स्नान करने से इनकार कर दिया और अपनी पालकी के साथ बीच रास्ते से ही अखाड़े लौट गए। इस घटना के बाद से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया, जिसमें समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला। अखिलेश ने शंकराचार्य को स्नान से रोकने और समर्थकों की पिटाई की निंदा की।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अखिलेश यादव ने प्रयागराज में माघ मेला में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को पुलिस द्वारा संगम में स्नान करने से रोकने और उनके कुछ समर्थकों की पिटाई की घटना की निंदा करते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की। यादव ने कि प्रयागराज में माघ मेला क्षेत्र में पिछले साल की तरह ही इस साल फिर से साधु-संतों-भक्तों के साथ हुआ दुर्व्यवहार अक्षम्य है। उन्होंने कहा कि यह घोर निन्दनीय है। सदियों से चली आ रही शाही-स्नान की अखंड सनातनी परंपरा में गत वर्ष भी इसी सरकार द्वारा विघ्न डाला गया था।

सपा प्रमुख ने कहा कि सवाल ये है कि ऐसी घटनाएं बीजेपी की सरकार में ही क्यों हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही-स्नान क्या पहली बार हो रहा है। इस अवस्था के लिए बीजेपी का कुशासन और नाकाम व्यवस्था ही दोषी है। उन्होंने वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य पर सवाल उठाने के लिए विपक्ष की आलोचना को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि अहंकारी बीजेपी शासन और प्रशासन अपने से बड़ा किसी को नहीं मानता है। अब क्या इसका दोष भी 'एआई' पर मढ़ेंगे?

सीएम योगी ने आरोप लगाया था कि विपक्ष मणिकर्णिका घाट पर हो रहे मरम्मत कार्य को गलत तरीके से पेश करने के लिए एआई से बनाई गई तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा है। सपा प्रमुख ने पूरे मामले की जांच की मांग की और कहा कि बीजेपी सरकार लापरवाह और संवेदनहीन है। बता दें रविवार को ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके समर्थकों को संगम में जाने से रोकने और विरोध करने पर कुछ समर्थकों की पिटाई किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है।

वहीं, शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिषपीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज को प्रशासन ने जानबूझकर स्नान करने से रोका और यह घटना पूरी तरह से सुनियोजित थी। योगीराज ने दावा किया कि शंकराचार्य के समर्थक शांतिपूर्ण ढंग से संगम नोज की तरफ स्नान के लिए जा रहे थे, लेकिन षड़यंत्र के तहत प्रशासन के लोगों ने समर्थकों को धक्का दिया और संतों को बर्बरतापूर्वक पीटा जो गलत है।

## कांग्रेस असम में विधानसभा चुनावों में एआईयूडीएफ के साथ गठबंधन नहीं करेगी: गोगोई

### -पार्टी सत्ता में आई तो हिमंत सरमा की सभी अवैध संपत्तियों को करेंगे जब्त



**डब्रूगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा है कि पार्टी राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एआईयूडीएफ के साथ गठबंधन नहीं करेगी। गोगोई ने हाजो-सुआलकुची निर्वाचन क्षेत्र के कई स्थानों पर सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में एआईयूडीएफ की पूर्ण विफलता के बाद 2026 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनावी बाधा को पार करने की उसकी सोच पूरी तरह गलत है।

बता दें कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए किए गए गठबंधन की तर्ज पर कई अन्य विपक्षी दलों के साथ गठबंधन बनाने पर काम कर रही है और इससे बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व वाले एआईयूडीएफ को बाहर रखा गया है। उन्होंने 'बोर (ग्रेटर) असम' के निर्माण के लिए जनता से समर्थन की अपील की और सीएम हिमंत विसवा सरमा को राज्य का 'सबसे बेईमान' मुख्यमंत्री बताया है।

गोगोई ने दावा किया कि राज्य के छह समुदायों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने जैसे वादे पूरे न करना यह साबित करता है कि सीएम सरमा एक बेईमान' मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमंत सरमा ने अपनी पत्नी और बेटे के नाम पर अपार संपत्ति जमा कर रखी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर हिमंत सरमा सभी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को जब्त किया जाएगा। उन्होंने बीजेपी पर धर्म, भाषा, जातीयता और समुदाय के नाम पर समाज को बांटने का आरोप लगाया।

गोगोई ने जोर देकर कहा कि ऐसी विभाजनकारी राजनीति केवल व्यक्तिगत हितों की पूर्ति करती है, विकास की नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 'शांति एवं सद्भाव का पुनर्निर्माण करेगी और गरीबों की सेवा उसी तरह करेगी जैसे पूर्व सीएम तरुण गोगोई ने की थी। राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने भी बीजेपी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि बीजपी उन वादों को पूरा करने में 'विफल' रही, जिनके आधार पर वह सत्ता में आई थी।

## पलायन की 36वीं बरसी पर कश्मीरी पंडित सड़कों पर उतरे, हाईवे किया जाम

### -घाटी में विस्थापित पंडितों के लिए एक अलग केंद्र शासित प्रदेश के गठन की मांग



**जम्मू (एजेंसी)।** कश्मीरी पंडित पलायन की 36वीं बरसी के मौके पर जम्मू शहर के बाहरी इलाके जगती में देर रात हजारों कश्मीरी पंडित सड़कों पर उतर आए। पनुन कश्मीर के यूथ विंग के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया, जिसके चलते जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम हो गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। उनका कहना था कि बीते तीन दशकों से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद विस्थापित कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास, सुरक्षा और राजनीतिक अधिकारों को लेकर कोई समाधान नहीं किया गया है।

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में कश्मीर घाटी में विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए एक अलग केंद्र शासित प्रदेश का गठन शामिल है। उनका तर्क था कि बिना अलग प्रशासनिक व्यवस्था के सुरक्षित और सम्मानजनक वापसी संभव नहीं है। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने संसद में एंटी-जेनोसाइड बिल लाने की भी मांग की। कश्मीरी पंडितों ने सरकार से आग्रह किया कि उन्हें आधिकारिक तौर पर जनसंहार के पीड़ित के रूप में मान्यता दी जाए।

राष्ट्रीय राजमार्ग जाम होने से देर रात तक यातायात बाधित रहा, जिससे सैकड़ों वाहन फंसे रहे और लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। हालात को संभालने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सिविल प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। हालांकि प्रदर्शनकारी इस बात पर अड़े रहे कि उपराज्यपाल खुद मौके पर पहुंचकर उनकी बात सुनें। इसी दौरान एक प्रदर्शनकारी हाईवे पर बने एक कलवर्ट से गिरकर घायल हो गया, जिसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। काफी देर बाद प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। फिलहाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल कर दिया गया है, लेकिन कश्मीरी पंडितों की मांगों को लेकर असंतोष अब भी बरकरार है।

## भारत आ रहे रूसी तेल टैंकर अचानक चीन की तरफ मुड़े, क्या अमेरिकी प्रतिबंधों का असर?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन के मध्य जारी जंग के बीच पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का असर अब वैश्विक तेल व्यापार में साफ नजर आने लगा है। भारत और तुर्की की ओर जा रहे कई रूसी तेल टैंकर अब अपना रुख चीन की तरफ मोड़ते दिख रहे हैं। जानकारों का मानना है कि यह बदलाव अमेरिका और यूरोपीय संघ के सख्त प्रतिबंधों के डर और बढ़ती अनिश्चितता का नतीजा हो सकता है।

जानकारी के अनुसार हाल ही में पश्चिमी तुर्की के इजमित बंदरगाह पर पनामा के झंडे वाले टैंकर बेला-6 ने करीब एक लाख टन रूसी कच्चा तेल उतारा। यह डिलीवरी तुर्की की सबसे बड़ी रिफाइनरी कंपनी तुप्रास के लिए अपवाद मानी जा रही है, क्योंकि उसने यूरोपीय संघ के 21 जनवरी से लागू नए प्रतिबंधों से पहले रूसी तेल आयात में करीब 69 प्रतिशत की कटौती कर दी थी। नए ईयू नियमों के तहत रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों का यूरोप में आयात प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिससे भारत और तुर्की जैसी रिफाइनरियों पर सीधा असर पड़ा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिकी प्रतिबंधों, ईरान और वेनेजुएला को लेकर अनिश्चितता तथा यूरोपीय संघ के नए फैसलों ने अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति को अस्थिर बना दिया है। लंदन स्थित जनरल इंडेक्स के विश्लेषक डेविड एडवर्ड का कहना है कि मौजूदा दौर असाधारण है, जहां भू-राजनीतिक उथल-पुथल सीधे ऊर्जा बाजार को प्रभावित कर रही है।

इस बीच भारतीय रिफाइनरियों ने भी सतर्क रुख अपनाया है। केप्लर के विश्लेषक सुमित रितोलिया के अनुसार, भारत की प्रमुख रिफाइनरियों ने रूसी कच्चे तेल की खरीद कम कर 'स्वैच्छिक पाबंदी' लगा दी है। दिसंबर 2025 में भारत का रूसी तेल आयात 29 प्रतिशत घटकर तीन साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। इसके पीछे रूस की दिग्गज कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंध भी बड़ी वजह माने जा रहे हैं।

भारत और तुर्की द्वारा छोड़े जा रहे इस अतिरिक्त रूसी तेल का एक हिस्सा चीन की ओर जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में रूस से चीन के समुद्री मार्ग से तेल आयात में 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कई ऐसे टैंकर, जिन्हें भारत ने स्वीकार नहीं किया, चीनी बंदरगाहों के पास देखे गए। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन की छोटी स्वतंत्र रिफाइनरियां, जिन्हें 'टी-पॉट्स' कहा जाता है, सस्ते तेल की खरीद में माहिर हैं और जोखिम उठाने को तैयार रहती हैं। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि चीन सभी छोड़े गए रूसी तेल को नहीं खपा पाएगा। फिर भी, बढ़ती छूट और सीमित जोखिम के चलते वह बड़ा खरीदार बना रह सकता है।



## सार्वजनिक सूचना

संपूर्ण संपत्ति की मूल स्वामिनी श्रीमती वीणा छाबड़ा थीं, जिन्होंने उक्त संपत्ति को बिक्री विलेख दिनांक 01.06.1994 के माध्यम से श्री सुनील मैनी को विक्रय किया। त्पश्चात श्री सुनील मैनी ने उक्त भू-खण्ड को बिक्री विलेख दिनांक 20.12.2005 के द्वारा सरदार निर्मल सिंह लांबा को विक्रय किया। इसके पश्चात सरदार निर्मल सिंह लांबा ने संपत्ति को बिक्री विलेख दिनांक 31.03.2006 के माध्यम से श्री राजा राम सूरी को विक्रय किया। इसके उपरांत श्री राजा राम सूरी ने वसीयत दिनांक 24.06.2009 को श्री हरिश चंदर सूरी के पक्ष में निष्पादित की। दुर्भाग्यवश श्री राजा राम सूरी का देहांत 01.09.2013 को हो गया, जिनके पश्चात उनके निम्नलिखित वैध उत्तराधिकारी रहे: (1) सुश्री अंजू कुकरेजा (पुत्री), (2) श्री हरिश चंदर सूरी (पुत्र), (3) सुश्री ममता जॉली (पुत्री), (4) सुश्री निर्मल कोहली (पुत्री), (5) श्री रमेश चंदर सूरी (पुत्र), (6) सुश्री रीता सहगल (पुत्री), (7) श्री सतीश कुमार सूरी (पुत्र), (8) सुश्री वीणा (पुत्री) । तत्पश्चात सुश्री निर्मल कोहली, सुश्री वीणा, श्री सतीश कुमार सूरी, श्री रमेश चंदर सूरी, सुश्री ममता जॉली, सुश्री रीता सहगल एवं सुश्री अंजू कुकरेजा ने अपनी-अपनी हिस्सेदारी रिलिंक्विशमेंट डीड दिनांक 13.01.2026 के माध्यम से श्री हरिश चंदर सूरी के पक्ष में त्याग दी। परिणामस्वरूप, श्री हरिश चंदर सूरी उपर्युक्त संपत्ति के पूर्ण एवं निर्विवाद स्वामी हैं। कृपया यह भी ध्यान दें कि वर्तमान में यह संपत्ति आरबीएल बैंक लिमिटेड (RBL Bank Ltd.), शाखा: ओखला नई दिल्ली के द्वारा वित्तपोषित (financed) द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ अश्वनी कुमार ],** अधिवक्ता
चेंबर संख्या-122, तहसील परिसर,
गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश
ईमेल:kumar2021ashwani@gmail.com

## PUBLIC NOTICE

This is to inform the general public at large that Muthoot Homefin (India) Ltd., having its branch office at Delhi, proposes to extend a financial facility to Mr. Ankit against the security of a Rosickential House admeasuring 35 Sq. Yds., bearing Khasra No. 32/4-M, situated at Aadarsh Colony, Biharipura, Gram Dundahera, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, Uttar Pradesh (hereinafter referred to as the "Said Property""). The Said Property was owned by Mrs. Poonam Updhyay W/o Mr. Devender Upadhyay, vide Sale Deed, duly registered as Document No. 5113 on 26.10.2010, duly registered in Sub Registrar I, Ghaziabad executed by Mr. Dharam Singh Urf Dhamman S/o Mr. Jagpat. During her lifetime, Mrs. Poonam Upadhyay executed a Notarized Will dated 10.08.2018, whereby she bequeathed the said property in favour of Mr. Devender S/o Mr. Amar Pal. Subsequently, Mrs. Poonam Upadhyay, W/o Mr. Devender Upadhyay, expired on 20.09.2022. This notice is being published for the purpose of declaration of legal heirs of Late Mrs. Poonam Upadhyay, as no Succession Certificate / Probate / Letter of Administration has been obtained in respect of the aforesaid Notarized Will. Any person(s), including legal heirs, having any claim, objection, right, title, interest, share, lien or dispute whatsoever in respect of the said property or the proposed financial facility are hereby required to submit their objections in writing, along with supporting documentary evidence, to the undersigned within 7 days from the date of publication of this notice to Adv. Rishi Maheshwari (Mobile: +91-9340118309). In case no objection is received within the stipulated period, it shall be presumed that there is no claim or objection from any person, and Muthoot Homefin (India) Ltd. shall proceed with the proposed financial facility at its own risk and responsibility, without any further reference.

**Rishi Maheshwari** (Advocate)
Office At : RZ-29, Upper Ground Floor, Bhagwati Garden Jain Road, Near Dwarka More New Delhi 110059.
Contact No- +91- 9340118309

## PUBLIC NOTICE

This is to inform that Mrs. Asha intends to purchase the Upper Ground Floor (Southern Portion) of the freehold property bearing No. BE-350A, measuring 100 sq. yds. (15' × 60') approx., forming part of Khasra No. 1917, situated in the area of Village Tihar, colony known as Hari Nagar, New Delhi, from Mr. Harish Chander Suri. The original owner of the entire property was Mrs. Veena Chhabra, who sold the same to Mr. Sunil Maini vide Sale Deed dated 01.06.1994. Thereafter, Mr. Sunil Maini sold the said plot to S. Nirmal Singh Lamba vide Sale Deed dated 20.12.2005. Subsequently, S. Nirmal Singh Lamba sold the property to Mr. Raja Ram Suri vide Sale Deed dated 31.03.2006. Thereafter, Mr. Raja Ram Suri executed a Will dated 24.06.2009 in favour of Mr. Harish Chander Suri. Unfortunately, Mr. Raja Ram Suri expired on 01.09.2013, leaving behind the following legal heirs: (1) Ms. Anju Kukreja (Daughter), (2) Mr. Harish Chander Suri (Son), (3) Ms. Mamta Jolly (Daughter), (4) Ms. Nirmal Kohli (Daughter), (5) Mr. Ramesh Chander Suri (Son), (6) Ms. Rita Sehgal (Daughter), (7) Mr. Satish Kumar Suri (Son), (8) Ms. Veena (Daughter). Thereafter, Mrs. Nirmal Kohli, Mrs. Veena, Mr. Satish Kumar Suri,Mr. Ramesh Chander Suri, Mrs. Mamta Jolly, Mrs. Rita Sehgal, and Mrs. Anju Kukreja relinquished their respective shares in favour of Mr. Harish Chander Suri through a Relinquishment Deed dated 13.01.2026. Consequently, Mr. Harish Chander Suri is the absolute owner of the aforementioned property. Please note that the said property is proposed to be financed by RBL Bank Ltd., Okhla Branch, New Delhi. If any person(s) objection & regarding subject property, then kindly may submit his/her objection within 07 days from the date of the Notice in writing. The said objection may be kindly sent to the undersigned by way of the Registered Post on the address given below and by E-mail. failing which, the claim as per aforesaid shall be treated as null and void in respect of the subject property.

ASHWANI KUMAR, Advocate
Chamber No. 122, Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.
kumar2021ashwani@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती अमिता, पत्नी श्री दिनेश कुमार, प्लॉट नंबर 182, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 7 मिन में से, जो ग्राम साद्दीकनगर, कॉलोनी ब्रिज नगरी, परगना लोनी, तहसील एवं जनपद गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है, को श्रीमती रहाना मलिक से क्रय करने की इच्छुक हैं। श्रीमती रहाना मलिक ने उक्त संपत्ति श्री राजवीर सिंह से बिक्री विलेख दिनांक 12.06.2008 द्वारा, दस्तावेज़ संख्या 5404 के अंतर्गत क्रय की थी। इसके पूर्व, श्री राजवीर सिंह ने उक्त संपत्ति श्री सलीम खान से बिक्री विलेख दिनांक 13.12.2000 द्वारा, दस्तावेज़ संख्या 9121 के अंतर्गत क्रय की थी। यह भी सूचित किया जाता है कि मूल चेन दस्तावेज़, अर्थात् बिक्री विलेख दस्तावेज़ संख्या 9121, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 1228, पृष्ठ संख्या 144-147, दिनांक 13.12.2000, जो उप-पंजीयक, गाजियाबाद में पंजीकृत था, गुम हो गया है। अत: उक्त मूल दस्तावेज़ उपर्युक्त संपत्ति के संबंध में उपलब्ध नहीं है। उक्त दस्तावेज़ों के गुम होने के संबंध में दिनांक 06.01.2026 को ऑनलाइन एफ.आई.आर. (लॉस्ट रिपोर्ट संख्या 20260000015107) दर्ज कराई गई है। कृपया यह भी अवगत रहे कि उक्त संपत्ति को केन फिन होम्स लिमिटेड (Canfin Homes Ltd) आरडीसी गाजियाबाद (RDC Ghaziabad), उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तपोषित किए जाने का प्रस्ताव है।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ अश्वनी कुमार ],** अधिवक्ता
चेंबर संख्या-122, तहसील परिसर,
गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश
ईमेल:kumar2021ashwani@gmail.com

## NAME CHANGE

I, MONA TYAGI wife of Shri VIKAS TYAGI, residing at 1052, Surajmal Enclave Sector-23, Sanjay Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201002, have Changed the name of my minor daughter MANYA TYAGI aged 11 years and she shall hereafter be known as MAANYA ATRRISH

## PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to public at large that my client Mr. Tarun Wadhwa is purchasing the BUILT UP PROPERTY BEARING PLOT NO. 256, AREA MEASURING 33.33 SQ. YARDS.(10'X30') OUT OF KHASRA NO. 63/7, SITUATED IN THE REVENUE ESTATE OF VILLAGE HASTSAL, DELHI STATE DELHI IN THE COLONY KNOWN AS BLOCK-R, MOHAN GARDEN, UTTAM NAGAR, NEW DELHI-110059 from Sh. Amrit Pal Singh who is the owner of the abovementioned property from GPA, Agreement to Sale & WILL dated 30/06/2025 and Intend to mortgage the said property with Aditya Birla Housing Finance Ltd. If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

Khaitan & Khaitan
Plot No. 100 ,2nd floor
Okhla Phase III, New Delhi
Ph. No: 011-49774545

## PUBLIC NOTICE

I, JITENDER PAL SINGH S/o SURJEET SINGH CHAWLA R/o 101/5, KRISHNA NAGAR, SAFDARJUNG ENCLAVE, NEW DELHI, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110029 have changed the name of my minor daughter HARLEEN CHAWLA aged 17 years and she shall hereafter be known as HARLEEN KAUR. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

## PUBLIC NOTICE

This is to inform you that Mr. Kamal Dewan, Mrs. Bimla Dewan, and Mr. Lalit Dewan are the owners of a property bearing No. 9992, admeasuring 580 Sq. Yds., out of Khasra No. 635/521/340, entered in Khatauni No. 136 and Khewat No. 125, situated in the area of Village Sadhora Khurd, known as New Rohtak Road, Sarai Rohilla, Delhi. Mrs. Kala Wati purchased the said property through a Release Deed dated 06.02.1967. Thereafter, she sold the said property to Mr. Dev Raj Dewan, Mr. Rakesh Dewan, Mrs. Bimla Dewan, Master Kamal Dewan, and Master Lalit Dewan (minor) through Mr. Dev Raj Dewan, as their father and natural guardian, vide Sale Deed dated 18.03.1988. Unfortunately, Mr. Dev Raj Dewan died intestate on 18.10.2020, leaving behind Mrs. Bimla Dewan (wife), Mr. Rakesh Dewan (son), Mr. Kamal Dewan (son), and Mr. Lalit Dewan (son) as his legal heirs. Further, Mr. Rakesh Dewan died on 10.05.2012, leaving behind Mrs. Gauri Dewan (wife), Ms. Simran Dewan (daughter), and Mr. Gaurav Dewan (son) as his only legal heirs.

Thereafter, Mrs. Gauri Dewan, Ms. Simran Dewan, and Mr. Gaurav Dewan released their respective shares in favour of Mr. Kamal Dewan through a Release Deed with consideration dated 10.08.2022. Please note that the original chain documents have been lost, namely the Release Deed dated 06.02.1967 (Regd. No. 1190) and the Sale Deed dated 18.03.1988 (Regd. No. 1449). Accordingly, the said original documents are not available in respect of the above-mentioned property.

An online FIR (Lost Report No. 21365/2026) was registered on 10.01.2026 regarding the loss of the aforementioned documents.Please also note that the said property is proposed to be financed by RBL Bank Limited, Okhla Branch, New Delhi.

If any person(s) objection & regarding subject property, then kindly may submit his/her objection within 07 days from the date of the Notice in writing. The said objection may be kindly sent to the undersigned by way of the Registered Post on the address given below and by E-mail. failing which, the claim as per aforesaid shall be treated as null and void in respect of the subject property.

**[ASHWANI KUMAR]** Advocate
Chamber No. 122, Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.
kumar2021ashwani@gmail.com

## NAME CHANGE

I, hitherto known as Anita W/O Yashveer R/O Murshadpur , Post Office Kasna , Distt: Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh -201310 have changed my name and shall hereafter be known as Sangeeta Kumari

## सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री नरेंद्र सिंह, पुत्र श्री वीरपाल सिंह, ग्राम सपनावत, परगना दासना, तहसील धौलाना, जनपद हापुड़, उत्तर प्रदेश में स्थित खसरा संख्या 786 का हिस्सा, 150 वर्ग गज (अर्थात् 125.46 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल की भूमि पर निर्मित एक मंज़िला मकान के स्वामी हैं। राजस्व अभिलेखों के अनुसार संपूर्ण संपत्ति के मूल स्वामी श्री जयपाल सिंह थे। तत्पश्चात् श्री वीरपाल सिंह ने उक्त मकान/प्लॉट अपने पुत्र श्री नरेंद्र सिंह के पक्ष में दिनांक 11.03.2024 को निष्पादित एवं पंजीकृत गिफ्ट डीड (दस्तावेज़ संख्या 4081) के माध्यम से हस्तांतरित किया। परिणामस्वरूप, श्री नरेंद्र सिंह उपर्युक्त संपत्ति के पूर्ण एवं वैध स्वामी हैं। कृपया यह भी ध्यान दें कि वर्तमान में यह संपत्ति आरबीएल बैंक लिमिटेड (RBL Bank Ltd.), शाखा: ओखला नई दिल्ली के द्वारा वित्तपोषित (financed) द्वारा किया जा रहा है।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ अश्वनी कुमार ],** अधिवक्ता
चेंबर संख्या-122, तहसील परिसर,
गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश
ईमेल:kumar2021ashwani@gmail.com

## NAME CHANGE

I Siddiki Faizmahmad Ikbalhusen Alias Siddiqui Faizmohmmed Iqbal S/o Mohammadiqbal R/o Ajmeri Flates-Block-303-3rd Floor, Matri Road, Nr.Bhatiya Dharmshala Raod, Junagadh, Gujarat - 362001, have changed my name to Siddiki Faizmahmad.

## NAME CHANGE

I Shagufta D/o Maqsood Ali R/o Jogi Tola, Manni Chauraha, Sitapur, Uttar Pradesh - 261001, have changed my name to Rizwana Begum.

## NAME CHANGE

I Jugudha W/o Usman R/o Chhanoiya, Sandila, Thana, Hardoi, Uttar Pradesh - 241204, have changed my name to Jubaida Khatoon.

## NAME CHANGE

I Bitan Mishra W/o Munnu Lal Mishra R/o Sargaon Khurd, VTC- Derapur, District- Kanpur Dehat, Uttar Pradesh - 209301, have changed my name to Vitan Kunwar.

## NAME CHANGE

I, BEENA DEVI W/o Nirdhan Choudhary R/o H.No.23, Khizrabad Village, New Friends Colony, Delhi-110025 ,have Changed my Name To SUGAVATI DEVI permanently

## NAME CHANGE

I, JALEKHA BIBI W/o Mohd Khokhan R/o 384,Indira Gandhi Camp-1, Near SPA Hospital Gate No.1, Taimoor Nagar, New Friends Colony, Delhi-110025, have changed my name to ZULEKHA BEGUM permanently.

## NAME CHANGE

I, Sucheta Mathur W/o Vishal Mathur R/o House No.342, Nirman Apartment, Mayur Vihar Phase-1 Extension, Delhi-110091 have changed my name to Sucheta Biswas.

## NAME CHANGE

I, NEHA ARORA D/O BHARAT BHUSHAN ARORA R/O D-60, MOHAN GARDEN, UTTAM NAGAR, DELHI-110059, NEHA ANEJA FOR ALL FUTURE PURPOSES

## NAME CHANGE

I, ZULEKHA BEGUM W/o Mohd Khokhan R/o 384,Indira Gandhi Camp-1, Near SPA Hospital Gate No.1, Taimoor Nagar, New Friends Colony, Delhi-110025, Declare that name of JALEKHA BIBI and ZULEKHA BEGUM both are same person.

## NAME CHANGE

I, SUGAVATI DEVI W/o Nirdhan Choudhary R/o H.No.23, Khizrabad Village, New Friends Colony, Delhi-110025 , Declare that name of BEENA DEVI and SUGAVATI DEVI both are same person.

## NAME CHANGE

It is for general information that I MEHAR ALI SEIKH S/O SUKUR ALI SEIKH R/O Balijuri, Balijuri, Manteswar, Purba Bardhaman - 713145 Presently Residing at F – 44, Gali No. 2, F Block, Shastri Park Seelampur, North East Delhi, Delhi - 110053 declare that the name of mine and my Father has been wrongly written as SHEIKH MEHAR ALI and SHAKUR ALI SHEIKH in my Aadhar No. 3598 3210 9660. The actual name of mine and my father are MEHAR ALI SEIKH and SUKUR ALI SEIKH, which may be amended accordingly.

## NAME CHANGE

I, SONIYA CHAMBYAL MAMYOTRA W/O RAJEEV MAMYOTRA R/O FLAT NO-001,UPPER GROUND FLOOR,BHARAT RESIDENCY,PLOT NO-95E,CHANDER NAGAR,SECTOR-15 PART-2, GURGAON, HARYANA-122001, HAVE CHANGED MY NAME TO SONIYA CHAMBYAL FOR ALL FUTURE PURPOSES

## NAME CHANGE

I Hanuman Singh S/o Ram Dayal R/o G-846, shakurpur, Delhi 110035 have changed my name to Hanuman for all future purposes.

## नाम परिवर्तन

यह आम जानकारी के लिए है कि मैं, संतोष ठाकुर, पिता राम पीट ठाकुर, निवासी मकान नंबर-808, देवी मंदिर लाल डोरा, रिठाला गांव, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110085, यह घोषणा करता हूं कि मेरे, मेरी पत्नी और मेरे नाबालिग बेटे का नाम मेरे 15 साल के नाबालिग बेटे मनीष ठाकुर के स्कूल रिकॉर्ड में गलती से संतोष कुमार, सुधांशी और मनीष लिखा गया है। मेरे, मेरी पत्नी और मेरे नाबालिग बेटे के असली नाम संतोष ठाकुर, सुगंती देवी और मनीष ठाकुर हैं।

## NAME CHANGE

I, Raurale Pratiksha Shridharrao D/o Shirdhar Raurale R/o 624A, Upper Ground Floor, Front Side Flat, Baba Faridpuri, Patel Nagar, New Delhi-110008 have changed my name to Pratiksha Shridhar Raurale for all future purposes.

## NAME CHANGE

I, hitherto known as YASHRAJ CHAUHAN Alias ROHANN CHAUHAN S/O ATUL CHAUHAN R/O House No-WZ-170c, Near-Satyam Cinema Khampur, Patel Nagar, New Delhi, Central Delhi, Delhi-110008, have changed my name and shall hereafter be known as ROHANN CHAUHAN.

## NAME CHANGE

I, Prachi Singh D/o Shri Jaswant Singh R/o Khasra No. 17/22/23 and 1, Goyla 20/3/3, Gali No. 10, Near Sainik School, Qutub Vihar, Phase Dairy, Goyla Khurd, South West Delhi, Delhi-110071, declare that my name is wrongly mentioned as Prachi in 10th and 12th marksheet and certificate but in my Aadhar Card and all documents my name is Prachi Singh. And both names Prachi and Prachi Singh is one and same person.

## NAME CHANGE

I hitherto known as Safiruddin S/O Fajalur Rahaman,R/O 173, Kali Basti Jhuggi, A and B Block Hastsal, Uttam Nagar, PO: D.k Mohan Garden, DIST: West Delhi, Delhi - 110059 have change my name and shall hereafter be known as MOLANA SAFIR.

## खोया पाया

मैं, रमेश शर्मा उर्फ (रमेश लाल शर्मा) बेटा उदय भान शर्मा, निवासी E-32, गली नंबर-5, जनता गार्डन, पांडव नगर, दिल्ली-110091, इस प्रॉपर्टी के मेरे GPA के कुछ ओरिजिनल पेपर्स, पिछली चैन की तारीख 06/05/1982, खो गए हैं, जिसके मालिक का नाम ओम प्रकाश शर्मा बेटा चंडी मल था, GPA पेपर्स जिसे दिल्ली के नोटरी पब्लिक ने अटेस्ट किया था। अगर मिल जाए तो रमेश शर्मा से कांटेक्ट करें - 9878977767

## NAME CHANGE

I, DEEPAK AGGARWAL S/O KASTURI LAL R/O H NO-C-49 RADHEY PURI GALI NO-3 KRISHNA NAGAR DELHI-110051 have changed my name to DEEPAK KUMAR for all future purpose.

## NAME CHANGE

I, Hiba Shahid D/o Shahid Anwar R/o 3163, 3rd Floor, Kucha Tara Chand, Darya Ganj, New Delhi - 110002 do hereby solemnly and declare that my full name including my surname is HIBA SHAHID D/o Shahid Anwar instead of HIBA should be read for all future purposes.

## NAME CHANGE

I VIRENDRA CHAUHAN S/O OM PRAKASH R/O F-495 POCKET -2, DWARKA SECTOR -19 DELHI-110075, I have changed my name to VIRENDER KUMAR Permanently for all Future purpose.

## NAME CHANGE

I PREETI GOYAL W/O NISHANT GOYAL R/O A1/102 MILAN VIHAR IP EXTENSION PATPARGANJ DELHI -110092 , I have changed my minor Daughter name to NAYSHA TO NAYSHA GOYAL

## NAME CHANGE

I, SAVITA, is legally mother of Army No. 2820996M, Rank – Sep, Name – SHINDE PRASHANT SHYAMSUNDAR, At – Neknoor, Post – Neknoor, Teh – Beed, Dist – Beed, State – Maharashtra, Pin – 431125, have changed my name from SAVITA to SAVITA SHAMSUNDAR SHINDE for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

It is for general information SHUSHANT DAS S/O SUSHIL DAS R/O 86, Rajsthani Camp, Sarita Vihar, South Delhi, Delhi-110076 declare that name of mine and my father has been wrongly written as SHUSHANT and SHUSHIL CHANDER DAS in my all educational documents. The actual name of mine and my father are SHUSHANT DAS and SUSHIL DAS respectively which may be amended accordingly

## NAME CHANGE

I, Divyandu Pandey S/O Kaushal Kishore Pandey R/O Flat No 906, Tower A2, Jkg Palm Court, Greater Noida West, Gautam Budha Nagar, Up- 201318 Have Changed My Name to Divyendu Pandey for All Future Purposes.

## NAME CHANGE

I, SHINDE SHYAMSUNDAR, is legally father of Army No. 2820996M, Rank – Sep, Name – SHINDE PRASHANT SHYAMSUNDAR, At – Neknoor, Post – Neknoor, Teh – Beed, Dist – Beed, State – Maharashtra, Pin – 431125, have changed my name from SHINDE SHYAMSUNDAR to SHAMSUNDAR BHANUDAS SHINDE for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, hitherto known as AWADHESH PAL S/O KANHIYA LAL R/O 2231, 170, TRI NAGAR, GANESHPURA, PO-ONKAR NAGAR, DIST-NORTH WEST DELHI, DELHI-110035 have changed my name and shall hereafter be known as AVDESH PAL.

## NAME CHANGE

I hitherto known as Rajan S/O Chander Bhan R/O A-203 Karam Pura Karam Pura Ramesh Nagar West Delhi Delhi -110015, have change my name and shall hereafter be known as Rajan Kumar.

## NAME CHANGE

I, Vishnu S/o Surender R/o 125/25, Gandhi Chowk, Jain Mandir Gali, Bahadurgarh, Jhajjar-124507, Haryana have changed my name to Vishnu Verma for all future purposes.

## NAME CHANGE

I hitherto known as POOJA CHATURVEDI SHARMA D/O ANIL CHATURVEDI W/O AMIT SHARMA R/O C - 419 Second Floor , VTC : Vikas Puri , PO : Tilak Nagar , Sub Dist : Rajouri Garden, West Delhi, Delhi - 110018 have changed my name and shall hereafter be known as POOJHA CHATURVEDI SHHARMA.

## NAME CHANGE

I hitherto known as SHIFA SHARMA D/O AMIT SHARMA R/O C - 419 Second Floor , Vikas Puri , VTC : Vikas Puri , PO: Tilak Nagar, Sub Dist: Rajouri Garden, West Delhi, Delhi - 110018 have changed my name and shall hereafter be known as SHIFAA SHARRMA.

## NAME CHANGE

I Ravi Kumar Gulati/ Ravi Kumar S/o Suraj Parkash R/o A1/278, 1st floor, Tilak Pul Bus Stop, Janakpuri, B - 1, S.O, Delhi - 110058 have changed my name to Ravi Gulati for all future purposes.

## PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to public at large that my client Mr. Tarun Wadhwa is purchasing the BUILT UP PROPERTY BEARING PLOT NO. 256, AREA MEASURING 33.33 SQ. YARDS.(10'X30') OUT OF KHASRA NO. 63/7, SITUATED IN THE REVENUE ESTATE OF VILLAGE HASTSAL, DELHI STATE DELHI IN THE COLONY KNOWN AS BLOCK-R, MOHAN GARDEN, UTTAM NAGAR, NEW DELHI-110059 from Sh. Amrit Pal Singh who is the owner of the abovementioned property from GPA, Agreement to Sale & WILL dated 30/06/2025 and Intend to mortgage the said property with Aditya Birla Housing Finance Ltd. If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

## NAME CHANGE

I, AJAY MACHLA S/o BUDH RAM, R/o H NO-B-449, SANGAM PARK, RANA PRATAP BAGH, DELHI-110007 have changed my name to AJAY for all future purposes.

## NAME CHANGE

I NIYAZ MOHAMMED S/O MUNSHI KHAN R/O C-2/63, RAJU PARK KHANPUR, DELHI-110062. have changed my name to NIYAZ MOHAMMAD for all future purpose.

## NAME CHANGE

I, MRS HIRA Wife of No-15702048L Rank-HAV Name-AMARJIT KUMAR Presently residing at VILL-RUSULPUR KARIAT, PO-PANAPUR KARIAT, PS-KANTI, DIST-MUZAFFARPUR BIHAR-843109, have changed my name from MRS HIRA to HIRA KUMARI for all future purposes vide Affidavit dated 19/01/2026 before Notary Public, Delhi.

## NAME CHANGE

I SAKSHI TANEJA D/O SANJIV MANOCHA R/O FLAT NO-306, SHIVALIK APARTMENT, SECTOR-46, FARIDABAD, HARYANA-121010 have changed my name to SAKSHI MANOCHA for all future purpose.

## NAME CHANGE

I SANJEEV KUMAR MANOCHA S/O DARSHAN LAL R/O FLAT NO-306, SHIVALIK APARTMENT, SECTOR-46, FARIDABAD, HARYANA-121010 have changed my name to SANJEEV MANOCHA for all future purpose.

## NAME CHANGE

I, No-6502371P Rank-SEP Name-DEENARAM SINHA Presently residing at VPO-JAMGAON, BLOCK FINGESHWAR, DIST-GARIYABAND, CHHATTISGARH-493992, have changed my mother's name from DEVAKI SINHA to DEVKI BAI SINHA for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 03/03/1982 instead of her correct date of birth as 01/01/1979 vide Affidavit dated 19/01/2026 before Notary Public, Delhi.

## NAME CHANGE

I, PURKAR JANARDHAN DAMODHAR, is legally father of Army No. 2808800F, Rank – Hav, Name – PURKAR NAVNATH JANARDHAN, At – Dhondgavhan, Post – Dhondgavhan, Teh – Chandwad, Dist – Nashik, State – Maharashtra, Pin – 422209, have changed my name from PURKAR JANARDHAN DAMODHAR to JANARDHAN DAMODAR PURKAR and date of birth from 11/08/1962 to 05/10/1963 for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, SUSHABAI, is legally mother of Army No. 2820987L, Rank – Sep, Name – KHUTAL TUSHAR KAILAS, R/o At – Mangrul, Post – Mangrul, Teh – Junnar, Dist – Pune, State – Maharashtra, Pin – 412410, have changed my name from SUSHABAI to SUSHILA KAILAS KHUTAL for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, NEETA TUKARAM JADHAV is legally Wife of No. 13627523A Rank-L/HAV Name-JADHAV TUKARAM RAMCHANDRA Presently resident of VILL-KHIRKHINDI, PO-EKAMBE, TEH-KOREGAON, DIST-SATARA (MAHARASHTRA)-415501, have changed my name from NEETA TUKARAM JADHAV to NITA TUKARAM JADHAV for all future pur-poses. vide affidavit dated 03.01.2026 Before Public Notary Delhi.

## Court Notice

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (TESTAMENT INTESTATE, JURISDICTION)
CITATION U/s 283, INDIAN SUCCESSION ACT, 1925
In the matter of TEST. CAS. No. 111/2025.

HARMEET KOHLI
....**PETITIONER**
Versus
STATE GOVT. OF NCT DELHI AND ANR.
....**RESPONDENTS**

To,
All Concerned.
In the matter of estate of Late Mrs. Kuldip Kaur Sawhney W/o. Late Sh. S. Surjit Singh Sawhney, R/o. E-31, Ground Floor, Greater Kailash-III, Masjid Moth, New Delhi-110048.
Whereas Ms. Harmeet Kohli D/o. Late Sh. Surjit Singh, Permanent R/o. 1326, Kings Hwy, Swedeabora, New Jersey-080851615 and Presently Residing at Flat No. 23-D, Block-K, Saket, New Delhi has filed a Petition under Section 276 read with Section 300 of Indian Succession Act, 1925 for grant of Probate of the Will dated 05.07.2023 in respect of estate of Late Mrs. Kuldip Kaur Sawhney, Deceased.
And whereas the aforesaid case is fixed for hearing on 16.02.2026 at 11:00 a.m. before Joint Registrar (Judicial) of this Court. This Citation is issued in terms of Section 283 of the said Act to all persons claiming to have any interest in the property/properties of the said deceased to come to this Court, file objections, if any, and take part in the proceedings on the date specified above for the grant of Probate.
Given under my hand and the seal of this Court, in terms of the orders dated 11.12.2025.
Assistant Registrar (0)
For REGISTRAR GENERAL, SPS

## NAME CHANGE

I, MANISHA, is legally wife of Army No. 2806092F, Rank – Hav, Name – MANE DADASO TULSHIRAM, R/o-Khairwada, Kherade Wangi Road At/Post – Mhasurne, Teh – Khatav, Dist – Satara, State – Maharashtra, Pin – 415538, have changed my name from MANISHA to MANISHA DADASO MANE for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I hitherto known as Koshal S/o Vikram Singh, R/O Rasulpur, Bulandshahr, Uttar Pradesh - 202398, have change my name and shall hereafter be known as KAUSHINDRA.

## NAME CHANGE

I, DEOKAR PRAKASH MARUTI, is legally father of Army No. 2815089H, Rank – Sep, Name – DEOKAR SAGAR PRAKASH, At – Takali, Post – Takali, Teh – Kopargaon, Dist – Ahmednagar (Ahilyanagar), State – Maharashtra, Pin – 423601, have changed my name from DEOKAR PRAKASH MARUTI to PRAKASH MARUTI DEOKAR for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I,KUMNNA GURAV, is legally father of No. JC 462540P, Rank – Sub, Name – RAMLING GURAV, 5 Maratha LI, R/o At. Janewadi, Post-Navge, Tahsil-Belagavi, District-Belagavi, State-Karnataka, Pin No-590014, have changed my name from KUMNNA GURAV to KUMMANNA ANNU GURAV and date of birth from 19/01/1942 to 01/01/1948 for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, SHOBHA, is legally mother of Army No. 2820243A, Rank – Nk, Name – JAGADALE ROHIT DATTATRAY, At – Rajavadi, Post – Bijawadi, Teh– Man, Dist – Satara, Pin – 415508, have changed my name from SHOBHA to SHOBHA DATTATRAY JAGADALE for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, JAGADALE DATTATRAY DNYANDEV, is legally father of Army No. 2820243A, Rank – Nk, Name – JAGADALE ROHIT DATTATRAY, At – Rajavadi Post – Bijawadi Teh– Man, Dist – Satara, Pin – 415508, have changed my name from JAGADALE DATTATRAY DNYANDEV to DATTATRAY DNYANDEV JAGADALE for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, DRUPADABAI , is legally mother of Army No. 2821933W, Rank – Sep, Name – WAGH AMOL DASHRATH, At – Dhalsawangi, Post – Dhalsawangi, Teh – Buldana, Dist – Buldana, State – Maharashtra, Pin – 443106, have changed my name from DRUPADABAI to DRUPADABAI DASHRATH WAGH for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, WAGH DASHRATH BHIMRAO, is legally father of Army No. 2821933W, Rank – Sep, Name – WAGH AMOL DASHRATH, At – Dhalsawangi, Post – Dhalsawangi, Teh – Buldana, Dist – Buldana, State – Maharashtra, Pin – 443106, have changed my name from WAGH DASHRATH BHIMRAO to DASHRATH BHIMRAO WAGH for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, LAXMIBAI, is legally mother of Army No. 2821555H, Rank – Sep, Name – SABLE VISHNU, At – Georai Paiga, Post – Georai Paiga, Teh – Phulambri, Dist –Aurangabad (Chatrapati Sambhajinagar), State – Maharashtra, Pin – 431134, have changed my name from LAXMIBAI to LAXMIBAI BHAURAO SABLE for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, NALAWADE SUBHASH SOPAN is a real father of No. JC-462819N Rank NB SUB Name NALAWADE SACHIN SUBHASH presently residing VILL- ALJAPUR POST- ADARKI BK TEH-PHALTAN DIST-SATARA (MAHARASHTRA)-415537 have changed my name from NALAWADE SUBHASH SOPAN to SUBHASH SOPANRAO NALAWADE and date of birth from 07/09/1955 to 20/05/1954 for all future purposes. Vide affidavit dated 22.12.2025 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, hitherto known as INTZAR, son of ANWAR HUSAIN, resident of 10-P, Auchandi Road, Bawana, North West Delhi, Delhi-110039, have changed my name and shall hereafter be known as IVAAN.

## PUBLIC NOTICE

Information is given to general public at large that our client Mr. Akhtar Ali S/o Mr. Nashir Ahmed is the owner of Freehold Residential Built-up House, with roof Rights, area measuring 50 sq. yard. i.e., 41.805 Sq. Mtrs., Out of Khasra No. 647 A, Situated in the area of Village Noor Nagar, Pargana Loni, Tehsil & Distt. Ghaziabad, U.P. by virtue of Gift Deed dated 04.11.2025 Vide Doc. No. 13369, Vol No. 23110, Book No. 1, Page No. 255-284, SRO-Sadar II, Ghaziabad., in the chain document below mentioned documents not available i.e. Death Certificate & SMC of Mrs. Nasim Begum W/o Mr. Nashir Ahmed., now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same has been finance by Piramal Finance Ltd. Branch: Pitampura, Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]** Advocate
1/566-A, Ground Floor, Sector-1, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010. (Contact at 09958871432)

## NAME CHANGE

I, YASHODA, is legally mother of Army No. 2806092F, Rank – Hav, Name – MANE DADASO TULSHIRAM, At /Post – Mhasurne, Teh – Khatav, Dist – Satara, State – Maharashtra, Pin – 415538, have changed my name from YASHODA to YASHVADHA TULSHIRAM MANE and date of birth from 29/07/1965 to 01/01/1974 for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I Neelam Devi W/O: Umesh Kumar,R/O Hno- 6, ward no 7, Hodal, Palwal, Haryana, 121106,have change my name to NEELAM RANI.

## NAME CHANGE

I, TULSABAI, is legally mother of Army No. 2821381N, Rank – Sep, Name – KOLHE SHUBHAM BANDU, At – Kelgaon, Post – Kelgaon, Teh – Sillod, Dist – Aurangabad (Chh. Sambhajinagar), State – Maharashtra, Pin – 431112, have changed my name from TULSABAI to TULSABAI BANDU KOLHE for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, KOLHE BANDU, is legally father of Army No. 2821381N, Rank – Sep, Name – KOLHE SHUBHAM BANDU, At – Kelgaon, Post – Kelgaon, Teh – Sillod, Dist – Aurangabad (Chh. Sambhajinagar), State – Maharashtra, Pin – 431112, have changed my name from KOLHE BANDU to BANDU SHENFADU KOLHE for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I VIRENDRA CHAUHAN S/O OM PRAKASH R/O F-495 POCKET -2, DWARKA SECTOR -19 DELHI-110075, I have changed my name to VIRENDER KUMAR Permanently for all Future purpose

## NAME CHANGE

I, MANGAL, is legally mother of Army No. 2815089H, Rank – Sep, Name – DEOKAR SAGAR PRAKASH, At – Takali, Post – Takali, Teh – Kopargaon, Dist – Ahmednagar (Ahilyanagar), State – Maharashtra, Pin – 423601, have changed my name from MANGAL to MANGAL PRAKASH DEOKAR and date of birth from 25/07/1972 to 01/01/1966 for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

It is for general information that I, DINESH SINGH S/o VIJAY SINGH R/o PLOT NO-76A, HOUSE NO-76A, GROUND FLOOR, KHASRA NO-50/3, GALI NO-41, GOPAL NAGAR, SARASWATI ENCLAVE, NAJAFGARH, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110043, declare that name of my mother has been wrongly written as VEERA DEVI in my 10 th and 12 th Class Educational Documents. The actual name of my mother is BIRA DEVI, which may be amended accordingly.

## NAME CHANGE

I, LATABAI, is legally mother of Army No. 2811400A, Rank – Sep, Name – AWATADE PRAKASH BHIKAJI, At – Borala Jh, Post – Khandala (Shinde), Teh – Malegaon, Dist – Washim, State – Maharashtra, Pin – 444504, have changed my name from LATABAI to LATABAI BHIKAJI AWATADE and date of birth from 20/04/1966 to 01/01/1971 for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, TULSHIRAM, is legally father of Army No. 2806092F, Rank – Hav, Name – MANE DADASO TULSHIRAM, At/Post – Mhasurne, Teh – Khatav, Dist – Satara, State – Maharashtra, Pin – 415538, have changed my name from TULSHIRAM to TULSHIRAM GOVIND MANE and date of birth from 29/07/1960 to 01/06/1959 for all future purposes. Vide affidavit dated 19/01/2026 before Public Notary Delhi.

## NAME CHANGE

I, PARIN S/o PARDEEP KUMAR residing at H NO-70, YASHODA SADAN, NEW AGGARSAIN COLONY, HISAR, HARYANA-125001, have changed my name from PARIN to PARIN VERMA for all future purposes vide Affidavit dated 19/01/2026 before Notary Public, Delhi.

## NAME CHANGE

I, PARDEEP KUMAR Father of PULIN residing at H NO-70, YASHODA SADAN, NEW AGGARSAIN COLONY, HISAR, HARYANA-125001, have changed my minor son's name from PULIN to PULIN VERMA for all future purposes vide Affidavit dated 19/01/2026 before Notary Public, Delhi.

## NAME CHANGE

I, SUJATA DEVI mother of No. 15720979X Rank-NK Name-HARERAM YADAV residing at 76, WARD NO-24, CAMP-2, NEW SANTOSHI PARA, BHILAI 1, DURG, CHATTISGARH-490001, have changed my name from SUJATA DEVI to SUGANDHI YADAV for all future purposes Vide Affidavit dated 19/01/2026 before Notary Public Delhi.

## NAME CHANGE

I Budhilsh Chander Baweja S/o Dharam Chand Baweja, 1/11102 F/F, SUBHASH PARK, NEAR-PARK, Shahdara, PO: Shahdara, DIST: North East Delhi, Delhi 110032 have changed my name to Budhish Baweja for all future purposes.

## Date of Birth Changed

I, KALPANA PRAKASH FUNDE is legally wife of No. JC-293649 M Rank-SUB Name-FUNDE PRAKASH HARISHCHANDRA Presently resident of VILL-COTHA, PO-RAJURWADI TEH-GHATANJI, DIST-YAVTMAL (MAHARASHTRA)-445301, have changed my date of birth from 23/12/1989 to 01/08/1985 for all future purposes. Vide affidavit dated 08.01.2026 before Public Notary Delhi.

## सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री कमल देवान, श्रीमती बिमला देवान एवं श्री ललित देवान संपत्ति संख्या 9992, क्षेत्रफल 580 वर्ग गज, खसरा संख्या 635/521/340, खतौनी संख्या 136 एवं खेवट संख्या 125 में दर्ज, जो कि ग्राम साधोरा खुर्द, जिसे न्यू रोहतक रोड, सराय रोहिल्ला, दिल्ली के नाम से जाना जाता है, स्थित संपत्ति के स्वामी हैं। श्रीमती काला वती ने उक्त संपत्ति को दिनांक 06.02.1967 के रिलीज़ डीड के माध्यम से क्रय किया था। तत्पश्चात, उन्होंने उक्त संपत्ति को दिनांक 18.03.1988 के विक्रय विलेख द्वारा श्री देव राज देवान, श्री राकेश देवान, श्रीमती बिमला देवान, मास्टर कमल देवान एवं मास्टर ललित देवान (नाबालिग) के पक्ष में, उनके पिता एवं प्राकृतिक अभिभावक श्री देव राज देवान के माध्यम से विक्रय किया। दुर्भाग्यवश, श्री देव राज देवान का दिनांक 18.10.2020 को बिना वसीयत के निधन हो गया, जिनके पश्चात उनकी विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती बिमला देवान (पत्नी), श्री राकेश देवान (पुत्र), श्री कमल देवान (पुत्र) एवं श्री ललित देवान (पुत्र) हैं। इसके अतिरिक्त, श्री राकेश देवान का दिनांक 10.05.2012 को निधन हो गया, जिनके पश्चात उनकी विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती गौरी देवान (पत्नी), सुश्री सिमरन देवान (पुत्री) एवं श्री गौरव देवान (पुत्र) हैं। तत्पश्चात, श्रीमती गौरी देवान, सुश्री सिमरन देवान एवं श्री गौरव देवान ने दिनांक 10.08.2022 के प्रतिफल सहित रिलीज़ डीड के माध्यम से अपनी-अपनी हिस्सेदारी श्री कमल देवान के पक्ष में त्याग दी। यह भी सूचित किया जाता है कि मूल श्रृंखला दस्तावेज गुम हो गए हैं, जिनमें दिनांक 06.02.1967 की रिलीज़ डीड (पंजीकरण संख्या 1190) एवं दिनांक 18.03.1988 की विक्रय विलेख (पंजीकरण संख्या 1449) सम्मिलित हैं। अत: उक्त संपत्ति से संबंधित मूल दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। उक्त दस्तावेजों के गुम होने के संबंध में दिनांक 10.01.2026 को ऑनलाइन एफआईआर (लॉस्ट रिपोर्ट संख्या 21365/2026) दर्ज कराई गई है। कृपया यह भी अवगत रहे कि उक्त संपत्ति को आरबीएल बैंक लिमिटेड (RBL BANK LTD) ओखला शाखा, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित किए जाने का प्रस्ताव है।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य

**[ अश्वनी कुमार ],** अधिवक्ता
चेंबर संख्या-122, तहसील परिसर,
गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश
ईमेल:kumar2021ashwani@gmail.com

**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## सोनीपत में विधायक ने शुरू की 76 लाख की विकास परियोजनाएं

**एजेंसी**

**सोनीपत।** सोनीपत में विकास कार्यों की औपचारिक शुरुआत की गई। विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन ने पूर्व निगम पार्षद सुरेंद्र मदान के साथ नारियल तोड़कर 76 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सेक्टर14 मार्केट और आदर्श नगर में प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वेंगी योजना के अंतर्गत विधायक निधि कोष से 30 लाख रुपए कीलागत से सेक्टर 14 मार्केट का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इस योजना में मार्केट की पूरी इंटरलॉकिंग टाइल्स हटाकर नई और आकर्षक टाइल्स लगाई जाएंगी। साथ ही पूरे क्षेत्र में सजावटी प्रकाश व्यवस्था की जाएगी, लोगों के बैठने के लिए बेंच लगाए जाएंगे और स्टील की रेलिंग लगाकर मार्केट को सुव्यवस्थित स्वरूप दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त पहचान के लिए आई लव सोनीपत का बोर्ड भी लगाया जाएगा।विधायक ने कहा कि आने वाले समय में विधायक निधि कोष से लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। इनमें गलियों को पक्का करना, चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों का सौंदर्यीकरण शामिल है। इन कार्यों से शहर की सुंदरता बढ़ेगी और नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

## भाजपा सरकार किसानों के साथ,15 दिन में होगा समस्याओं का समाधान

**जींद।** उचाना विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के साथ खड़ी है। हरियाणा प्रदेश ऐसा प्रदेश है जहां 24 फसलें एमएसपी पर खरीदी जाती है। आज पूरे देश में किसान हित में अनेकों योजनाएं शुरू की है। उचाना विधायक देवेंद्र अत्री उचाना खुर्द गांव में देशभक्त किसान चौपाल के दौरान शिकायतें सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। चौपाल में जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, जिला प्रभारी मदन लाल गोयल प्रमुख रूप से पहुंचे। आसपास के गांव से पहुंचे ग्रामीणों, किसानों ने अपनी समस्याओं को रखा। करीब तीन घंटे तक चली देशभक्त किसान चौपाल में 228 शिकायत आई। खेतों फैमली आईडी, पीने के पानी से संबंधित शिकायत अधिक रही। कई समस्याओं के समाधान को लेकर मौके पर मौजूद कई विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश देने के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। जिन समस्याओं का समाधान उचाना नहीं होगा उनका जींद होगा जिनका जींद नहीं होगा उनका चंडीगढ़ से 15 दिन के अंदर करवाना सुनिश्चित किया गया। विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंत्योदय तक जाना है। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभ मिले ये सरकार की सोच है। पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सिंह सैनी ने अंत्योदय की सोच को साकार करने का काम किया है। आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है ये देश भक्तों की देन है। हमारे देशभक्तों ने जो किया है उनकी वजह से हम खुली हवा में सांस ले रहे है ये चौपाल उनको समर्पित है।

## अहलावत खाप ने पुलिस मुठभेड़ को बताया फर्जी, पकड़े गए युवकों को छोड़ने की मांग

**झज्जर।** झज्जर में बीती 15 जनवरी को हुई पुलिस मुठभेड़ पर अहलावत खाप ने सवाल उठा दिए हैं। डीघल में हुई खाप की पंचायत में ग्रामीणों ने गांव के निवासी पंकज और तीन अन्य युवाओं के खिलाफ दर्ज मुठभेड़ वाले केस को तुरंत रद्द करने और तीनों गिरफ्तार युवाओं को रिहा करने की मांग की। पंचायत ने कहा कि पुलिस ने पंचायत की मांगों पर एक सप्ताह के भीतर संज्ञान नहीं लिया तो अगले सप्ताह फिर पंचायत बुलाई जाएगी। मुठभेड़ में घायल हुए पंकज के पिता भाजपा नेता और केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन आनंद सिंह ने कहा कि हम अपनी इज्जत चली जाने तक नहीं झुकेंगे। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रवक्ता प्रदीप अहलावत ने कहा कि उनके भाई पंकज को पंचायत को सौंपा जाए। मामले की जांच में आवश्यकता हुई तो खाप पंचायत पंकज को पुलिस के समक्ष प्रस्तुत कर देगी। इस मुठभेड़ में पंकज पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया था। इस घटना में पुलिस टीम का एक सहायक उप निरीक्षक भी घायल हुआ था। पुलिस का कहना है कि सहायक उप निरीक्षक को पंकज द्वारा चलाई गई गोली लगी थी। पंकज के घायल होने के बाद से ही उनका परिवार मुठभेड़ को फर्जी बता रहा है। पंकज के पिता आनंद सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस पंकज को अपनी गाड़ी में ले गई। वह उसे खेतों में ले गए, जहां दो-तीन पुलिस कर्मचारियों ने पंकज को नीचे गिरा लिया और उसके ऊपर बैठकर उसके पांव में गोली मार दी।

## महिला से अश्लील हरकत करने पर निलंबित एएसआई के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** सदर थाना क्षेत्र के गांव में शराब के नशे में एक महिला के घर में घुस अश्लील हरकत करने वाले एएसआई यशवीर के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने अश्लील हरकत करने सहित विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में एएसआई को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना के तहत आने वाली एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात को घर में अपने बेटे का जन्मदिन मना रहे थे। रात को साढ़े 11 बजे यशवीर उनके घर पहुंचा और दरवाजे पर लात मार कर उसे खोल दिया। आरोप है कि यशवीर ने उसका हाथ पकड़ कर उसे दूसरे कमरे में खींचने की कोशिश की। जब उसने विरोध किया तो एएसआई ने उन्हें धमकी दी। उनके घर में उसकी मां, दूसरी बहन, बेटा थे, जो सभी डर से सहम गए। आरोपित ने बेटी के साथ भी गाली गलौज की।

# वीबी जी राम जी हरियाणा में हर श्रमिक को होगा 10 हजार का फायदाः नायब सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी जी राम जी) को श्रमिकों के जीवन स्तर को और ऊंचा उठाने के लिए एक मजबूत नींव बताते हुए कहा कि इससे हरियाणा के प्रत्येक श्रमिक को दस हजार रुपये अधिक मिलेंगे। नायब सिंह सैनी पंचकूला में वी बी-जी राम जी राज्य स्तरीय सम्मेलन में श्रमिकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल रोजगार देने की योजना नहीं है बल्कि मेहनतकश लोगों के जीवन को ऊंचा उठाने, उनको सम्मान देने और उनका स्वाभिमान बनाए रखने की योजना है। सैनी ने कहा कि मनरेगा की विसंगतियों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025' को देश के सामने रखा। उन्होंने कहा कि इस नए कानून के तहत रोजगार की वैधानिक गारंटी को 100 दिनों से



बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। यही नहीं, नए कानून में राज्यों को फसल बुवाई और कटाई के समय 60 दिन के लिए काम रोकने का अधिकार भी दिया गया है। इससे श्रमिकों को इन 60 दिनों का काम तो मिलेगा ही, विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत भी 125 दिन का काम मिलेगा। इससे पूरे भारत वर्ष में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार रुपये से अधिक की बढ़ोतरी होगी। हरियाणा में हर श्रमिक को कम से कम 10 हजार रुपये अधिक मिलेंगे। हरियाणा में प्रतिदिन देश में सर्वाधिक 400 रुपये की दर से न्यूनतम मजदूरी दी जाती है। इसे हर श्रमिक की वार्षिक आय कम से कम 50 हजार रुपये हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब 15 दिन की जगह साप्ताहिक वेतन भुगतान की व्यवस्था की गई है, ताकि मजदूर को समय पर उसका पैसा मिल सके। ये सभी प्रावधान यह सुनिश्चित करते हैं कि अब न तो फर्जी मजदूर होंगे, न फर्जी काम होगा और न ही फर्जी भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2014 से अक्टूबर 2025 तक श्रमिकों को पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है, जबकि कांग्रेस के दस वर्षों में यह आंकड़ा दो हजार करोड़ रुपये से भी कम था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब 100 दिनों की बजाय 125 दिन का काम मिलेगा, जिससे अतिरिक्त रोजगार मिलने से उनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी और जीवन स्तर ऊंचा होगा। इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी,राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा,रेखा शर्मा, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता हरियाणा मनरेगा मेट मजदूर संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे ।

## गीता कर्मयोग का पथ दिखाकर जीवन को बनाती है सार्थक : सुरेंद्र पंवार

**एजेंसी**

**सोनीपत।** गीता कर्मयोग का पथ दिखाती है और जीवन को सार्थक बनाने की दिशा देती है। यही भाव श्री गीता मानस अमृत महोत्सव के दौरान व्यक्त किया गया। श्री दुर्गा माता मंदिर, निर्भय मंडल ककरोई रोड के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने क्षेत्रवासियों को संबोधित किया। पूर्व विधायक ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है। गीता का पाठ मनुष्य को कर्तव्य, संयम और संतुलन का बोध कराता है। गीता पाठ से जीवन का उद्धार होता है और मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि गीता का नियमित पाठ करने से व्यक्ति के विचार शुद्ध होते हैं और कर्म मार्ग प्रशस्त होता है, जिससे मनोकामनाओं की पूर्ति का मार्ग भी खुलता है। इसी कारण प्रत्येक परिवार को अपने घर में गीता पाठ की परंपरा स्थापित करनी चाहिए।



पूर्व विधायक ने पूज्य स्वामी डॉ. दिव्यानंद महाराज से आशीर्वाद लेकर उनके चरणों में नमन किया। उन्होंने कहा कि गीता का पाठ और श्रवण एक ज्ञान यज्ञ के समान है। पाठक और श्रोता यदि श्रद्धा और विश्वास के साथ इस यज्ञ में सहभागी बनते हैं, तो गीता का ज्ञान स्वयं उनके हृदय में प्रकाशित होने लगता है। गीता के अध्याय ईश्वर के ज्ञानस्वरूप हैं और उनका अध्ययन करने वाला पुण्य का भागी बनता है। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति से वातावरण आध्यात्मिक हो गया। पूर्व विधायक ने कहा कि स्वामी दिव्यानंद महाराज समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं, जिसके लिए समाज सदैव उनका आभारी रहेगा।

## पुलिस रूल्स के अनुसार होगी भर्तियों में आयु की गणना:हिम्मत सिंह

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस में चल रही 5500 कांस्टेबलों की भर्ती के बीच नया विवाद अभ्यर्थियों की आयु को लेकर हो गया है। इस बारे में चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए आयोग ने साफ कर दिया है कि अभ्यर्थियों की आयु की गणना पुलिस रूल्स के अनुसार की जाएगी।

हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने 5500 पदों पर पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इससे पहले 5061 पदों पर सबसे बड़ी भर्ती हुई थी। 4500 पुरुष कांस्टेबल और 600 महिला कांस्टेबलों भर्ती किए जाएंगे। वहीं इनके साथ जीआरपी के लिए 400 मेल कांस्टेबल के पद रिजर्व रखे गए हैं। भर्ती के लिए 11 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। 25 जनवरी 2026 रात 11:59 तक आवेदन ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। आयोग पहले की साफ कर चुका है कि जिन अभ्यर्थियों ने 2024 में रद्द हुई पुलिस भर्ती में आवेदन किया था, उन्हें इस नई भर्ती में ऐज रिलैक्सेशन मिलेगा। इस संबंध में बाद में अधिसूचना जारी की जाएगी। इस बीच आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि भर्ती के लिए आवेदन मांगते समय जारी किए गए विज्ञापन में आयु को लेकर साफ किया गया था कि अभ्यर्थी की आयु पुलिस रूल्स के अनुसार तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस रूल्स में यह साफ है कि जिस महीने में भर्ती की जाएगी उस महीने की पहली तारीख को आधार बनाकर ही अभ्यर्थी की आयु को कैलकुलेट किया जाएगा।

## टूटते परिवार आज के समाज की बड़ी चुनौतीः डॉ. सुरेंद्र जैन

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** विश्व हिन्दू परिषद् के अन्तर्राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि आज के बदलते समाज के परिवेश में जो एक बड़ी चुनौती उभर कर आ रही है वह है टूटते परिवार। उन्होंने चेताया कि परिवार के टूटने से न केवल व्यक्तिगत हानि होती है बल्कि इससे पहले समाज टूटता है और फिर देश टूटता है। वह यहां सोहना रोड स्थित जीएनएच कन्वेंशन में आयोजित जन गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर बोल रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें गुरुग्राम के नवीन भाग के समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लगभग 300 लोगों ने भाग लिया। गोष्ठी में विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन के अलावा पूर्व राजस्व विभज के शीर्ष अधिकारी मोहनीश वर्मा, गुरुग्राम नवीन भाग के



संघचालक रमेश गुप्ता, गुरुग्राम विभाग के कार्यवाह बृजेश चौहान और गुरुग्राम महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर विशेष तौर पर उपस्थित हुए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुत्रवधु नीरा शास्त्री भी अपस्थित रहीं। सुरेंद्र जैन ने आगे कहा कि परिवार व्यवस्था भारत की देन है और यह केवल सुख के लिए नहीं बल्कि समाज कल्याण के लिए है। कुटुम्ब प्रबोधन विषय पर बोलते हुए डॉ. जैन के कहा कि हम सबको मिलकर इस परिवार व्यवस्था को बचाना है तथा देश को एक करके रखना है। उन्होंने कहा इस विषय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बड़े ही उत्कृष्ट तरीके से कार्य कर रहा है तथा परिवार व्यवस्था को समाज में बढ़ावा दे रहा है। देश के सर्वोच्च मेडिकल संस्थान एम्स नई दिल्ली द्वारा किए गए एक शोध का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि टूटते परिवारों के बच्चे अधिकतर मानसिक तथा अन्य बिमारियों से ग्रसित पाए गए। अगर परिवार टूटते हैं तो इस तरह कि समस्याएं और बढ़ेंगी। इस समस्या को हल करने के लिए उन्होंने सभी को परिवार के साथ मिल बैठ कर समय व्यतीत करने तथा मोबाइल फोन उपवास करने तक कि सलाह भी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व राजस्व विभज के शीर्ष अधिकारी मोहनीश वर्मा ने स्वचरित्र के निर्माण के विषय पर लोगों का ध्यान केंद्रित कराया। उन्होंने कहा आज का समाज हर चीज को द्रुत गति से पा लेना चाहता है। महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर ने कहा कि आरएसएस गठन के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। जिसे संघ शताब्दी वर्ष के रूप में मना रहा है। शताब्दी वर्ष में सात आयोजन किए जाने हैं। विजय दशमी उत्सव, नवम्बर दिसम्बर में सघन गृह संपर्क अभियान के बाद यह प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया है। गोष्ठी के लिए गुरुग्राम महानगर को दो भागों में बांटा गया है।

# वीबी-जीरामजी योजना ग्रामीण भारत का भविष्यः राव नरबीर सिंह

**जीरामजी योजना से गांवों मे रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई क्रांति आएगी**

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि वीबी-जीरामजी योजना पारदर्शी और ग्रामीणों के फायदे की योजना है। मनरेगा भ्रष्टाचार का केंद्र बन गई थी, लेकिन जीरामजी योजना स्थायी रोजगार की गारंटी है। राव नरबीर भाजपा कार्यालय गुरुकमल में जीरामजी योजना पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित रहे थे।

अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने की। कार्यशाला से पहले कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने पत्रकार वार्ता में जीरामजी योजना के बारे में विस्तार से बताया। राव नरबीर सिंह के साथ जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, विधायक मुकेश शर्मा, जिला महामंत्री अजीत यादव, जिला महामंत्री मनीष, जिला मीडिया प्रभारी हितेश चौधरी उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि वीबी-जीरामजी योजना




ग्रामीण भारत का भविष्य है। भाजपा सरकार का संकल्प ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भरता है, हमारा विजन ग्राम आधारित विकास है। हमारा ध्येय जनभागीदारी और सामाजिक जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि जीरामजी योजना से गांवों मे रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई क्रांति आएगी। मनरेगा के मुकाबले जीरामजी योजना बेहतर है। श्रमिकों को अब हरियाणा में 10 हजार रुपये अधिक मिलेंगे। पत्रकार के एक सवाल पर राव नरबीर ने कहा कि कांग्रेस शासन में मनरेगा फर्जी परियोजनाओं और धन की लूट का माध्यम बन गई थी। मोदी सरकार ने जीरामजी योजना को पारदर्शी बनाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ लोगों को भ्रम में डालकर जीरामजी योजना का दुष्प्रचार कर रही है। जबकि यह योजना श्रमिकों के कल्याण और गांवों के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है।

राव नरबीर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवाएं, डीबीटी, आधार लिंकिंग और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व सुधार हुआ है, जिससे योजनाओं का लाभ सीधे वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत- ''जीरामजी'' केवल रोज़गार का वादा नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका की गारंटी है। एक सवाल पर बोलते हुए राव नरबीर ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार प्रदेश के विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में चहुंमुखी विकास हो रहा है। नायब सैनी सरकार हर जिले में बिना भेदभाव के काम कर रही है।

## मंदिर में पुजारी की तैनाती पर खूनी संघर्ष,कई घायल

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** यहां समसपुर गांव कें एक मंदिर में पुजारी की नियुक्ति को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्षों में लमकर लाठी-डंडे चले। हिंसा काफी बढ़ गई। कई महिलाएं व अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में तनाव बना हुआ था।

पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस की गश्त गांव में बढ़ा दी गई है। किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है।जानकारी के अनुसार समसपुर के मंदिर में एक पुजारी की नियुक्ति की गई थी। उस नियुक्ति को लेकर काफी समय से गांव के दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद में दोनों पक्षों के बीच हुई कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई। मारपीट इतनी बढ़ गई कि उसे संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों पक्षों की तरफ से जमकर लाठी-डंडे चले। इस घटना में कई लोग घायल हो गया। विवाद की सूचना मिलते ही सेक्टर-50 थाना से पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने दोनों तरफ के लोगों की शिकायत सुनी। इस मामले में 11 लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ। उस वीडियो और घायलों की मेडिकल रिपोर्ट को आधार मानकर पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। इस घटना में एक पक्ष का कहना है कि इस झगड़े में हरियाणा पुलिस का एक कर्मचारी भी शामिल रही। वह उन्हें बार-बार धमकियां देता रहा है। पीड़ितों ने जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग पुलिस से की है।

## हरियाणा की बिजली योजनाओं को गति देने के लिए केंद्रीय मंत्री से मिले अनिल विज

**एजेंसी**

**यमुनानगर।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात औपचारिक शिष्टाचार से आगे बढ़ते हुए नीति, योजना और क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रही, जिसमें राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं और भावी चुनौतियों पर गंभीर मंथन हुआ। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मुलाकात की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में हरियाणा में विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाने, ट्रांसमिशन व वितरण नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ करने, तकनीकी सुधारों के माध्यम से बिजली आपूर्ति को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण बनाने तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने ऊर्जा क्षेत्र को आत्मनिर्भर और भविष्य उन्मुख बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच बेहतर तालमेल और संस्थागत सहयोग के जरिए विकास परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारने



पर भी सहमति बनी। इस समन्वय से न केवल योजनाओं की गति तेज होगी, बल्कि पारदर्शिता और कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। भेंट के दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी सकारात्मक एवं रचनात्मक संवाद हुआ। दोनों नेताओं ने स्पष्ट किया कि ऊर्जा क्षेत्र में लिए जाने वाले नीतिगत निर्णयों का अंतिम उद्देश्य प्रदेश के औद्योगिक विकास को मजबूती देना और आम नागरिक को विश्वसनीय बिजली सुविधा उपलब्ध कराना है।

## हरियाणा रेडक्रास प्रदेश में श्रमिकों के लिए चलाएगा एंबुलेंस

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों को आपात स्थिति में समय पर इलाज सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा रेडक्रास के माध्यम से दस एंबुलेंस चलाई जाएंगी। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत झज्जर जिले के अंतर्गत आते बहादुरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र से हुई है। हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने जारी जानकारी में बताया कि श्रमिकों को एंबुलेंस सुविधा देने की पहल बहादुरगढ़ औद्योगिक एसोसिएशन (कोबी) के साथ शुरू की गई है। रेडक्रॉस और बहादुरगढ़ इंडस्ट्री के बीच एमओयू किया गया है। रेडक्रॉस द्वारा एंबुलेंस मुहैया करवाई गई है और उसके संचालन का खर्च औद्योगिक संगठन द्वारा उठाया जाएगा। एंबुलेंस औद्योगिक क्षेत्र में ही तैनात रहेगी, किसी भी श्रमिक को किसी तरह की परेशानी या चोटिल होने पर उसे तुरंत एंबुलेंस के जरिये अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। अंकुश मिगलानी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों में एंबुलेंस न होने से श्रमिकों को समय पर इलाज की सुविधा नहीं मिलने को लेकर कई तरह के मामले सामने आने के बाद यह योजना बनाई गई है। हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने हरियाणा रेडक्रॉस को 10 एंबुलेंस देने का ऐलान किया है। अंकुश मिगलानी का कहना है कि एंबुलेंस सुविधा से सबसे ज्यादा राहत गर्भवती महिलाओं को मिलेगी। प्रसव पीड़ा के दौरान तुरंत इलाज सुविधा न मिलने के चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता था।

इसके साथ ही काम करने के दौरान किसी श्रमिक के दुर्घटनाग्रस्त होने पर भी तुरंत इलाज कराने में आसानी होगी। मिगलानी ने बताया कि बहादुरगढ़ की तर्ज पर हर जिले के औद्योगिक क्षेत्र में एंबुलेंस सुविधा शुरू हो, इसको लेकर जल्द ही प्रदेश भर की सभी जिला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन से मुलाकात की जाएगी और एंबुलेंस सेवाएं शुरू करान को प्राथमिकता दी जाएगी। यही नहीं, श्रमिकों को काम के दौरान चोटिल होने पर तुरंत उपचार सुविधा देने के लिए फर्स्ट-एड चिकित्सा की ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

## संत मोहन सिंह मतवाला ने सिखी का प्रचार कर धर्म की अलख जगाईः झींडा

**एजेंसी**

**सिरसा।** सिरसा जिले के गांव तिलोकेवाला के श्री निर्मलसर साहिब गुरुद्वारा में संत मोहन सिंह मतवाला की बरसी पर धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश झींडा ने कहा कि गुरुद्वारा निर्मलसर साहिब में संत मोहन सिंह मतवाला ने आस-पास के एरिया में खूब सेवा कर सिखी का प्रचार कर धर्म की अलख जगाई। वर्तमान में उनके बाद गद्दीनशीन गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार संत बाबा गुरमीत सिंह तिलोकेवाला समाज में बुराइयों को दूर कर धर्म की अलख जगा रहे हैं।

संत मोहन सिंह मतवाला ने गांव तिलोकेवाला में सिख धर्म के प्रचार के साथ-साथ खालसा प्राइमरी स्कूल की स्थापना कर लोगों को नशे, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, अज्ञानता, जात-पात आदि बुराइयों को दूर कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किधा, जोकि वर्तमान में संत मोहन सिंह मतवाला पब्लिक स्कूल के रूप में शिक्षा से वंचित लोगों को स्कूली शिक्षा, गुरबाणी, कीर्तन, संस्कार आदि ज्ञान



से पूर्ण कर रहा है। संगत ने गुरुद्वारा निर्मलसर साहिब के सरोवर में डुबकी लगाई और स्नान किया। रागी जत्थों ने गुरुओं की वाणी का गुणगान कर संगत को निहाल किया।

इस दौरान श्री अखंड पाठ का भोग डालकर पांच प्यारों ने दीवान हाल का नींव पत्थर रखा। कार्यक्रम में तख्त श्री दमदमा साहिब से बाबा टेक सिंह धनौला, श्री दरबार साहिब अमृतसर से हेड ग्रंथी ज्ञानी केवल सिंह, तख्त श्री पटना साहिब से ज्ञानी रणजीत सिंह, कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला, भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा, राजेंद्र देसूजोधा सहित एचएसजीपीसी के सदस्य मोहनजीत सिंह, कुलदीप सिंह, प्रकाश सिंह साहुवाला अनेक संत महापुरुष मौजूद थे।

# गुरुग्राम निगम की सिक्योरिटी फोर्स गाड़ी से पिकअप की टक्कर में चार कर्मचारी घायल

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की सीएंडडी वेस्ट डंपिंग रोकथाम ड्यूटी के दौरान टीम के साथ सोहना रोड पर गंभीर हादसा हो गया। थाना भोंडसी क्षेत्र में नगर निगम सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स की गाड़ी को एक तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर हो गई। इससे निगम की गाड़ी पलट गई और उसमें सवार चार कर्मचारी घायल हो गए। इस संबंध में भोंडसी थाने में पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम नगर निगम की सरकारी गाड़ी रविवार की सुबह सोहना हाइवे पर सुभाष चौक से भोंडसी की ओर गश्त पर जा रही थी। गाड़ी में चालक नवीन सहित नगर निगम के कर्मचारी अरुण, सचिन तथा एसपीओ राकेश मौजूद थे। इसी दौरान एक पिकअप वाहन के चालक ने अचानक कट दिया, जिससे पिकअप की पिछली साइड सरकारी गाड़ी के ड्राइवर साइड से टकरा गई और गाड़ी पलट गई। इस हादसे में वाहन में सवार एसपीओ राकेश, डीईओ अरुण, सचिन और चालक नवीन को चोटें आईं। पीछे चल रही नगर निगम की दूसरी पेट्रोलिंग पार्टी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पलटी हुई गाड़ी को सीधा करवाया और घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिलाया गया, जिसके बाद शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर थाना भोंडसी में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच कर रहे हेड कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी, ताकि पिकअप वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके। निगमायुक्त प्रदीप दहिया के अनुसार नगर निगम की सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) सप्ताह के सातों दिन राउंड ओ क्लॉक निगरानी कर रही है।

# बजट में राजकोषीय अनुशासन और अर्थव्यवस्था स्थिर रखने पर रहेगा जोर: विशेषज्ञ

## – सरकार कोई बड़े और चौंकाने वाले सुधारों की घोषणा नहीं करेगी

**नई दिल्ली ।**

भारतीय शेयर बाजार यह मानकर चल रहे हैं कि केंद्रीय बजट 2026 में सरकार कोई बड़े और चौंकाने वाले सुधारों की घोषणा नहीं करेगी। यह बजट रविवार, 1 फरवरी 2026 को पेश किया जाएगा। विश्लेषकों के मुताबिक सरकार का मुख्य जोर लोकलुभावन उपायों की बजाय राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने और अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने पर रहेगा। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि प्रत्यक्ष करों से जुड़े अहम बदलाव पिछले बजट में किए जा चुके हैं, जबकि जीएसटी से जुड़े सुधार सितंबर 2025 से लागू हो चुके हैं। ऐसे में बजट 2026 में बड़े टैक्स बदलावों की संभावना कम है। सरकार सीमित संसाधनों में संतुलित खर्च की नीति अपना सकती है। अनुमान है कि सरकार वित्त वर्ष 27 में फिस्कल डेफिसिट को जीडीपी के करीब 4.2 फीसदी तक सीमित रखने की कोशिश करेगी। टैक्स से सीमित आय वृद्धि को देखते हुए सरकार डिसइन्वेस्टमेंट के जरिए संसाधन जुटा सकती है। रक्षा, रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर और एमएसएमई सेक्टर में पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है। बाजार` विशेषज्ञों के अनुसार सरकार का फोकस आर्थिक स्थिरता और सुधारों पर रहेगा। पीएलआई स्कीम को आगे बढ़ाने, एमएसएमई और निर्यातकों को राहत देने तथा नियमों को सरल बनाने के कदम उठाए जा सकते हैं। एक अर्थशास्त्री का मानना है कि रक्षा खर्च में 12-15 फीसदी और कोर इंफ्रास्ट्रक्चर में 8-10 फीसदी तक बढ़ोतरी संभव है। बैंक आफ अमेरिका का कहना है कि सरकार वित्त वर्ष 27 से कर्ज प्रबंधन पर ज्यादा ध्यान दे सकती है और कर्ज-से-जीडीपी अनुपात को 55 फीसदी तक लाने का लक्ष्य तय कर सकती है।

कुल मिलाकर, बजट 2026 को लेकर बाजार की उम्मीदें स्थिरता, अनुशासन और दीर्घकालिक विकास पर टिकी हुई हैं, जिससे निवेशकों का भरोसा बना रह सकता है।





## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया 9 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.87 पर बंद हुआ। वहीं रुपया सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन सुबह 12 पैसे की बढ़त के साथ 90.66 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने बताया कि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर रुख से घरेलू मुद्रा को बढ़ावा मिला। हालांकि घरेलू शेयर बाजारों से विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच विदेशों में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशक सतर्क रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिका डॉलर के मुकाबले 90.68 पर खुला। फिर 90.66 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.78 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 फीसदी की गिरावट के साथ 98.99 पर रहा।

## 23, 24, 25 और 26 जनवरी को बैंक रहेंगे बंद

**मुंबई ।** देश के कुछ चुनिंदा शहरों में शुक्रवार, 23 जनवरी को बैंक बंद रहेंगे। अगरतला, भुवनेश्वर और कोलकाता में इस दिन बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। छुट्टी का कारण स्थानीय पर्व और विशेष अवसर हैं, जैसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती, सरस्वती पूजा, वीर सुरेंद्र साई जयंती और बसंत पंचमी। इसके अलावा बाकी शहरों में बैंक सामान्य समय पर खुलेंगे। 24 जनवरी चौथा शनिवार होने के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। यह नियम हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार पर लागू होता है। रविवार, 25 जनवरी को साप्ताहिक अवकाश के चलते पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। सोमवार, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय छुट्टी के कारण पूरे देश में बैंकिंग सेवाएं बंद रहेंगी।

## वेदांता की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील को 1,255 करोड़ का नोटिस

### - कंपनी पर अपने खनन पट्टों में न्यूनतम उत्पादन और डिस्पैच लक्ष्य पूरे नहीं करने का आरोप

**मुंबई ।** ओडिशा सरकार ने देश की दिग्गज माइनिंग कंपनी वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड को लगभग 1,255 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस जारी किया है। यह नोटिस ओडिशा के क्योंझर जिले के कोइरा सर्किल की खदानों से संबंधित है। सरकार का आरोप है कि कंपनी ने अपने खनन पट्टों में न्यूनतम उत्पादन और डिस्पैच लक्ष्य पूरे नहीं किए जो माइनरल कनसेशन रूल्स 2016 के तहत अनिवार्य हैं। डिप्टी डायरेक्टर ऑफ माइंस के कार्यालय ने ईएसएल स्टील को दो अलग-अलग नोटिस भेजे हैं। नोटिस के अनुसार, कंपनी की बीको और फीग्रेड माइनिंग लीज पर खदान संचालन के चौथे वर्ष में तय उत्पादन और डिस्पैच लक्ष्य पूरे नहीं हुए। नियमों के तहत यदि कोई कंपनी न्यूनतम खनन सीमा से कम उत्पादन करती है, तो उसे सरकार को जुर्माना या निर्धारित शुल्क देना पड़ता है। ईएसएल स्टील ने नोटिस पर आपत्ति जताई है। कंपनी का कहना है कि नोटिस में दी गई गणना और आधार कानूनी व तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि वह नोटिस की विस्तृत समीक्षा कर रही है और अपने हितों की रक्षा के लिए सभी कानूनी विकल्प अपनाएगी। इसमें कोर्ट से स्टे और नोटिस रद्द कराने की प्रक्रिया शामिल है। कंपनी का दावा है कि कानूनी मोर्चे पर उसका पक्ष मजबूत है।

## चीन की अर्थव्यवस्था 2025 में 5 फीसदी वृद्धि के करीब

**हांगकांग ।** चीन की अर्थव्यवस्था 2025 में मजबूत निर्यात के दम पर लगभग 5 फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ी। यह सरकार के आधिकारिक लक्ष्य के अनुरूप है। हालांकि, साल की आखिरी तिमाही में वृद्धि धीमी होकर 4.5 फीसदी रह गई, जो 2022 के बाद से सबसे धीमी तिमाही वृद्धि मानी गई। पिछली तिमाही में यह 4.8 फीसदी थी। निर्यात ने कमजोर उपभोक्ता खर्च और व्यावसायिक निवेश की भरपाई की। चीन ने रिकॉर्ड 1200 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष दर्ज किया। संपत्ति बाजार में मंदी और कोविड-19 के व्यवधानों के बाद सरकार अर्थव्यवस्था को गति देने के प्रयास कर रही है।

## भारत कोकिंग कोल के शेयर की शानदार शुरुआत, 96.5 प्रतिशत चढ़ा

**नई दिल्ली ।** कोल इंडिया की इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) का शेयर सोमवार को बाजार में लिस्टेड हुआ। बीएसई पर यह 45.21 और एनएसई पर 45 रुपए पर खुला, जो कि निर्गम मूल्य 23 रुपए से क्रमशः 96.56 और 95.65 फीसदी अधिक है। लिस्टिंग के बाद कंपनी का बाजार मूल्यांकन 19,456.95 करोड़ रुपए रहा। निवेशकों ने शेयर पर उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी, जिससे इसका शुरुआती मूल्य लगभग दोगुना हो गया। बीसीसीएल ने 1,071 करोड़ रुपए के आईपीओ में केवल कोल इंडिया के 46.57 करोड़ शेयर बेचे। इसमें नए शेयर जारी नहीं किए गए। निर्गम मूल्य रेंज 21-23 रुपए तय की गई थी।

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते में गैर-शुल्क बाधाओं पर जोर की सिफारिश

### - यूरोपीय संघ के प्रमुख अधिकारी 25-27 जनवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे

**नई दिल्ली ।**

18 साल से चल रही भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता अब अंतिम चरण में है। यूरोपीय संघ के प्रमुख अधिकारी 25-27 जनवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे और 27 जनवरी को वार्ता के निष्कर्ष की घोषणा की संभावना है।

आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने कहा कि भारत को कृषि और दवा क्षेत्रों में गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने के लिए ईयू पर दबाव डालना चाहिए। केवल शुल्क कटौती से निर्यातकों को पर्याप्त लाभ नहीं मिलेगा। गैर-शुल्क बाधाओं में दवा अनुमोदन में देरी, खाद्य और कृषि उत्पादों पर कड़े स्वच्छता और पादप/पशु स्वास्थ्य नियम, साथ ही जटिल परीक्षण और प्रमाणीकरण शामिल हैं। बासमती चावल, मसाले और चाय जैसे उत्पाद अक्सर कीटनाशक अवशेष मानकों के कारण अस्वीकार किए जाते हैं। समुद्री उत्पादों पर एंटीबायोटिक दवा की चिंता से अतिरिक्त नमूना परीक्षण होता है। विनिर्माण क्षेत्र में 'रीच' नियम और जलवायु विनियम छोटे और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए लागत बढ़ाते हैं। 1 जनवरी से लागू कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले उत्पादों पर लागू है। जीटीआरआई ने कहा कि भारत को अमेरिका के समान छूट या सुरक्षा प्रावधानों की मांग करनी चाहिए। ईयू भारत के लगभग 600 अरब डॉलर के सरकारी खरीद बाजार में प्रवेश चाहता है। भारत सीमित पहुंच प्रदान कर सकता है, जैसा कि उसने ब्रिटेन के साथ किया था।

# भारतीय शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 324, निफ्टी 108 अंक नीचे आया

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरवट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से बाजार नीचे आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 324.17 अंक टूटकर 83,246.18 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 108.85 अंक नीचे आकर 25,585.50 पर बंद हुआ। बाजार में आज रियल्टी, मीडिया और ऑयल एंड गैस स्टॉक्स के शेयर गिरे। निफ्टी रियल्टी 1.99 फीसदी, निफ्टी मीडिया 1.84 फीसदी, निफ्टी ऑयल एंड गैस 1.56 फीसदी, निफ्टी इन्फ्रा 0.90 फीसदी नीचे आया। वहीं निफ्टी एफएमसीजी 0.67 फीसदी, और निफ्टी ऑटो 0.13 फीसदी नीचे आया। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचयूएल, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, आईटीसी, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे




जबकि आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, इन्फोसिस, भारती एयरटेल के शेयर गिरे। लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 220.15 अंक फिसलकर 59,647.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 171.60 अंक नीचे आकर 17,190.70 पर बंद हुआ था।

जानकारों के अनुसार टैरिफ को लेकर चिंताएं फिर से हावी होने के कारण बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। इससे बाजार धारणा प्रभावित रही है। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब 498 अंक गिरकर 83,072 के स्तर पर खुला, जबकि निफ्टी 50 में 134 अंकों की गिरावट दर्ज की गई और यह 25,560 पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा यूरोपीय देशों को लेकर ग्रीनलैंड खरीद योजना के विरोध पर टैरिफ लगाने की चेतावनी से भी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है, इससे घरेलू बाजार पर भी प्रभाव पड़ा है।

## नए लेबर कोड से प्राइवेट सेक्टर में बढ़ा कर्मचारी खर्च



**नई दिल्ली ।**

नवंबर 2025 में लागू नए लेबर कोड का असर प्राइवेट सेक्टर पर दिखने लगा है। एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में 18,770 करोड़ रुपए का ऑपरेटिंग खर्च दर्ज किया, जो` वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही के 17,110 करोड़ रुपए से अधिक है। बैंक ने बताया कि कर्मचारी लागत में 800 करोड़ रुपए का इजाफ़ा नए कोड के कारण हुआ। आईसीआईसीआई बैंक ने 145 करोड़ रुपए, यस बैंक 155 करोड़, फेडरल बैंक 20.8 करोड़ और आरबीएल बैंक 32 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया। बीमा कंपनियों में भी खर्च बढ़ा। एचडीएफसी लाइफ ने 106.02 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने 11.04 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने 53.06 करोड़ रुपए का अतिरिक्त असर दर्ज किया। नए कोड के तहत बेसिक सैलरी का हिस्सा बढ़ाना अनिवार्य हो गया, जिससे ग्रेच्युटी, पेंशन और सोशल सिक्योरिटी फंड में योगदान बढ़ा और कुल कर्मचारी लागत में इजाफ़ा हुआ। 21 नवंबर 2025 को चार कोड लागू किए गए, जिनमें वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा शामिल हैं। 29 पुराने कानूनों को इनके अंतर्गत समेकित किया गया।

# सोने का भाव 1.45 लाख, चांदी 3 लाख रुपए के पार

### - अमेरिका की टैरिफ धमकी और सुरक्षित निवेश की मांग से कीमती धातुओं में आई तेजी

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार में सोमवार हो ऐतिहासिक तेजी देखने को मिली। सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग और अमेरिका द्वारा नए टैरिफ लगाए जाने की धमकी के बीच घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में दोनों कीमती धातुएं रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना और चांदी दोनों के वायदा भाव ऑल टाइम हाई पर कारोबार करते नजर आए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज मजबूती के साथ हुई। एमसीएक्स पर फरवरी डिलीवरी वाला सोने का बेंचमार्क कॉन्ट्रैक्ट 804 रुपये की तेजी के साथ 1,43,321 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,42,517 रुपये था। फिलहाल यह 1,909 रुपये की तेजी के साथ 1,44,426 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,45,500 रुपये का दिन का उच्चतम स्तर छू लिया, जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। चांदी के वायदा भाव में भी जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। एमसीएक्स पर मार्च डिलीवरी वाली चांदी 5,338 रुपये की तेजी के साथ 2,93,100 रुपये पर खुली। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 2,87,762 रुपये था। फिलहाल चांदी 10,880 रुपये की बढ़त के साथ 2,98,642 रुपये के भाव पर कारोबार कर रही थी। कारोबार के दौरान चांदी पहली बार 3,01,315 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी तेजी का रुख बना हुआ है। कॉमेक्स पर सोना 4,633.70 डॉलर प्रति औंस पर खुला



और बाद में 4,600 डॉलर के आसपास कारोबार करता दिखा, जबकि इस साल का उच्चतम स्तर 4,663.70 डॉलर रहा। वहीं चांदी 90.60 डॉलर पर खुली और 94.36 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितता के चलते कीमती धातुओं में आगे भी मजबूती बनी रह सकती है।

# आम बजट 2026-27: नॉमिनल जीडीपी वृद्धि 10-10.5 फीसदी रहने का अनुमान

### – ऋण–जीडीपी अनुपात बनेगा प्रमुख राजकोषीय लक्ष्य



**नई दिल्ली ।**

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1 फरवरी को पेश किए जाने वाले आम बजट में नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 10 से 10.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। अर्थशास्त्रियों के सर्वेक्षण से यह संकेत मिला है। यह अनुमान ऐसे समय में सामने आया है जब चालू वित्त वर्ष में कम मुद्रास्फीति के कारण नॉमिनल जीडीपी की वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रही है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस माह जारी पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, नॉमिनल जीडीपी 8 प्रतिशत की दर से बढ़कर 357 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 में नॉमिनल जीडीपी वृद्धि 9.5 प्रतिशत रही थी। वित्त मंत्रालय आगामी बजट में वित्त वर्ष 27 के अनुमानों के लिए वित्त वर्ष 26 के पहले अग्रिम आंकड़ों को आधार बनाएगा। हालांकि, 27 फरवरी को सांख्यिकी मंत्रालय वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दूसरा अग्रिम अनुमान जारी करेगा, जो 2022-23 के नए आधार वर्ष पर आधारित होगा। इससे नॉमिनल जीडीपी के बजटीय अनुमानों में बदलाव संभव है। नॉमिनल जीडीपी का उपयोग ऋण-जीडीपी अनुपात, राजकोषीय घाटा और सरकारी राजस्व जैसे महत्वपूर्ण वृहद आर्थिक संकेतकों की गणना में किया जाता है। वित्त वर्ष 2026-27 एक अहम मोड़ साबित होगा, क्योंकि इसी वर्ष केंद्र सरकार राजकोषीय घाटे के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात को प्राथमिक राजकोषीय लक्ष्य के रूप में अपनाएगी।

**CLASSIFIED**
**कौमी पत्रिका**

**NAME CHANGE**
I, Shiva S/O Nanak R/O House No. 1672,New Panna Puri , Hapur, Hapur, Uttar Pradesh -245101, have changed my name and shall hereafter be known as Sachin Kumar

**PUBLIC NOTICE**
Public at large is hereby informed that my clients Mr. Ram Kishan s/o Sh. Sumera and his wife Smt. Puspa Devi both resident of D-62, Pooja Public School, Hastsal Vihar, Uttam Nagar New Delhi-110059, have severe all relations and debarred their son Mr. Ravi and his wife Mrs. Laxmi (daughter-in-law) and their children from entire movable and immovable properties due to their hostile behavior and being out of control. Further they will not be responsible/ liable for any acts, deeds done by them.
**HARDWARI LAL,** Advocate
ChamberNo.325, Dwarka Courts
Sector-10, Dwarka New Delhi-75

**NAME CHANGE**
It is for general information that I HARIOM S/O PURAN SINGH R/O H No-O-83, Krishan Vihar, Sultanpuri C Block, North West Delhi, Delhi-110086 declare that name of mine and my father has been wrongly written as HARI OM and PURAN CHAND in my 10th class educational documents. The actual name of mine and my father are HARIOM and PURAN SINGH respectively which may be amended

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform Public at large on behalf of my Client Mr. Balanand Jha S/o Mr. Rameshwar Jha and Mrs. Dharam Sheela Jha W/o Mr. Balanand Jha both resident of House No.- 8A/A, Phase-1, Mohan Garden, Uttam Nagar, West, Delhi-110059. That my client has disowned their son Mr. Raman ji Jha and their Daughter in Law Mrs. Aarti W/o Mr. Raman ji Jha, from all their moveable and immoveable properties and have severed all relationship with them because of their irresponsible act. That my abovementioned client shall not be responsible for any of their acts and deeds and any person(s) dealing with them shall do at his own risks and responsibilities.
**Rajiv Singh** Advocate Advocate
Hall No 2 Seat No 45
Dwarka District Courts, Dwarka, New Delhi 110075

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as RAHUL NAGAR S/O RANJEET NAGAR R/O Kachheda Warsabad, PO: Kachera Versabad, Dist: Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-203207 have changed my name and shall hereafter be known as ANKIT NAGAR.

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform/known to all that the Original Title/ Ownership documents i.e. WILL Dated 29.08.1997 Which is executed by Sh. Ashok Kumar Jain in favour of Smt. Meena J. Jain pertaining to "Entire Built- Up Property Bearing Part of Property No. 618/5/1-D, Area Measuring 42 Sq. Yds., Out of Khasra No.618 Situated at Village Chandrawali alias Shahdara the abadi of Block No.5 Balram Gali East Kunti Marg Vishwas Nagar Illaqa Shahdara Delhi-110032. (hereinafter referred to as 'said property') Which is owned and Possessed by Seller i.e. Smt. Meen J. Jain who has agreed to Sell the 'said property' to Sh. Ajay Singh and same shall be funded/Mortgaged by My Client "AADHAR HOUSING FINANCE Ltd., LAXMI NAGAR BRANCH" has been lost / Misplaced Somewhere and are not traceable. Anybody who find the above said original document(s) please inform the undersigned within 7 days from the date hereof, failing which the claim(s) shall be considered to have been waived and/or abandoned and my client shall proceed with the disbursement of loan and creation of Mortgage on the Property. Also, If any person misuses the same for any purpose whatsoever, She / he shall be liable for the appropriate legal action against him/her at his/her own risk, cost and consequences.
Dated: 19-01-2026
Place : Delhi
Advocate Ghanshyam Singh,
Ch. E-713 Karkardooma Courts,
Delhi-110032; Ph-8810212071

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को यह सूचित करते हुए यह घोषणा की जाती है कि मेरे मुवक्किक्त श्री अमन कुमार सिंह सुपुत्र श्री वीरेंदर कुमार सिंह व श्रीमती सुधा पली श्री अमन कुमार सिंह निवासी एच1-एच.एन., सरस्वती सदन, गली नंबर 14-, सिद्धात्री एन्क्लेव, गुड तक पब्लिक स्कूल के पास, भगवती गार्डन एक्सटेंशन, उत्तम नगर, जिता साउथ वेसट दिल्ली 110059. ने अपने छोटे पुत्र श्री हर्ष कुमार ऊप लगभग 20 वर्ष को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चत्त व अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए, उनसे समस्त सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति या उनका पुत्र हर्ष कुमार किसी भी तरह के गैर कानूनी गतिविधियों में पाया या पकड़ा जाता है तो और और कोई भी व्यक्ति यदि उनके पुत्र हर्ष कुमार से किसी भी तरह का लेनदेन व कार्य व्यवहार करता है व किसी भी तरह का सम्बंध रखेगा तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे मुवक्किल श्री अमन। अमन कुमार सिंह सुपुत्र श्री वीरेंदर कुमार सिंह व श्रीमती सुधा पलीं श्री अमन कुमार सिंह कोई भी किसी भी तरह की जिम्मेदारी व जवाबदेही नहीं ह
**दिनेश कुमार तिवारी,** अधिवक्ता
Chamber Ne 814, Lawyer's Chambers
Block Dwarka District Courts, New
Delhi 110075

# अमेरिका की साम्राज्यवादी सोच के विरुद्ध बन रहे नए समीकरण



प्रहलाद सबनानी

**अमेरिका द्वारा हाल ही में ब्रिक्स के सदस्य देशों (भारत, रूस, चीन एवं ब्राजील) पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की धमकी देना केवल अमेरिका की व्यापार नीति नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित करने की सीधी कोशिश है। 500 प्रतिशत का यह टैरिफ रूस, चीन, ब्राजील और भारत पर नहीं बल्कि ब्रिक्स के सदस्य देशों द्वारा डीडोलराईजेशन की ओर अपने कदम बढ़ाने को रोकने का एक प्रयास है। ब्रिक्स के सदस्य देश आपस में किए जाने वाले विदेश व्यापार का एक दूसरे को भुगतान अब स्थानीय मुद्रा में करते दिखाई दे रहे हैं।**

अमेरिकी ट्रम्प प्रशासन द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति श्री निकोलस मदुरो को रात्रि के समय में गिरफ्तार कर अमेरिका लाकर उन पर मुकदमा चलाया जाना एवं वेनेजुएला के तेल भंडार पर अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका का कब्जा स्थापित करने का प्रयास करना, अमेरिका की साम्राज्यवादी सोच को ही दर्शाता है। साथ ही, इसी क्रम में डेनमार्क द्वारा शासित ग्रीनलैंड द्वीप पर भी अमेरिका अपना आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। सोचनीय विषय है कि डेनमार्क नाटो का सदस्य देश होने के चलते वह अमेरिका का मित्र राष्ट्र है और मित्र राष्ट्र की सीमाओं में घुसकर उसके आधिपत्य वाले क्षेत्र को अमेरिका द्वारा बलपूर्वक अपने देश की सीमा में शामिल करने का प्रयास करना उचित कदम नहीं कहा जा सकता है। कुछ समय पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कनाडा के राष्ट्रपति को धमकी दी थी कि अमेरिका कनाडा को अपना 51वां राज्य बनाना चाहते हैं। ध्यान रहे कनाडा भी अमेरिका के मित्र राष्ट्र के देशों की सूची में शामिल है। परंतु, जब अमेरिका जैसा देश साम्राज्यवादी सोच के आधार पर निर्णय लेने लगते हैं, तो मित्र राष्ट्र का ध्यान भी नहीं रह पाता है।

अमेरिका द्वारा हाल ही में ब्रिक्स के सदस्य देशों (भारत, रूस, चीन एवं ब्राजील) पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की धमकी देना केवल अमेरिका की व्यापार नीति नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित करने की सीधी कोशिश है। 500 प्रतिशत का यह टैरिफ रूस, चीन, ब्राजील और भारत पर नहीं बल्कि ब्रिक्स के सदस्य देशों द्वारा डीडोलराईजेशन की ओर अपने कदम बढ़ाने को रोकने का एक प्रयास है। ब्रिक्स के सदस्य देश आपस में किए जाने वाले विदेश व्यापार का एक दूसरे को भुगतान अब स्थानीय मुद्रा में करते दिखाई दे रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा हैं। ब्रिक्स की मुद्रा व्यवस्था, स्थानीय मुद्रा व्यापार सम्बंध एवं डॉलर मुक्त भुगतान व्यवस्था अमेरिका के लिए एक रणनीतिक खतरे के रूप में उभर रही है। इसीलिए अमेरिका छोटे देशों की तरह ही बड़े देशों को भी अनुशासित करना चाहता है। परंतु, यहां अमेरिका यह भूल जाता है कि वेनेजुएला, डेनमार्क, क्यूबा, मेक्सिको आदि छोटे देश हैं जो अपनी जरूरतों के लिए अमेरिका पर निर्भर हैं परंतु भारत, चीन, रूस एवं ब्राजील जैसे बड़े देशों पर अमेरिका का दबाव काम नहीं कर पाएगा। ट्रम्प प्रशासन की वर्तमान विदेश नीति को 20वीं सदी की ह्रहस्तक्षेपवाद.2ह्व की नीति कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। पिछले 250 वर्षों में अमेरिका ने विश्व के अन्य देशों में 400 बार हस्तक्षेप किया है। अमेरिका के लिए यह एक पैटर्न है आश्चर्य में डालने वाली घटना नहीं है। अमेरिका ने पूर्व में भी आर्थिक दबाव डालकर एवं सैन्य हस्तक्षेप के माध्यम से अन्य देशों में सत्ता परिवर्तन कराने में भी सफलता हासिल की है। और, यह पैटर्न आज भी जारी है। अमेरिका भारत एवं चीन पर केवल इस कारण से भी 500 प्रतिशत टैरिफ लगाना चाहता है क्योंकि ये देश रूस से भारी मात्रा में कच्चा तेल आयात करते हैं। आज के इस युग में अब अमेरिका निर्णय लेगा कि किस देश को कच्चा तेल किस देश से खरीदना है। यह साम्राज्यवाद अथवा अधिनायकवाद की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या है?




इसी प्रकार, ट्रम्प प्रशासन द्वारा विश्व के 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अमेरिका की सदस्यता को समाप्त करना भी वैश्विक व्यवस्था का पुनर्निर्माण नहीं बल्कि अमेरिका का विश्व में एक छत्र राज्य स्थापित करने की सोच का नतीजा हो सकता है। अमेरिका किसी भी अन्य ब्लाक अथवा देश के साथ मिलकर विश्व पर अपना प्रभुत्व स्थापित नहीं करना चाहता है बल्कि अमेरिका केवल अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है। इस रणनीति के अंतर्गत वैश्विक संगठनों एवं संस्थाओं को कमजोर करने के एकपक्षीय अमेरिकी शक्ति मॉडल को लागू करना ही मुख्य लक्ष्य हो सकता है।

आज अमरीका में ट्रम्प प्रशासन इससे भी परेशान है कि आर्थिक शक्ति का केंद्र पश्चिमी देशों से पूर्वी देशों की ओर खिसकता जा रहा है। इससे ट्रम्प को पूरे विश्व में अमेरिका का आधिपत्य स्थापित करने की रणनीति को धक्का लगता हुआ दिखाई दे रहा है। संख्या, जनसंख्या, संसाधन एवं बाजार के आधार पर आगे आने वाला भविष्य पूर्व के आस पास दिखाई देता है, अमेरिका वैश्विक स्तर पर अपने प्रभुत्व को किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहता है। अमेरिका आज नहीं चाहता कि चीन, रूस एवं भारत मिलकर विश्व में शक्ति की एक धुरी बनें। साथ ही, ट्रम्प यह भी नहीं चाहता कि भारत वैश्विक स्तर पर अपनी रणनीतिक स्वायतत्ता बढ़ाने में सफल हो तथा डीडोलराईजेशन की व्यवस्था गति पकड़े और यूरोपीय यूनियन के देश अपनी स्वतंत्र विदेश नीति बनाए। यूरोपीय यूनियन के देशों पर अमेरिका अपना प्रभाव बनाए रखना चाहता है। परंतु, अब तो यूरोपीय यूनियन के देश भी अपने सुरक्षा बजट में अतुलनीय वृद्धि करते हुए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि अमेरिका पर इन देशों का विश्वास कम हो गया है। ट्रम्प चूंकि बहुध्रुवीय व्यवस्था में विश्वास नहीं करते है और यह व्यवस्था उनके लिए असहनीय है अतः ट्रम्प समस्त देशों पर टैरिफ युद्ध छेड़कर उन्हें दबाव में लाना चाहते है ताकि अमेरिका पूरे विश्व में अपना एक छत्र राज्य स्थापित कर सके। इसीलिए ट्रम्प आज पूरे विश्व में नियंत्रित अशांति चाहता है। दरअसल, आज अमेरिका की आक्रामक साम्राज्यवादी टैरिफ नीति भी वैश्विक अस्थिरता की सबसे बड़ी जड़ के रूप में उभर रही है।

इसी क्रम में, अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर सैन्य कार्यवाही कर ग्रीनलैंड पर अपना आधिपत्य स्थापित करने की कार्यवाही नाटो जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थान को तोड़ सकती है। नाटो के सदस्य देशों ने स्पष्ट रूप से कहा भी है कि अमेरिका का ग्रीनलैंड पर हमला नाटो के सदस्य देशों पर किया गया हमला माना जाएगा। इससे यूरोपीयन देशों एवं अमेरिका के बीच दुर्लभ एवं खतरनाक तनाव दिखाई दे रहा है।

वैश्विक स्तर पर वर्तमान में उभर रही परिस्थितियों को सर्वांगी कूटनीतिक युद्ध की श्रेणी में रखा जा सकता है। इस सर्वांगी कूटनीतिक युद्ध में कच्चे तेल की उपलब्धता पर अपना नियंत्रण बनाए रखना, डॉलर पर अमेरिकी प्रभाव को बनाए रखने के प्रयास ताकि वैश्विक स्तर पर अमेरिका का मुद्रा पर नियंत्रण लगातार आगे भी बना रहे, समुद्री मार्गों पर अपना प्रभुत्व स्थापित करना, तकनीकी सम्पदा को अपने कब्जे में रखना, वैश्विक सप्लाई चैन को प्रभावित करना एवं आरटीफिशीयल इंटेलिजेन्स आदि के माध्यम से ट्रम्प अन्य देशों पर दबाव बनाकर उन्हें अपने प्रभाव में लेने का प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसलिए आज प्रत्यक्ष युद्ध नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति संरचना को पुनर्गठित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस रचना में ट्रम्प अपने आप को वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। वास्तव में अमेरिका चाहता है कि दुनिया फिर से उसी मोड में लौट आए, जहां वित्त, व्यापार, सैन्य गठबंधन और तकनीक सब उसकी चौखट पर खड़े हों। आज अमेरिका का लक्ष्य सम्भवतः तीसरा विश्व युद्ध नहीं बल्कि वैश्विक व्यवस्था को अमेरिका के प्रभुत्व में पुनर्गठित करना है।

अमेरिका का 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अपने आप को अलग करने के क्रम में अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस से बाहर निकलना पूरे विश्व को स्पष्ट संदेश देता है कि अमेरिका की अब पर्यावरण के क्षेत्र में किए जाने वाले सुधार कार्यक्रमों में भी कोई दिलचस्पी नहीं है तथा वह इस अलायंस को दी जाने वाली अमेरिकी मदद को रोकना चाहता है और वैश्विक स्तर पर केवल अपने प्रभाव को बढ़ाने में ही अपनी पूरी शक्ति लगाना चाहता है। विश्व के भले की बात भी अब अमेरिका को नागवार गुजर रही है। जबकि आज जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक संकट को कम करने अथवा दूर करने में समस्त देशों का आपसी सहयोग अति आवश्यक है। भारत एवं फ्रान्स के संयुक्त नेतृत्व में बनाया गया यह मंच विकासशील देशों के लिए उम्मीद की किरण बन रहा है। विश्व के अन्य देशों में यह भावना विकसित हो रही है कि आज वैश्विक स्तर पर एक ऐसी दुनिया विकसित होती दिखाई दे रही है जिसमें अमेरिका अकेला खड़ा हो एवं विश्व के अन्य समस्त देश आपस में तालमेल रखते हुए अपने विकास को गति दें। वैसे भी, विश्व पहिले से ही इस मुहाने पर आकार खड़ा है जहां अकेले चलना बहुत मुश्किल है हर पग पर विभिन्न देशों को अन्य देशों के सहायता की अति आवश्यकता है। एक दूसरे के सहयोग के बिना सम्भवतः कोई भी देश आज आर्थिक विकास के पथ पर अपनी दौड़ को गति प्रदान नहीं कर पाएगा। इसीलिए वैश्विक स्तर पर आज नए नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका को छोड़कर ये देश आपस में मुक्त व्यापार समझौते तेजी से सम्पन्न कर रहे हैं ताकि ये, अपने देश के आर्थिक विकास की गति को तेज कर सकें।

## संपादकीय

### बहुमत के बावजूद सियासत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व और प्रचंड जनादेश मिला है। एक तरफ बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में पुरानी शिवसेना का वर्चस्व और शासन समाप्त किया है, तो दूसरी तरफ पुणे में शरद पवार के परंपरागत गढ़ को ध्वस्त किया है। पवार अब न तो ह्यचाणक्यह्ल रहे हैं और न ही राजनीतिक तौर पर प्रासंगिक रहे हैं। उनका राजनीतिक युग समाप्त हो चुका है। महाराष्ट्र नगर निगम के कुल 2869 में से 1440 वार्ड में भाजपा के पार्षद विजयी रहे हैं, लिहाजा कुल 29 नगर निगमों में से 25 में भाजपा के मेयर सत्तारूढ़ हो सकते हैं। भाजपा ने भी ऐसे जनादेश की कल्पना नहीं की थी। महत्वपूर्ण यह रहा कि ये चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के बड़े नेताओं के प्रचार के बिना ही लड़े गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ही चौतरफा नेतृत्व किया और परिणाम सामने है। जाहिर है कि फडणवीस का भाजपा के भीतर राजनीतिक कद बढ़ेगा। बहरहाल जनादेश की दृष्टि से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और कांग्रेस भाजपा से कई गुना पीछे रह गई हैं। सबसे शानदार और उल्लेखनीय जीत बीएमसी की रही है, लिहाजा अब देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भाजपा का मेयर (महापौर) होना चाहिए। लेकिन अकेली भाजपा के 89 पार्षदों के बावजूद बीएमसी में बहुमत नहीं है। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) ने 'महायुति' वाले गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ा था। शिवसेना के 29 पार्षद जीते हैं। साझा गठबंधन को सदन में 118 पार्षदों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल है। सत्ता से बाहर हो रही शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की 'मनसे' ने 20 साल बाद गठबंधन में चुनाव लड़ा था। उन्हें 71 पार्षद मिले हैं। मराठी मानुष, मराठा, मराठी भाषा के प्रचार को जनता ने खारिज कर दिया। अब मराठा सियासत के कई साझेदार हो गए हैं, जिनमें भाजपा और शिंदे सेना भी शामिल है। बेशक ठाकरे घराने की चुनावी पराजय हुई है, लेकिन पार्टी संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की विरासत अब भी अस्तित्व में है। बल्कि वह बीएमसी में सत्ता के समीकरण बदल भी सकती है। इतिहास खुद को दोहराता-सा लग रहा है। भाजपा-पुरानी शिवसेना ने विधानसभा चुनाव गठबंधन के साथ ही लड़ा था। गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट बहुमत भी था, लेकिन उद्धव ठाकरे की मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल थी कि उन्होंने अढाई-अढाई साल के मुख्यमंत्री की मांग की। बल्कि पहला अवसर शिवसेना को देने का भी आग्रह किया। हालांकि भाजपा के 104 विधायक जीत कर आए थे और वह सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन शिवसेना के 55-56 विधायक ही थे। सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक भूख यहां तक बढ़ी कि उद्धव ने कांग्रेस और संगठित एनसीपी के साथ 'महाविकास अघाड़ी' गठबंधन बनाया और मुख्यमंत्री बन गए।

## चिंतन-मनन

### धर्मराज युधिष्ठिर ने निभाया था भ्रातृ धर्म

गहन वन से तृषार्त पाण्डव गुजर रहे थे। पानी की तलाश में वे इधर-उधर घूम ही रहे थे कि अकस्मात उन्हें एक सरोवर दिखाई दिया। भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव जल पीने के पूर्व ही मृत्यु का ग्रास बन गए। कारण यह था कि एक यक्ष ने उनसे प्रश्न किए थे, किंतु उन्होंने उस ओर ध्यान नहीं दिया और बिना जवाब दिए ही पानी पीने लगे। लेकिन वे यक्ष का कोपभाजन बने और उन्हें मृत्यु प्राप्त हुई।

इतने में युधिष्ठिर आए और पानी पीने की कोशिश करने लगे। उनसे भी यक्ष ने प्रश्न किए, जिनके युधिष्ठिर ने समुचित उत्तर दे दिए। तब यक्ष ने प्रसन्न होकर कहा, तुम जल पीने के अधिकारी हो। मेरी इच्छा है कि तुम्हारे चारों भ्राताओं में से किसी एक को जीवन दान दूं। बोलो, मैं किसे पुनर्जीवित करूं?

प्रश्न बड़ा ही विचित्र था और साथ ही कठिन भी, क्योंकि युधिष्ठिर को चारों भाई एक समान प्रिय थे, तथापि एक क्षण भी सोचे बिना वे बोले, यक्षश्रेष्ठ आप नकुल को ही जीवन दान दें। यक्ष हंस पड़ा और बोला, धर्मराज, कौरवों से युद्ध में भीम की गदा और अर्जुन का गांडीव बड़ा ही उपयोगी सिद्ध होगा। इन दो सगे भाइयों को छोड़कर नकुल का जीवन क्यों चाहते हो। धर्मराज बोले, यक्षश्रेष्ठ हम पांचों भ्राता ही माताओं के स्नेह चिह्न हैं। माता पुंती के पुत्रों से मैं शेष हूं, किंतु माद्री मां के तो दोनों ही पुत्र मर चुके हैं। अतः यदि एक के ही जीवन का प्रश्न है, तो माद्री मां के नकुल का ही पुनर्जीवन इष्ट है। यक्ष ने सुना, तो भावविह्वल हो बोला, युधिष्ठिर तुम धर्मतत्व के ज्ञाता हो, मैं तो सिर्फ तुम्हारी परीक्षा ले रहा था कि तुम वास्तव में धर्म के अवतार हो या नहीं। अतएव मैं चारों भाईयों को जीवन देता हूं।

# भ्रष्टाचार पर चीन ने दिखाई सख्ती अब भारत की बारी



सनत जैन

चीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी अभियान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वर्ष 2025 में चीन ने लगभग 10 लाख लोगों को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया और उनमें से 9.83 लाख दोषी ठहराए गए। जो अब सजा भुगत रहे हैं। यह कार्यवाही सिर्फ संख्या दशार्नी वाली नहीं है, बल्कि उस राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रमाण है जिसके दम पर चीन ने अपनी प्रशासनिक व्यवस्था को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था बनाने की दिशा में काम करने में सफल हुआ है। 2012 में शी जिनपिंग के सत्ता में आने के बाद से भ्रष्टाचार उन्मूलन का काम शुरू हुआ। इस अभियान में अब तक 72 लाख से अधिक मामलों की जांच हो चुकी है। बैंकिंग, रक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, सरकारी और निजी कंपनियां इत्यादि का कोई भी क्षेत्र कार्यवाही से अछूता नहीं रहा। चीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की खास बात यह है, यहां ह्लबड़ा आदमीह्व या ह्लमहत्वपूर्ण पदह्व पर बैठे लोग भी भ्रष्टाचारियों का बचाव नहीं कर पाते हैं। 2025 में चीन के 69 शीर्ष अधिकारी ,केंद्रीय मंत्री स्तर से लेकर प्रांतीय प्रमुखों के पदों पर बैठे हुए लोगों को भ्रष्टाचार के आरोप प्रमाणित होने के बाद सजा दी गई है। सेंट्रल कमीशन फॉर डिसिप्लिन इंस्पेक्शन और नेशनल कमीशन ऑफ सुपरविजन के जरिए पार्टी और सरकार ने यह संदेश दिया है, महत्वपूर्ण पद पर बैठे हुए लोगों को सत्ता को पिंजरे में रखना जरूरी है। टीवी डॉक्यूमेंट्री के जरिए भ्रष्टाचार के तरीकों और दोषियों के कबूलनामों को चीन में सार्वजनिक किया जा रहा है। इसके कारण भ्रष्टाचारियों में भारी भय व्याप्त है। आम जनता सजग हुई है। वह शिकायत करने के लिए अब सामने आ रही है। भारत में ठीक इसके विपरीत स्थिति है। भ्रष्टाचारी यदि सत्ता पक्ष का है तो उसके बचाव करने के लिए पूरा शासन और प्रशासन तंत्र सामने आ जाता है। 2014 के बाद से सत्ता पर बैठे हुए लोग और प्रशासनिक पदों पर बैठे हुए लोगों के खिलाफ भारत में कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है जो कार्रवाई हो रही है वह छोटे-छोटे पदों में बैठे हुए लोगों के खिलाफ हो रही है। भारत में भ्रष्टाचार कॉरपोरेट तरीके से सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। भारत में भ्रष्टाचार के मामले अक्सर दर्ज ही नहीं होते हैं, वर्षों तक जांच के नाम पर लटके रहते हैं। बड़े नेता और अफसर कानूनी जटिलताओं, राजनीतिक संरक्षण और ह्लवाशिंग मशीनह्व जैसी प्रक्रियाओं से बचे रहते हैं। नतीजा यह कि भारत की आम जनता छोटे-छोटे से कामों के लिए भ्रष्टाचार की चक्की में पिस रही है। भारत में नौकरशाही के साथ-साथ अब न्यायपालिका के ऊपर भी भ्रष्टाचार के आरोप बड़े पैमाने पर लग रहे हैं। राजनीतिक, प्रशासनिक एवं न्यायपालिका में जिस तरह से भ्रष्टाचार फैल रहा है उसको लेकर आम जनता में सिस्टम पर भरोसा कमजोर होता जा रहा है। भारतीय दंड संहिता में जो नए प्रावधान किए गए हैं, उसके अनुसार शासन की अनुमति के बिना भ्रष्टाचार की शिकायतों पर कार्रवाई संभव ही नहीं है। भारत में एफआईआर दर्ज न होने से सरकार और उसके अधिकारी अपने आप को ईमानदार बताने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। आंकड़ों को बेहतर दिखाने और भ्रष्टाचार मुक्त बताने के लिए सरकार स्वयं भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का काम करती है। जिसके कारण भारत में भ्रष्टाचार दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही चला जा रहा है।

चीन का उदाहरण दिखाता है, भ्रष्टाचार से लड़ाई सिर्फ कानून बनाने से नहीं हो सकती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत और उसकी जांच बिना अपवाद, जांच करने एवं कठोर कार्यवाही करने से भ्रष्टाचार को नियंत्रित किया जा सकता है। चीन में सरकार भ्रष्टाचार के मामलों से घबराती नहीं है। वह बेहतर शासन देने के लिए भ्रष्टाचारियों पर बिना किसी भेदभाव के कठोर कार्यवाही कर रही है। यह संदेश जनता को देती है। बिना किसी भेदभाव के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही करने के कारण चीन में सरकार की इमेज आम जनता में बहुत अच्छी है। चीन में भ्रष्टाचार करने से प्रमुख पदों पर बैठे हुए लोग डरने लगे हैं। यह स्थिति भारत में एक बार 1975 से 1977 के बीच में जब आपातकाल लगा था तब देखी गई थी। उस समय शासन और प्रशासन के सभी तंत्र भ्रष्टाचार और कानून विरोधी काम करने से डर रहे थे। भारत में यदि भ्रष्टाचार सचमुच कम करना है तो शुरूआत राजनीतिक ईमानदारी से करनी होगी। खासकर चुनावी खर्च और सत्ता के संरक्षण में जिस तरह का भ्रष्टाचार हो रहा है उसको तुरंत नियंत्रित करने की जरूरत है। जहां सरकार के मुखिया का संकल्प मजबूत होता है, वहां सिस्टम सुधरता है। इस बात का प्रमाण आपातकाल का दौर था। चीन ने यह करके दिखाया है। बिना किसी भेदभाव के सख्ती और निरंतर कार्रवाई करने से भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जा सकती है। पिछले 11 वर्षों में भारत में केवल विपक्षियों के ऊपर कारवाई हो रही है। सत्ता पक्ष और सत्ता पक्ष से जुड़े हुए अधिकारियों और न्याय व्यवस्था से जुड़े हुए लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने से भारत में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता चला जा रहा है। चीन में जो भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हो रही है, भारत के लिए वह एक सबक है। कानून सबके लिए बराबर हो, तभी लोकतंत्र और शासन तथा सामाजिक व्यवस्था मजबूत होगी। किसी भी देश का विकास तभी संभव है जब सभी पक्ष ईमानदारी से अपना काम करें। चीन ने यह करके दिखा दिया है।

# कलयुग के ये सबल हथियार - झूठ अफवाह और दुष्प्रचार



तनवीर जाफ़री





वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी का राजधानी कोराकस से गत 3 जनवरी को अपहरण कर ड्रग्स तस्करी को बढ़ावा देने के नाम पर जिसतरह उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया गया और उसके फौरन बाद जिसतरह ईरान पर अमेरिकी हमले की भूमिका तैयार करने के लिये ईरान में पिछले दिनों चले कथित सत्ता विरोधी प्रदर्शनों को प्रचारित व प्रसारित किया गया इन घटनाओं इनसे जुड़ी जमीनी सच्चाई ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या अब यह दुनिया पूरी तरह से झूठ,अफवाह व दुष्प्रचार की गिरफ़्त में आ चुकी है? क्या आज की दुनिया में झूठ, दुष्प्रचार और अफवाहें बहुत बड़ी ताकत बन चुकी हैं। इतनी बड़ी ताकत कि इनके बल पर कहीं चुनाव परिणाम भी उलट सकते हैं? अपने देश के विपक्ष या किसी देश की सत्ता को बदनाम किया जा सकता है? कहीं गृह युद्ध की आग भड़काई जा सकती है? इसी के बल पर किसी देश को परमाणु हथियार रखने वाला तो किसी को केमिकल हथियार रखने वाला देश बताकर उस देश को ही तहस नहस किया जा सकता है? किसी स्वाभिमानी देश या शासक को नीचा दिखाने के लिये उसे तानाशाह या जनविरोधी कुछ भी बताकर वहां खूनी इबारत लिखी जा सकती है?

निश्चित रूप से झूठ,अफवाह और दुष्प्रचार सत्ता व राजनीति का हमेशा से ही प्रबल हथियार रहा है। खुद जर्मन तानाशाह हिटलर इसे एक प्रभावी हथियार मानता था। हिटलर का मानना था कि हमेशा एक ही बात को दोहराओ, चाहे वो कितनी भी सरल क्यों न हो। वह कहता था कि प्रोपेगैंडा में सच्चाई को थोड़ा-सा मिलाकर झूठ को और प्रभावी बनाया जा सकता है। और उसी का मत यह भी था कि झूठ इतना बड़ा होना चाहिए कि कोई सोचे भी नहीं कि कोई इतना बड़ा झूठ बोल सकता है। खुद हिटलर ने इसी नीति का इस्तेमाल यहूदियों के विरुद्ध कर दुनिया का सबसे बड़ा नरसंहार अंजाम दे डाला। इसी तरह 2002-2003 का वह दौर याद कीजिये जब अमेरिका ने तत्कालीन इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन पर रासायनिक हथियार और अन्य सामूहिक विनाश के हथियार रखने का गंभीर आरोप लगाया था। इस आरोप को अमेरिका ने इतना प्रचारित किया था कि इसी आधार पर मार्च 2003 में अमेरिका ने इराक पर हमला तक कर दिया। सद्दाम को अपदस्थ कर उसे सामूहिक हत्या के दूसरे मामले में फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया। बाद में रिपोर्ट आई कि इराक के पास कोई सक्रिय या बड़े पैमाने पर रासायनिक हथियारों का भंडार नहीं मिला। कोई रासायनिक हथियार उत्पादन, कोई वीएक्स गैस का बड़ा भंडार, कोई मोबाइल बायोलॉजिकल लैब आदि कुछ भी नहीं मिला। यहां तक कि अमेरिका ने बाद में खुद यह स्वीकार भी किया कि उसकी खुफिया जानकारी गलत थी। इराक पर हमले का आदेश देने वाले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भी उस समय यही कहा था कि वे भी निराश हैं। कई अमेरिकी अधिकारी और पूर्व खुफिया प्रमुखों ने इसे खुफिया विफलता भी कहा। परन्तु तब तक तो झूठ अफवाह और दुष्प्रचार का निशाना सद्दाम हुसैन बन चुके थे। उसके बाद इसी बहाने इराक से तेल दोहन से लेकर इराक को अस्थिर व तबाह करने तथा वहां अमेरिकी सैन्य बेस बनाने तक के कई खेल खेले गए। अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलास मदुरो पर भी मुख्य रूप से नारको-टेररिज्म,कोकीन आयात की साजिश , मशीन गन और विनाशकारी उपकरणों का कब्जा और उपयोग तथा मनी लॉन्ड्रिंग और हथियारों की साजिश जैसे आरोप लगाए हैं। परन्तु उन्होंने मादुरो की गिरफ़्तारी के फौरन बाद ट्रंप ने कहा - कि अमेरिका वेनेजुएला को संचालित करेगा , खासकर इसके तेल भंडार और तेल उद्योग को। जब तक कि वहां सुरक्षित और उचित व्यवस्था नहीं हो जाती । ट्रंप ने यह भी कहा कि बड़ी अमेरिकी तेल कंपनियां अरबों डॉलर निवेश करेंगी, देश के खराब हो चुके तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करेंगी, और उत्पादन बढ़ाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार (लगभग 303 अरब बैरल) हैं, और अमेरिका अब इनका नियंत्रण लेगा, तेल बेचेगा, और इससे होने वाली कमाई अमेरिका व वेनेजुएला के लोगों के फायदे में इस्तेमाल होगी। गोया क्या सद्दाम की ही तरह निकोलास मदुरो पर लगाया गया आरोप भी झूठ अफवाह और दुष्प्रचार पर आधारित था। असल मकसद वेनेजुएला के तेल भंडार पर नियंत्रण ही था?

इसी तरह पिछले दिनों ईरान में हुये विरोध प्रदर्शनों को भी पश्चिम मीडिया खासकर इस्त्राईल व अमेरिका द्वारा बढ़ा चढ़ाकर प्रचारित किया जाने लगा। ईरान में 2022 में हुये महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचारित करने के काफी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इजराइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुये थे उन्हीं प्रदर्शनों में सत्ता बदलने की मांग होने लगी। आरोप है कि अमेरिका-इजराइल फंडिंग पर चलने वाले कई पश्चिमी मीडिया ने इन प्रदर्शनों में हुई मौतों की संख्या को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताया। यहाँ तक कि 2,000 से लेकर 20,000 प्रदर्शनकारियों तक की मौत होने के झूठे आंकड़े दे दिए गये । अल जजीरा की एक रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि इजराइल से जुड़े नेटवर्क ने हैशटैग और नैरेटिव को कृत्रिम बढ़ावा दिया, ताकि ऐसा लगे कि विरोध बहुत बड़ा है और जनता में व्यापक सहमति है। यह astroturfing कहा जाता है। इजराइली चैनल 12 के विश्लेषक एहुद यारी ने खुद माना कि इजराइली मीडिया ने ईरान के वर्तमान शासन के पतन की अफवाहें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर फैलाईं, और बाद में मुआफी मांगी कि प्रदर्शन कम हो गए हैं और सरकार के नियंत्रण में हैं । रूस और चीन की मीडिया ने भी इसे ईरान विरोधी प्रोपेगंडा व पश्चिमी दुष्प्रचार बताया। जबकि ठीक इसके विपरीत पूरे ईरान में लाखों लोग वर्तमान ईरानी सत्ता खासकर सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामनेई के समर्थन में व अमेरिका इस्त्राईल के विरोध में सड़कों पर उतरे। उसे इसी पश्चिमी मीडिया द्वारा नजरअंदाज किया गया। लिहाजा कहना गलत नहीं होगा कि झूठ अफवाह और दुष्प्रचार आज पहले से कहीं ज्यादा शक्तिशाली और खतरनाक हथियार बन चुका है। और दुर्भाग्य से सच और झूठ की इस लड़ाई में निःसंदेह झूठ,अफवाह और दुष्प्रचार काफी तेज और बहुत आगे चल रहा है।

आज के दौर में ज्वेलरी मेकिंग सिर्फ सुनारों का ही खानदानी काम नहीं रहा। आप भी गहने बनाने के काम में अपना भविष्य बना सकते हैं। शुरू में थोड़े इन्वेस्टमेंट के साथ आप अपना काम भी शुरू कर सकते हैं। कैसे, इस बारे में बता रहे हैं... जिस तरह ज्वेलरी अब सिर्फ सोने-चांदी का नाम नहीं है, ठीक वैसे ही यह काम अब केवल सुनारों का नहीं रह गया है। ज्वेलरी की बढ़ती डिमांड और बाजार में प्रतिस्पर्धा के चलते अब इस क्षेत्र में पढ़े-लिखे डिग्रीधारी प्रोफेशनल्स को काम करने का मौका मिलने लगा है।



# ज्वेलरी मेकिंग

## अपना करियर खुद कीजिए डिजाइन

भारत रत्न विज्ञान केंद्र के निदेशक एपी सिंह ने बताया कि 'ज्वेलरी मेकिंग में भारत दुनिया भर में सबसे आगे हो चुका है। यहां सस्ते और अच्छे कारीगर मिलने की वजह से विश्व का ध्यान भारत की ओर टिका हुआ है।' अब वह दौर भी धीरे-धीरे जा रहा है, जब लोग ज्वेलरी को आवश्यकता की चीज यानी इन्वेस्टमेंट की नजर से ज्यादा और साज-सज्जा यानी श्रृंगार की सोच से कम खरीदा करते थे। आजकल लोग इन्वेस्टमेंट के साथ इस बात पर विशेष ध्यान देने लगे हैं कि वे जिस आभूषण को खरीद रहे हैं, उसका डिजाइन कैसा है और वह पहनने पर कैसा लगेगा। डिजाइन अच्छा होगा तो उसे पहनने वाले की सुंदरता में भी चार चांद लगेंगे। लोगों की इसी सोच के चलते अब सोने-चांदी के अलावा आर्टिफिशियल और कॉस्ट्यूम ज्वेलरी की भी बाजार में काफी डिमांड है।

खैर, ज्वेलरी चाहे सोने-चांदी की हो या आर्टिफिशियल या कॉस्ट्यूम, दोनों को तैयार करने वालों को प्रशिक्षण एक ही तरह का दिया जाता है। आजकल के बदलते ट्रेंड और इस क्षेत्र में करियर के उम्दा चांस मिलने के चलते युवा इस ओर खूब रुख कर रहे हैं। इस क्षेत्र में पैसे की भी कोई कमी नहीं है।

### ज्वेलरी मेकर्स का काम

इस क्षेत्र में काम करने वालों को आभूषण बनाना, उन्हें मॉडिफाई करना, डिजाइन करना आदि के अलावा जैमोलॉजी की बेसिक जानकारी तथा कास्टिंग टेक्नोलॉजी, ज्वेलरी का इतिहास, स्टोन कटिंग एंड इनेबलिंग यानी नक्काशी, रत्नों की शुद्धता मापना, रत्नों का चुनाव, मूल्य, सेटिंग, पॉलिशिंग, सोइंग एवं सोल्डरिंग, फेब्रिकेशन, रिपेयरिंग, रत्नों के अलावा टेराकोटा मोतियों और हाथी दांत व सीपियों का प्रयोग करना सिखाया जाता है। अगर आप कला में रुचि रखते हैं। दसवीं या बारहवीं पास हैं और अपना काम करना चाहते हैं या आपको नौकरी उतनी अच्छी नहीं मिल रही है अथवा आप परीक्षाओं में अच्छे अंक नहीं ला पाए हैं तो आप ज्वेलरी मेकिंग का काम सीख कर इस क्षेत्र में बहुत अच्छा पैसा कमा सकते हैं। कैसे, आइए जानें:- ज्वेलरी मेकिंग या डिजाइनिंग के लिए कम से कम 10 फुट चौड़े और 12 फुट लंबाई वाले कमरे की जरूरत होती है। बड़ा काम करने के लिए उसी हिसाब से जगह की ज्यादा जरूरत होती है।



➲ **लागत:** इस काम को करने में कम से कम पांच लाख रुपए का खर्च आता है। आप जितना बड़ा काम करना चाहेंगे, लागत भी उतनी ही अधिक आएगी। अगर आप केवल टांका लगाने का काम करते हैं या तार खींचने का काम या लड़ी जोड़ने यानी पिरोने का काम करना चाहते हैं तो आपका काम बीस-तीस हजार रुपए में शुरू हो सकता है। जगह का खर्च आपको अलग से वहन करना पड़ेगा।

➲ **हैंड्स:** हैंड्स यानी सहयोग, मतलब आपको इस काम को करने के लिए कम से कम कितने वर्कर्स की आवश्यकता पड़ेगी तो आपको बता दें कि पांच लाख की लागत लगा कर काम शुरू करने पर आपको कम से कम 15 लोगों की आवश्यकता पड़ेगी। अगर आप काउंटर लगाकर काम शुरू करते हैं तो आपको किसी अन्य व्यक्ति की सहायता की जरूरत नहीं पड़ेगी या काम के हिसाब से आप कारीगर रख सकते हैं।

➲ **योग्यता:** ज्वेलरी मेकर बनने के लिए डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स करना आवश्यक है। इसके लिए आपकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं होनी चाहिए। कुछ प्राइवेट संस्थान दसवीं पास छात्रों को भी प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। बड़े संस्थान लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश देते हैं।

➲ **कोर्स की अवधि:** ज्वेलरी मेकिंग के कोर्सेज की अवधि तीन माह से लेकर दो साल तक है। इसमें तीन से छः माह के सर्टिफिकेट कोर्स होते हैं, जबकि एक से दो साल में डिप्लोमा कोर्स कराए जाते हैं। आजकल कुछ संस्थान साप्ताहिक कोर्स भी कराते हैं, जिनमें टांका लगाना, ज्वेलरी साफ करना, तार खिंचाई, लड़ी जोड़ना सिखाया जाता है।

### प्रशिक्षण देने वाले प्रमुख संस्थान

ज्वेलरी मेकिंग का प्रशिक्षण देने वाले प्रमुख संस्थानों के नाम व पते इस प्रकार हैं-

रत्न परीक्षण प्रयोगशाला: राजस्थान चेंबर भवन, द्वितीय तल, मिर्जा इस्माइल रोड, जयपुर-302003,

रत्न भारतीय हीरा संस्थान: कैटरम गिड्स, पोस्ट बॉक्स नं-508, सुमुल डेयरी रोड, सूरत-395008, गुजरात

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धक परिषद: डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर मार्ग, मुंबई

भारत रत्न विज्ञान केंद्र: झंडेवालान, नई दिल्ली,

भारतीय रत्न विज्ञान संस्थान: नई दिल्ली

दिल्ली जैम एंड ज्वेलरी इंस्टीटयूट: नई दिल्ली

➲ **शुल्क:** ज्वेलरी मेकिंग के कोर्स का शुल्क प्रशिक्षण अवधि, कोर्स और संस्थान पर निर्भर करता है। इस काम को सिखाने वाले संस्थान 10 हजार रुपए से दो लाख रुपए तक चार्ज करते हैं। जो संस्थान सिर्फ टांका आदि लगाना सिखाते हैं, वे एक हजार से पांच हजार तक वसूलते हैं।

➲ **आमदनी:** ज्वेलरी मेकिंग का काम एक ऐसा काम है, जिसमें आपकी आमदनी अच्छी होने के साथ बढ़ती ही रहती है। इस काम में सोने-चांदी का 15 प्रतिशत हिस्सा अलॉय यानी दो-तीन धातुओं के मिश्रण में और 5 प्रतिशत हिस्सा ढलाई में मिलता है। मोटे तौर पर कहें तो कुल मिला कर अलग-अलग जगहों के हिसाब से 14, 15, 18 या 23 प्रतिशत हिस्सा बनाने वाले को मिलता है और बनवाई अलग से मिलती है। अन्य धातुओं से ज्वेलरी बनाने में केवल बनवाई मिलती है। शुद्ध आमदनी की अगर बात की जाए तो पांच लाख रुपए की लागत से शुरू किए गए काम से आप लाखों रुपए महीने तक कमा सकते हैं, जबकि आर्टिफिशियल या कॉस्ट्यूम ज्वेलरी बनाने में कुछ कम आमदनी होती है। आपका काम जितने बड़े स्तर का होगा या बढ़ेगा, उसी हिसाब से आमदनी भी बढ़ेगी।

➲ **लोन:** ज्वेलरी मेकिंग का काम शुरू करने के लिए अगर आपके पास पर्याप्त पैसा नहीं है तो आप लोन भी ले सकते हैं। इसके लिए आपके पास दो रास्ते हैं। एक निजी स्तर पर सीधे बैंक से लोन लेने का और दूसरा सरकारी संस्थान के सर्टिफिकेट पर ग्रामीण या शहरी स्वरोजगार योजना की स्कीमों के अंतर्गत लोन लेकर काम शुरू करने का। दोनों ही तरह से आपको जरूरी दस्तावेज जमा कराने होंगे। इन दस्तावेजों में प्रोजेक्ट रिपोर्ट, जगह के कागज, बैंक या स्कीम के मुताबिक सिक्योरिटी मनी, शिक्षा के प्रमाण-पत्र, आईडी प्रूफ, पासपोर्ट साइज फोटो आदि शामिल हैं। इसके अलावा आपको दो गवाह भी चाहिए। लोन की राशि आपकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट, कार्य का आकार-प्रकार और जगह की वैल्यू पर निर्भर करेगी।

# हमेशा ऊंचाइयों पर कैसे रहें?

यदि आप चाहते हैं कि आप ऊंचाई पर हों और प्रसन्नचित्त रहें तो उसका एक ही तरीका है, हमेशा दूसरों को प्रसन्न रखें। दूसरों की सहायता करने में कोई हर्ज नहीं है, किंतु यदि आप इसे अपनी प्राथमिकताओं, वचनबद्धता व जरूरतों की कीमत पर करते हैं तो आप हमेशा अप्रसन्न महसूस करेंगे। आपको इस बात का भी अहसास होगा कि आप अपने वांछित लक्ष्यों, इच्छाओं व उद्देश्यों को हासिल नहीं कर पा रहे हैं। इसके साथ ही आपको सुनिश्चित समय-अंतराल के साथ, सुनिश्चित लक्ष्यों की भी जानकारी होनी चाहिए। आपकी वचनबद्धता के स्तर, उत्साह व प्रेरणा में मेल होना भी जरूरी है। बड़े लक्ष्य पाने हैं तो बड़े कदम उठाने होंगे। आपके भीतर पथ में आने वाली हर बाधा पर हावी होने, उसका सामना करने व उस पर विजय पाने का साहस होना चाहिए।

### पराजितों से दूर रहें

ऊंचाइयों पर रहने का एक तरीका यह भी है कि आप पराजित व नकारात्मक लोगों का साथ छोड़ दें, क्योंकि वे हमेशा यही बताने की कोशिश में रहते हैं कि आप कोई काम क्यों नहीं कर सकते या अपने लक्ष्य क्यों नहीं पा सकते। इन पराजितों के दल का हिस्सा न बनें, क्योंकि इनमें से कुछ को बदल पाना नामुमकिन होता है। यदि आप उनके साथ रहेंगे तो नकारात्मकता की चपेट में आते देर नहीं लगेगी।

### शांत रहें व दूसरों को भी सहज रखें

आपको न केवल स्वयं को शांत व सहज रखना है, बल्कि अपने संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भी आरामदेह महसूस करवाना है। हमें अपने सपनों को साकार करने के लिए आने वाले दिन की राह नहीं देखनी, बल्कि इस पर आज से ही काम शुरू कर देना है। आपको बड़े-से-बड़ा बनने का सपना देखना चाहिए। सफल व असफल लोगों में सबसे बड़ा अंतर एक ही होता है, वह है उनकी दृढ़ता। हमेशा ऊंचाई पर व प्रसन्नचित्त रहने का एक तरीका यह भी है कि व्यक्ति वित्तीय रूप से स्वतंत्र हो। जीवन में कई पहलू होते हैं जैसे परिवार, व्यवसाय व सामाजिक जीवन आदि।

### प्रेरणा का स्रोत ऊंचा रखें

प्रेरणा का स्तर इतना ऊंचा हो कि आप हमेशा एक से दूसरे लक्ष्य तक जाने के लिए प्रेरित रहें। आपको अहसास हो कि सफलता की राह में अड़चनें भी होती हैं और आप उन बाधाओं व अड़चनों के बावजूद यात्रा को अधूरा नहीं छोड़ने वाले।

### केवल आज में ही जिएं

प्रसन्न रहने का एक तरीका यह भी है कि बीते दिन की बुरी यादों को साथ न लाएं और न ही आने वाले कल की चिंता करें। प्रायः हम जिस दुर्भाग्य की कल्पना कर लेते हैं, वह घटित नहीं होती। यदि कोई संकट या परेशानी सामने आ भी जाए तो याद रखें कि वह भी बीत जाएगी। दिमाग में किसी भी चिंता का बोझ न डालें। हम आज का भार तो सह सकते हैं, किंतु कल व आने वाले कल की परेशानी का भार नहीं सह सकते। मनुष्य का स्वभाव भी बड़ा विचित्र होता है, वह एक शेर को तो चकमा दे सकता है, लेकिन किसी मच्छर या मक्खी को नहीं उड़ा पाता। ऊंचाई पर रहने का सबसे बेहतर तरीका यही है कि आने वाले कल की उन चिंताओं पर विचार न करें, जो संभवतः कभी घटित ही न हों। मिशेल डी मोंइज ने कहा है- ''मेरा जीवन ऐसे भयानक दुर्भाग्यों से भरपूर रहा है, जिनमें से ज्यादातर ऐसे हैं, जो कभी घटित ही नहीं हुए। ऊंचाइयों पर रहने का एक तरीका यह भी है कि आप पराजित व नकारात्मक लोगों का साथ छोड़ दें, क्योंकि वे हमेशा यही बताने की कोशिश में रहते हैं कि आप कोई काम क्यों नहीं कर सकते या अपने लक्ष्य क्यों नहीं पा सकते।



**उंचाइयों पर रहने का एक तरीका यह भी है कि आप पराजित व नकारात्मक लोगों का साथ छोड़ दें...**



# गुरु-मंत्र: कम्युनिकेशन पर दें ध्यान

**थैंक्यू... प्लीज... आई एम सॉरी... इनका प्रयोग अक्सर कम्युनिकेशन के दौरान होता है। कम्युनिकेशन अपने आप में काफी बड़ा, विस्तृत और आकर्षक विषय है। समाज में विभिन्न स्तरों पर संवाद की जरूरत और किस प्रकार का संवाद होना चाहिए, इस पर कई बातें निर्भर करती हैं।**

कॉर्पोरेट वर्ल्ड में भी कम्युनिकेशन पर काफी ध्यान दिया जाता है। कम्युनिकेशन में सकारात्मकता आपको घर से लेकर आपके ऑफिस में सहायक सिद्ध होगी। घर पर अगर आप परिवार के किसी सदस्य के साथ बातचीत कर रहे हैं और उसमें कोई बात आपको अच्छी नहीं लगी तब आप तत्काल उस पर प्रतिक्रिया देते हैं और टोक देते हैं। खासतौर पर जब बात युवा साथी की हो तब उसे टोकना जरूरी भी है ताकि वह अपने कम्युनिकेशन में बदलाव लाए, पर यहां भी बात सकारात्मकता की लागू होती है। अगर आपने डांट कर अपनी बात मनाने के लिए कोई बात कही तब कुछ भी नहीं होने वाला और हो सकता है कि अगली बार आप संवाद स्थापित करने का मौका ही छोड़ दे। अगर बात कॉर्पोरेट वर्ल्ड की है तब कार्यालयों में यह देखा जाता है, अगर कोई कर्मचारी समय पर नहीं आता है तब छुट्टी से लेकर नोटिस देने जैसे कितने ही कार्य होते हैं। एक कंपनी में तो देरी से आने वाले को सभी स्टॉफ के सामने डांटने जैसी परंपरा ही थी, परंतु इससे क्या व्यवस्थाओं में परिवर्तन लाया जा सकता है क्या? या फिर कम्युनिकेशन इसमें किस तरह का हो सकता है, इस बारे में विचार किया जाए।

पॉजिटिव कम्युनिकेशन की बात की जाए तब कार्यालय में देरी से आने वाले कर्मचारी को इस बात के लिए प्रेरित किया जाए कि चलिए आज कोई समस्या होगी बावजूद इसके आप थोड़ा ही देर से आए। आप कल और जल्दी आ सकते हैं। हो सकता है कि इससे कर्मचारी के मन पर थोड़ा असर पड़े और वह जल्दी आने के लिए प्रेरित हो, जबकि दूसरी ओर अगर आपने उसे डांटा है तब उसका नकारात्मक असर ही पड़ेगा। वह ऑफिस में जल्दी जरूरी आएगा, पर अपना आउटपुट जैसा चाहिए वैसा नहीं देगा। घर पर भी युवाओं या किशोरों से बातचीत के दौरान या सामान्य रूप से बातचीत के दौरान भी अगर आप किसी विवाद को समाप्त करना चाहते हैं तब बातचीत की शुरुआत जिन मुद्दों पर असहमति है उनसे न करके जिन बातों पर सहमति है, उससे करेंगे तब बात बनेगी जरूर। कॉर्पोरेट वर्ल्ड में किसी भी उत्पाद या किसी अन्य कंपनी से डील करते वक्त इस बात का ध्यान रखा जाता है। दोनों साझा रूप से किन बातों पर सहमत हैं। एक बार हां की मुहर लग जाने के बाद अन्य बातें करने में आसानी हो जाती है। थैंक्यू... प्लीज... आई एम सॉरी का उपयोग कहां, कब और कितना करना यह भी जानना जरूरी है। कॉर्पोरेट वर्ल्ड में भावनाओं की कद्र थोड़ी कम ही होती है और खासतौर पर सेल्स के क्षेत्र में कंपनियों को टारगेट पूर्ण होने से मतलब होता है । इस कारण सॉरी की बात ही न कहें, बल्कि तर्क के सहारे अपनी बात रखें।

# आपकी त्वचा भी हो सकती है बेदाग



**अगर** आपको मॉडल्स या अभिनेत्रियों की सुंदरता या फिर अपने दोस्तों व सहकर्मियों की बेदाग त्वचा को देखकर ईर्ष्या होती हो और उनकी तुलना में खुद को अनाकर्षक समझती हों, तो अब आपको अपने कमियों को लेकर अपनी नींद गंवाने की जरूरत नहीं है। अगर आपने बडी ईमानदारी से क्लींजिंग, मॉयस्चराइजिंग व नियमित रूप से स्किन ट्रीटमेंट किया है, लेकिन उनसे कोई मदद नहीं मिली है, तो आपके पास और भी विकल्प हैं। इसके लिए आपको निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना होगा–

**अच्छी नींद लेना**

त्वचा की क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया कार्य के दौरान कठिन होती है, जबकि नींद के दौरान यह प्रक्रिया अच्छी तरह पूरी होती है। इसलिए अगर आप रात को पूरी नींद नहीं सोती हैं, तो न सिर्फ आपके रूप पर इसका असर होता है बल्कि आंखों के आसपास काले धब्बे भी आने लगते हैं।

**व्यायाम**

नियमित रूप से व्यायाम करने से न सिर्फ मन तरोताजा बना रहता है, बल्कि पूरे शरीर को आवश्यक ऊर्जा मिलती है और रक्त का संचार तेज होता है। कहने की आवश्यकता नहीं है कि इससे त्वचा में भी निखार भी आता है या यूं कहें कि संपूर्ण स्वास्थ्य और सुंदरता पर गहरा असर होता है। लेकिन कुछ स्त्रियों में इसके विपरीत प्रभाव को भी देखा जाता है। जैसे- चेहरे के त्वचा का फटना, रैशेज पडना आदि के रूप में। यहां यह जानना बहुत महत्वपूर्ण है कि इस प्रकार की त्वचा संबंधी समस्याएं व्यायाम के चलते नहीं होतीं। आपको वर्कआउट से पहले, इसके दौरान और इसके बाद में किस तरह त्वचा की देखभाल की जाए, आपको इसका पता होना जरूरी है।

**तनाव प्रबंधन**

हालांकि तनाव से त्वचा संबंधी समस्याएं सीधे तौर पर नहीं हो सकतीं, लेकिन पहले से मौजूद समस्याओं को बढाने में इसका योगदान जरूर हो सकता है। वैसी तरकीब, जिनके इस्तेमाल से आपको तनाव से मुक्ति मिलती हो, उन्हें आजमाइए। आपको इसके लिए घंटों योग व ध्यान का अभ्यास करने की जरूरत नहीं है। बल्कि इसके लिए नियमित रूप से आप चंद लम्हे ऐसे निकालें, जिसमें खुद को रिलैक्स कर सकें।

**उचित खानपान**

संतुलित आहार, ताजे फल व ताजी सब्जियां खाने और निम्नलिखित बातों पर अमल करने से निश्चित रूप से आप स्वस्थ रहेंगी व आपकी त्वचा चमकती रहेगी। स्वस्थ आहार में विटमिंस व मिनरल्स शामिल होते हैं। खास तौर पर विटमिन ए, सी व ई, जो कि मुलायम त्वचा के लिए बहुत जरूरी हैं। चॉकलेट व चिकनाईयुक्त भोजन संतुलित मात्रा में लें और जिन चीजों में आयोडीन की मात्रा अधिक हो, उनके अधिक इस्तेमाल से भी बचें, क्योंकि इससे त्वचा पर बुरा असर पडता है। धूम्रपान से हर हालत में बचें। यह त्वचा में निखार लाने की दिशा में दुश्मन की तरह काम करता है।

**खूब पानी पिएं**

एक सामान्य व्यक्ति के लिए कम से कम 12-14 ग्लास पानी प्रतिदिन पीना आवश्यक होता है जिसमें सभी प्रकार के पेय शामिल हैं। जीवन के लिए पानी अत्यावश्यक है और इसे उचित मात्रा में पीना सभी अंगों व तंत्रों, जिसमें त्वचा भी शामिल है, के लिए जरूरी है। प्यास के अलावा शरीर में पानी की कमी से शारीरिक थकान व त्वचा में निखार की कमी भी होती है।

**हार्मोस का प्रभाव**

तनाव के लिए जिम्मेदार कॉर्टिजॉल से लेकर एंड्रोजेन जैसे सेक्स हार्मोस का आपकी त्वचा पर जबरदस्त असर होता है। हार्मोस के स्त्राव में गडबडी से तैलीय ग्रंथि सक्रिय होती है और अधिक मात्रा में सीबम का निर्माण होने लगता है, जिससे कील-मुंहासे वाले बैक्टीरिया को पनपने का मौका मिल सकता है।

**नियमित नुस्खा**

सप्ताह में कम से कम एक बार स्क्रबिंग व फेस मास्क के उपयोग के अलावा नियमित रूप क्लींजिंग, से टोनिंग और मॉयस्चराइजिंग कराना जरूरी है।

**अपूर्णता का प्रबंधन व इलाज**

कुछ दाग को पंच द्वारा निकाला जा सकता है। इस प्रक्रिया में दाग या धब्बों को सबक्यूटेनियस लेयर तक नीचे ले जाया जाता है, जिससे त्वचा में एक प्रकार का छिद्र हो जाता है और स्किन ग्राफ्ट द्वारा जिसे भरा जाता है। सबसाइजन एक ऐसी तकनीक है, जिसमें उन जगहों के ऊतकों, जहां पर किसी तरह के दाग या धब्बे नहीं होते, को लेकर सर्जिकल प्रोब किया जाता है और इस तरह दाग या धब्बों को मिटा दिया जाता है।

**चिकनाईमुक्त त्वचा**

चेहरे पर अगर कील-मुंहासे हों, तो खूबसूरती बुरी तरह प्रभावित होती है। इनसे छुटकारा पाने के लिए बोटॉक्स, रिस्टाइलेन/वैकल्पिक फिलर इंजेक्शन्स आदि तरह का इलाज किया जाता है। विभिन्न प्रकार के फॉर्मूलेशन्स, जिन्हें सुई के माध्यम से त्वचा के अंदर प्रवेश कराया जाता है, से काले धब्बों से मुक्ति मिलती है और चेहरे में निखार आ जाता है।

**गंभीर शल्य क्रियाएं**

त्वचा संबंधी समस्याओं के गंभीर मामलों में ट्रांसप्लांट जैसी तकनीक आजमाई जा सकती है, जिससे न सिर्फ घाव वाली जगहों को फायदा पहुंचता है, बल्कि चेहरे में निखार भी आता है। इस प्रक्रिया में एक तरह से मेडिकल ग्राफ्टिंग की जाती है। जिस ऊतक से ट्रांसप्लांट किया जाता है, उसे स्किन ग्राफ्ट कहते हैं, जिससे चोटिल त्वचा को बदल दिया जाता है। मल्टीक्लियर एक परिष्कृत फोटोथेरेपिटिक सिस्टम है, जिसमें कई प्रकार की गडबडियों से निजात पाने के लिए डॉक्टर कंप्यूटर के इस्तेमाल द्वारा प्रकाश की वेंवलेंथ में अंतर लाते हुए इलाज करते हैं।

अलग-अलग तरह की समस्याओं के लिए डॉक्टर उपयुक्त वेवलेंथ का प्रयोग करते हैं। इस विधि में चंद सेकेंड ही लगता है और इसमें किसी प्रकार की तकलीफ भी नहीं होती। इलाज की पूरी प्रक्रिया में कुल 5 से 8 मिनट का समय लगता है।

स्टेच माऐर्क्स, विटिलिगो, सोरिएसिस व सफेद दाग आदि के इलाज के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है।

**त्वचा की देखभाल के लिए 20 मिनट का रुटीन**

- अपनी त्वचा के प्रकार को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त क्लींजिंग से अपने चेहरे को धोएं। इसका लोशन लगाने के लिए आप कॉटन बॉल या कपडे को प्रयोग में ला सकती हैं।
- दो मिनट तक अपने चेहरे पर गर्म पानी का भाप लें।
- गर्म पानी से ही मास्क को उतारें फिर चेहरे पर मिनरल वॉटर का छींटा मारें।
- पानी में ताजगी व रिलैक्स प्रदान करने वाले तेल की कुछ बूंदें डालने के बाद स्नान करें। आप अपनी आंखों पर इस्तेमाल की हुई हर्बल टी-बैग्स, खीरा या आलू के छिलके आदि का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसी कुछ चीज लगाने के बाद, 10 मिनट तक पूरी तरह रिलैक्स रहें।
- गीली त्वचा में ही पूरे शरीर पर बॉडी लोशन लगाएं। पैर, घुटने, कोहनी व गर्दन आदि का खास खयाल रखें।
- आंखों को सुकून पहुंचाने वाले जेल, अगर आप कहीं बाहर निकल रही हैं, या फिर नाइट आई क्रीम, अगर आप सोने जा रही हैं, का प्रयोग आंखों के आसपास व आईलिड के ऊपर करें।

# जब चुनें शैंपू



- जिस शैंपू से ज्यादा झाग न निकले उसे फेंकें नहीं, क्योंकि बालों की अच्छी सफाई के लिए यह जरूरी नहीं है कि शैंपू से खूब सारा झाग निकले। सुगंध वाले शैंपू इस्तेमाल करना भी कोई जरूरी नहीं है। ऐसा शैंपू चुनें, जो आपके बालों की किस्म के मुताबिक हो और बालों को सूट भी करे।
- अगर बाल पतले और रूखे या सामान्य हैं तो ऐसा शैंपू प्रयोग करें जो बालों को वॉल्यूम दें, बाउंस करें और संवारने में आसान बनाए।
- शैंपू के लेबल पर ध्यान दें अगर उसमें एक्स्ट्रा बॉडी शैंपू छपा है तो यह फॉर्मूला बालों पर एक परत बना देगा जिससे बालों को बॉडी मिलेगी और वे घने नजर आएंगे। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि एक अच्छे ब्रैंड का शैंपू इस्तेमाल करें।
- अगर बाल बेहद रूखे हैं तो ड्राई एंड डैमेज हेयर के लिए बना शैंपू इस्तेमाल करें। यह बालों के लिए जरूरी आर्दता के संतुलन को बनाए रखता है और सूर्य की तेज अल्ट्रावॉयलेट किरणों के दुष्प्रभाव से भी बालों को बचाता है।
- अगर आपने अभी-अभी हेयर कलर कराया है और उसकी चमक को बरकरार रखना चाहती हैं तो ऐसा शैंपू इस्तेमाल करें जिसमें अल्ट्रावॉयलेट फिल्टर्स हों और माइल्ड क्लींजिंग भी करें, ताकि आपके बालों को अल्ट्रावॉयलेट किरणों से नुकसान न पहुंचे।
- अगर आप बहुत सारे स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करती हैं तो आपको क्लैरीफाइंग शैंपू का प्रयोग करना चाहिए, जो आपके बालों की डीप क्लींजिंग करता है और स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स में इस्तेमाल किए गए केमिकल के असर को भी कम करता है।
- अगर आप स्विमिंग करती हैं तो डीटॉक्सीफाइंग शैंपू का इस्तेमाल करे जो क्लोरीन और कॉपरयुक्त पानी के प्रभाव को दूर कर देता है।

# पोटैटो पिजा



**सामग्री:** 4 छोटे-छोटे कटे हुए आलू, नमक और कालीमिर्च पाउडर स्वादानुसार, 2-3 टेबलस्पून तेल।

**टॉपिंग के लिए:** 2-3 टेबलस्पून टोमैटो सॉस, मशरूम और शिमला मिर्च के स्लाइस, ब्लैक ऑलिव, 3-4 टेबलस्पून कद्दूकस किया हुआ चीज।

**विधि:** आलू को कद्दूकस कर लें। नमक और काली मिर्च मिला दें। फ्राइंगपैन में एक टेबलस्पून तेल गरम करके कद्दूकस किया हुआ आलू डालें। उसे दबाते हुए गोल आकार दें। सुनहरा भूरा होने तक ढंक कर पकाएं। पैनकेक को पलटकर दूसरी तरफ भी अच्छी तरह से सेंक लें। यदि जरूरत हो तो किनारों पर थोड़ा-सा तेल डालें। एक हीटप्रूफ प्लेट में पैनकेक को रखकर ऊपर से टोमैटो सॉस डालें. कद्दूकस किया हुआ चीज डालकर ऊपर से शिमला मिर्च और ब्लैक ऑलिव से सजाएं। 10 मिनट तक ग्रिल या बेक करें। गरमा गरम सर्व करें।

# कैसे रखें हाथों की सुंदरता बरकरार



- रात को सोने से पहले दूध की मलाई में थोड़ा सा नींबू का रस, कुछ बूंदें ग्लिसरीन की मिलाकर हाथों पर मलें। कुछ देर बाद रूई से पोंछ लें। हाथ मुलायमे जाएंगे।
- ग्लिसरीन में नींबू या खीरे का रस मिलाकर हाथों पर रगड़ने से हाथों की त्वचा का रंग साफ हो जाता है।
- यदि हाथों पर काले निशान पड़ जाएं तो नींबू के छिलके के ऊपर चीनी के दाने डालें तथा हाथों पर तब तक रगड़े जब तक चीनी घुल न जाए. कुछ दिनों में काले निशान साफ हो जाएंगे।
- कच्चे पपीते को पीस कर हल्दी व सरसों का तेल मिलाकर हाथों पर लगाएं। खुरदरापन मिट जाएगा।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-8-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

## काकुरो पहेली - 1962



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 1961 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक महिला दूसरी महिला से बोली- 'मेरे पति की याददाश्त बहुत कमजोर है.'

'वह कैसे ?'

'एक बार मैं चाट खाने गई तो देखा कि पतिदेव वहां पहले से ही जमे हुए हैं. मैंने जब उनका ध्यान अपनी ओर दिलाया तो बोले- 'बहन जी! आपको पहले भी कहीं देखा है. पर कहां, यह ठीक से याद नहीं पड़ रहा.'

'बस ?' दूसरी महिला हंसती हुई बोली- 'मेरे पति की याददाश्त तुम्हारे पति से भी ज्यादा कमजोर है.'

'तुम भी सुनाओ !'

'एक बार मैं उनके साथ फिल्म देखने गई. फिल्म देखने के बाद वे मुझे एक ओर खड़ा करके स्कूटर लेने चले गये. जब उन्हें गये काफी देर हो गई तो मैं अकेली ही घर पहुंच गई. मेरे दरवाजा खटखटाने पर दरवाजा उन्होंने खोला तो जानती हो बहन उन्होंने क्या पूछा ?'

'क्या पूछा ?'

'यही कि इतनी रात गये मैं कहां से आ रही हूँ.'

□ □ □

एक दोस्त ने दूसरे से कहा- 'यार! यह सुरेश भी साला अजीब इन्सान है. जब देखो कड़की में ही मिलता है.'

'क्यों ? क्या वह तुमसे पैसे मांगने आया था ?' मित्र ने पूछा.

'नहीं ! लेकिन मैं जब कभी भी उससे पैसे मांगने जाता हूँ, वह एक ही जवाब देता है- 'मेरे पास पैसे नहीं हैं'.'

## फिल्म वर्ग पहेली - 1962



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, शशि, नीतू की 'एक रास्ता है जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
६. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली सनी, तब्बू, रीमासेन की फिल्म-३
९. संजयदत्त, पूजा भट्ट की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राजीव कपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. आमिर खान, माधुरी की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की जरूरत' गीत वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. सनी देओल, सुनील शेट्टी, अजय जडेजा, सेलिना जेटली की फिल्म-२
२०. 'डकैत' में मीनाक्षी का नायक ?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी ?-२
२३. अमिताभ, जीनत की 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली जीतेंद्र, जया भादुड़ी की फिल्म-४
२७. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
३१. संजीव कुमार, राखी की 'मन मेरा तुझको मांगे' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली अनिल कपूर, तब्बू की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनील, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. सुनील शेट्टी, करिश्मा, रवीना, सोनाली की 'सुंदरा सुंदरा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'देखा तुझे तो' गीत वाली फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'नजरें मिलीं दिल धड़का' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'कभी मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है-२
१२. विश्वजीत, माला सिन्हा की 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'टक टका टक' गीत वाली संजय कपूर, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
१५. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' की नायिका-२
१७. जैकी श्राफ, संजयदत्त, माधुरी की 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२०. संजय, विवेकमुशरान, मनीषा की फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीतवाली फिल्म-३
३०. मिलिंद, राहुल देव, नतान्या सिंह की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 1961**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | क | रि | श्ता | | जा | न | की | बा | जी |
| क | | श्ते | | आ | न | | र्ति | | व |
| बे | टा | | ल | | व | ध | | कौ | न |
| चा | | अ | व | ता | र | | माँ | | यु |
| रा | जा | जी | | ल | | रा | | यु | द्ध |
| | नू | त | न | | स | नी | | गां | |
| क | | | म | ह | ल | | अ | ध | र्म |
| वि | ना | श | क | | मा | या | | र | |
| ता | | र्मि | | शा | | रा | ज | | धुं |
| | मे | ला | | दी | वा | ना | | क्रो | ध |

## सूडोकु -1962

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1961 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## शब्द पहेली - 1962



**बाएँ से दाएँ**

1. धरोहर,थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा,विश्वास-3
12. दुःख,परेशानी,कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर,घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत,होशियारी-5
25. डूबा हुआ,समाप्त-2
26. तीक्ष्ण,तेज-3
27. अधर्म,अपकृत्य-2
28. मनमौजी,चंचल-4
30. हत्या,वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार,व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा,रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति,सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ,मरीज-3
6. दम,ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत,मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर,राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश,मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली - 1961 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ज | कु | मा | र | | म | नो | ह | र |
| दौ | र | | ली | | ख | न | न | | र | वा |
| ल | | जा | न | व | र | | न | ल | | य |
| त | न | य | | | खा | र | | की | म | त |
| खा | | दा | | ना | व | | ड | | दा | |
| ना | र | द | मु | नी | | प | र | व | री | श |
| | फ्ता | | ख | | स | द | | र्ध | | क |
| भ | र | ना | | स | भा | | | मा | हि | र |
| या | | का | का | | भ | द्दा | प | न | | कं |
| न | न | | त | ना | व | | ह | | दा | द |
| क | म | जो | र | | न | ग | र | वा | सी | |

## हर बेघर को पक्की छत मिलने तक जारी रहेगा अभियान: मनोहर लाल खट्टर

**एजेंसी**
**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के दो लाख से ज्यादा लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त की धनराशि अंतरित किए जाने के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने इसे गरीब व मध्यम वर्ग के अपने घर के सपने को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। श्री खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने आवास, नल, शौचालय, गैस, बीमा जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थापना के साथ एक नई पहचान बनाई है। केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया कि जब तक हर बेघर परिवार को पक्की छत नहीं मिल जाती, सरकार का यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को एक नई पहचान दी है। आयुष्मान भारत योजना के तहत हर परिवार को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना से लाखों लोगों का घर का सपना साकार हुआ है। आवास योजना की बड़ी उपलब्धि यह रही कि अधिकतर मकान महिलाओं के नाम या संयुक्त स्वामित्व में दिए गए, जिससे महिलाओं को सशक्त व स्वतंत्र पहचान मिली।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'स्वच्छ भारत से विकसित भारत' की यात्रा में नगरीय निकायों की भूमिका सबसे अहम है। स्वच्छता सर्वेक्षण में लखनऊ का देश में तीसरा स्थान आना, गाजियाबाद का दुनिया के शीर्ष 50 स्वच्छ शहरों में शामिल होना और कई नगरों का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होना प्रदेश की बदलती तस्वीर को दर्शाता है। कूड़े के पहाड़ हटाकर राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल और शिवालिक पार्क जैसे मॉडल प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। गाजियाबाद के 8,937, बदायूं के 4,521, बिजनौर के 5,581, बरेली के 8,693, अलीगढ़ के 5,382, आगरा के 3,828, फर्रुखाबाद के 3,236, बुलंदशहर के 3,567, देवरिया के 4,142, अयोध्या के 4,697, गोरखपुर के 7,142, कुशीनगर के 6,231, लखीमपुर खीरी के 5,100, लखनऊ के 8,568, महाराजगंज के 4,053, मथुरा के 4,366, मऊ के 3,494, मिर्जापुर के 2,027, मुरादाबाद के 3,827, प्रतापगढ़ के 7,214, प्रयागराज के 5,023, उन्नाव के 3,140 तथा वाराणसी के 3,294 लाभार्थियों के खातों में आज पहली किस्त की धनराशि अंतरित की गई है।

## शिक्षापत्री के 200 वर्ष पूर्ण होने पर समैया महोत्सव, अडालज में होगा ऐतिहासिक आयोजन

**एजेंसी**
**अहमदाबाद।** विश्व के पहले स्वामी नारायण मंदिर, कालूपुर गादी ने स्वामी नारायण की लिखी शिक्षापत्री के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समैया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 23 से 27 जनवरी 2026 तक अडालज स्थित त्रिमंदिर के पास बने विशाल ग्राउंड में आयोजित होगा। करीब 200 बीघा क्षेत्र में बसाई जा रही इस धार्मिक नगरी में देश-विदेश से 15 लाख से अधिक हरिभक्तों के आने का अनुमान है। महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि स्वामी नारायण की लिखी गई मूल शिक्षापत्री भक्तों के दर्शन के लिए प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही प्रदर्शनी, बाल नगरी और एआई आधारित शिक्षापत्री एग्ज़ीबिशन सेंटर मुख्य आकर्षण रहेंगे। पूरे महोत्सव को अहमदाबाद हेरिटेज सिटी और कालूपुर मंदिर की थीम पर सजाया गया है। मुख्य प्रवेश द्वार 126 फीट लंबा और 35 फीट ऊंचा बनाया गया है, जो ऐतिहासिक 'तीन दरवाजा' और कालूपुर मंदिर की स्थापत्य कला को दर्शाता है। वहीं फूड कोर्ट को अहमदाबाद के प्रसिद्ध माणेक चौक की शैली में सजाया गया है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पहुंची दतिया, पीतांबरा पीठ में पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की

**एजेंसी**
**दतिया।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शाम मध्य प्रदेश के प्रवास पर दतिया पहुंचीं। यहां उन्होंने प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री पीतांबरा पीठ में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वानखंडेश्वर महादेव मंदिर गईं, जहां उन्होंने भगवान शिव का अभिषेक किया।दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वंदे भारत एक्सप्रेस से झांसी पहुंचीं और वहां से वे देर शाम सड़क मार्ग से कार द्वारा दतिया आईं। टोल प्लाजा से लेकर श्री पीतांबरा पीठ तक विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।श्री पीतांबरा पीठ में दर्शन और पूजा-अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के दतिया स्थित निवास 'माई कृपा' पहुंचीं। उन्होंने डॉ. मिश्रा और उनके परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात की तथा रात्रि भोज किया। इस दौरान स्थानीय नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा हुई।दतिया प्रवास के पश्चात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता देर रात झांसी के लिए रवाना हुईं। वहां से उन्होंने ट्रेन के माध्यम से दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। मुख्यमंत्री के आगमन से शहर में राजनीतिक एवं धार्मिक गतिविधियों को लेकर उत्साह देखा गया।



## अंडमान सागर में शुरू हुई देश की पहली समुद्री मछली पालन परियोजना

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत अब अपने समुद्रों की आर्थिक ताकत को पहचान रहा है और यह कदम देश की ब्लू इकॉनमी को नई दिशा देगा। उन्होंने अंडमान सागर में देश की पहली खुले समुद्र में समुद्री मछली पालन (ओपन-सी मरीन फिश फार्मिंग) परियोजना के शुभारंभ को समुद्री संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में बड़ा कदम बताया। देश ने समुद्र से आजीविका और आर्थिक विकास की दिशा में एक बड़ी पहल की है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने अंडमान सागर के नॉर्थ बे क्षेत्र में देश की पहली खुले समुद्र में समुद्री मछली पालन परियोजना का शुभारंभ किया। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि आजादी के बाद करीब 70 वर्षों तक देश की समुद्री संपदा पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन वर्ष 2014 के बाद सरकार की सोच बदली है और समुद्र को भी हिमालय और मुख्य भूमि की तरह आर्थिक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भविष्य में इस तरह की परियोजनाओं को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के जरिए बड़े स्तर पर लागू किया जा सकता है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और ब्लू इकॉनमी को और मजबूती मिलेगी। यह परियोजना पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, उसकी तकनीकी इकाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी) और अंडमान-निकोबार प्रशासन के सहयोग से लागू की जा रही है।

## रायबरेली में 20 जनवरी को 'मनरेगा चौपाल' का आयोजन, राहुल गांधी भी होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 'मनरेगा बचाव संग्राम' को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान इस संग्राम को पंचायत स्तर पर बढ़ाने की कोशिश पर जोर देने का फैसला लिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केसी वेणुगोपाल ने बताया कि हमने देश भर में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की प्रगति का रिव्यू करने के लिए पीसीसी अध्यक्ष, जनरल सेक्रेटरी/इंचार्ज और मनरेगा कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों के साथ एक पूरी ऑनलाइन समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि रिव्यू में कई राज्यों में हमारे आंदोलन की बढ़ती पहुंच और सफलता पर जोर दिया गया। बैठक में हमने मिलकर पंचायत स्तर पर आउटरीच को तेज करने का फैसला किया, जिसमें आम जनता, मनरेगा वर्कर और दूसरे हितधारक सीधे शामिल होंगे। इसके बाद वार्ड स्तर पर शांतिपूर्ण धरने होंगे और फिर विधानसभा/लोकभवन घेराव तथा जोनल रैलियां होंगी। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन को और मजबूत करते हुए, 20 जनवरी को राहुल गांधी रायबरेली में एक मनरेगा चौपाल में शामिल होंगे, ताकि ग्रामीण वर्करों के अधिकारों और सम्मान के प्रति हमारे संकल्प को मजबूत किया जा सके।

## भाजपा सांसद मनोज तिवारी के घर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता और भाजपा सांसद मनोज तिवारी के मुंबई स्थित घर से 5.40 लाख रुपये चोरी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया चोर कुछ साल पहले मनोज तिवारी के घर पर नौकर था, जिसे निकाल दिया गया था। इस मामले की गहन छानबीन अंबोली पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि मनोज तिवारी के अंधेरी वेस्ट के शास्त्री नगर इलाके में स्थित 'सुंदरबन अपार्टमेंट' में चोरी की शिकायत मनोज तिवारी के मैनेजर प्रमोद जोगेंद्र पांडे ने दर्ज कराई है। शिकायत में जोगेंद्र पांडे ने बताया कि बेडरूम में रखे कुल 5.40 लाख रुपये कैश चोरी हो गए। इसमें से जून 2025 में अलमारी में रखे 4.40 लाख रुपये पहले ही गायब हो चुके थे, लेकिन उस समय चोर का पता नहीं चला था। पुलिस ने शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपित सुरेंद्र कुमार दीनानाथ शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित सुरेंद्र कुमार को करीब दो साल पहले नौकरी से निकाल दिया गया था। सीसीटीवी के फुटेज में 15 जनवरी 2026 को रात करीब 9 बजे पूर्व कर्मचारी सुरेंद्र कुमार शर्मा घर में घुसते हुए और चोरी करते हुए साफ देखा जा सकता है। इसी वजह से आरोपित को गिरफ्तार किया गया है और आरोपित ने चोरी का गुनाह स्वीकार कर लिया है।

## इंडोनेशिया और मध्य प्रदेश के बीच यूथ एक्सचेंज पर हुई चर्चा

**एजेंसी**
**भोपाल।** इंडोनेशिया के गांधीवादी विचारक पद्मश्री से सम्मानित अगुस इंद्रा उदायना ने भोपाल प्रवास के दौरान मप्र के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से सौजन्य भेंट की। इस दौरान इंडोनेशिया और मध्य प्रदेश के मध्य युवा विकास, सांस्कृतिक सहयोग तथा द्विपक्षीय खेल गतिविधियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। भेंट के दौरान अगुस इंद्रा उदायना ने इंडोनेशिया (विशेष रूप से बाली) और मध्य प्रदेश के बीच यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सुझाव दिया कि इसके माध्यम से दोनों देशों के युवाओं को कला, आयुर्वेद, संस्कृति, पारंपरिक जीवनशैली एवं शैक्षणिक अनुभवों से परिचित होने का अवसर मिल सकता है। इससे आपसी समझ, सांस्कृतिक संवाद और वैश्विक दृष्टिकोण को मजबूती मिलेगी।मंत्री सारंग ने प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सांस्कृतिक सेतु निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हो सकती है। उन्होंने




आश्वस्त किया कि इस विषय पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से विस्तृत विचार-विमर्श एवं आवश्यक प्रक्रिया की जाएगी, जिससे संभावनाओं को व्यवहारिक रूप दिया जा सके। मंत्री सारंग ने कहा कि मध्य प्रदेश युवा सशक्तिकरण, खेल, संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। इस प्रकार के संवाद दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को और सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगे। उल्लेखनीय है कि अगुस इंद्रा उदायना इंडोनेशिया में आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, मार्गदर्शक एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय विद्वान हैं। उन्होंने आयुर्वेदिक ज्ञान के शैक्षणिक प्रसार, अनुसंधान तथा वैश्विक सहयोग के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक संदर्भ में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## सीपीआई शताब्दी समारोह: खम्मम में भव्य जनसभा, डी. राजा और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**एजेंसी**
**खम्मम।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) के शताब्दी समारोह के तहत तेलंगाना के खम्मम जिले में भव्य जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीपीआई के महासचिव डी. राजा और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। देश के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर तेलुगु भाषी राज्यों से हजारों पार्टी कार्यकर्ता और नेता समारोह में पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए डी. राजा ने कहा कि सीपीआई ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई और कई कुर्बानियां दीं। उन्होंने कहा कि पार्टी की स्थापना 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में हुई थी और शुरू से ही उसका स्पष्ट रुख था कि भारत को पूर्ण स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में कांग्रेस और सीपीआई दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वतंत्रता संग्राम में कोई भूमिका नहीं थी। डी. राजा ने आरएसएस पर ब्रिटिश हुकूमत से समझौता करने का आरोप भी लगाया। विदेश नीति पर केंद्र



सरकार की आलोचना करते हुए डी. राजा ने फिलिस्तीन में हो रही हिंसा की निंदा की और अमेरिका व इजराइल पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी अमेरिका के सामने झुकने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अपने संबोधन में कहा कि कम्युनिस्टों ने हमेशा गरीबों, मजदूरों और किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना को रजाकारों से आज़ाद कराने में भी कम्युनिस्ट आंदोलन की ऐतिहासिक भूमिका रही है। केंद्र सरकार और भाजपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज देश को भाजपा से उतना ही खतरा है, जितना कभी अंग्रेजों से था।शताब्दी समारोह खम्मम के एसआरबीजीएनआर कॉलेज ग्राउंड में आयोजित हुआ, जहां 60 फुट का भव्य मंच, विशाल डिजिटल स्क्रीन और लगभग 40 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। पूरे शहर को लाल झंडों और बैनरों से सजाया गया, जिससे खम्मम पूरी तरह लाल रंग में रंगा नजर आया।

## अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक का समापन, शिक्षा व राष्ट्र निर्माण पर विमर्श

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की केंद्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक गोवा के जांबावली स्थित श्री दामोदर संस्थान में समाप्त हुई। बैठक में देशभर से 106 प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। इसमें शैक्षिक, सामाजिक, संगठनात्मक, पर्यावरणीय, सांस्कृतिक, खेल एवं सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करते हुए आगामी कार्यों की विस्तृत योजना तैयार की गई। बैठक में वर्तमान शैक्षिक, राष्ट्रीय एवं सामाजिक परिस्थितियों पर व्यापक चर्चा के साथ-साथ संगठनात्मक विचार बैठक-2026 के विषय, स्वरूप एवं प्रारूप, 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन (2025-26) की समीक्षा तथा विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न विषयों के अनुवर्तन के आधार पर आगामी कार्ययोजना निर्धारित की गई।

बैठक में संघ शताब्दी वर्ष, भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जन्म जयंती, महारानी अब्बक्का के



500वें राज्यारोहण वर्ष, गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस, यशवंतराव केलकर जन्मशती वर्ष, वंदे मातरम् के 150 वर्ष, हल्दी घाटी युद्ध के 450 वर्ष, सरदार पटेल सार्धशती वर्ष, भूपेन हजारिका जन्मशती वर्ष, अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशती वर्ष तथा एकात्म मानव दर्शन के 60 वर्ष के निमित्त आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा करते हुए व्यापक कार्ययोजना बनाई गई। शिक्षा से जुड़े विषयों पर विशेष चर्चा के दौरान देशभर के शैक्षिक परिसरों में व्याप्त अनियमितताओं, शुल्क वृद्धि जैसे विषयों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रारंभ किए गए 'स्क्रीन टाइम से एक्टिविटी टाइम' अभियान तथा आगामी फरवरी माह में संचालित किए जाने वाले राष्ट्रव्यापी 'छात्रावास सर्वेक्षण अभियान' के लिए कार्यविभाजन एवं विस्तृत रूपरेखा तय की गई। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी ने कहा कि संगठन की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में अनेक शैक्षिक, सामाजिक, पर्यावरणीय एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। संगठनकर्ता से राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने वाले जागरूक नागरिक गढ़ने की अभाविप की विशिष्ट कार्य पद्धति में इस बैठक का महत्वपूर्ण स्थान है।अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में देशभर से आए अभाविप के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने गत तीन से चार माह में संपन्न अभियानों एवं कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की तथा आगामी कार्ययोजना पर गहन मंथन किया। आगामी फरवरी माह से अखिल भारतीय स्तर पर 'छात्रावास सर्वेक्षण अभियान' संचालित किया जाएगा, जिसके माध्यम से जमीनी वास्तविकताओं को सामने लाकर ठोस एवं प्रभावी हस्तक्षेप सुनिश्चित किया जाएगा।

## श्रीनगर का न्यूनतम तापमान शून्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज

**एजेंसरी**
**श्रीनगर।** कश्मीर में शीत लहर की स्थिति से कुछ राहत मिली है, क्योंकि घाटी में न्यूनतम तापमान कुछ डिग्री बढ़ गया है । रविवार रात श्रीनगर का न्यूनतम तापमान शून्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस नीचे से अधिक है। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के पर्यटक स्थल सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 8.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया और यह घाटी में सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के शोपियां और पुलवामा कस्बों में न्यूनतम तापमान क्रमश शून्य से 4.7 डिग्री और शून्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर में पहलगाम पर्यटन स्थल, जो वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविरों में से एक के रूप में भी काम करता है, वहां न्यूनतम तापमान शून्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में रात का तापमान शून्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। घाटी के प्रवेश द्वार शहर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे और कुपवाड़ा में शून्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी इस समय 40 दिनों की अत्यधिक ठंड 'चिल्ला-ए-कलां' के बीच में है, जिसके दौरान रात का तापमान अक्सर हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे चला जाता है और बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है। 'चिल्ला-ए-कलां' पिछले साल 21 दिसंबर को शुरू हुआ था, जो 30 जनवरी को समाप्त हो रहा है।

## महाभारत समागम के तीसरे दिन नृत्य नाटिका नेत्रपट, उरुभंगम्, मोहे पिया का मंचन

**एजेंसी**
**भोपाल।** देश में पहली बार मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित हो रहे महाभारत समागम के तीसरे दिन रविवार की रात नृत्य नाटिका नेत्रपट, उरुभंगम्, मोहे पिया का मंचन हुआ। मैत्रेयी पहाड़ी के निर्देशन में हुई नृत्य नाटिका की प्रस्तुति में यह बताया गया कि महाभारत के युद्ध का मूल कारण सचेत अंधत्व बना। वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित सभ्यताओं के संघर्ष एवं औदार्य की महागाथा पर केंद्रित महाभारत समागम के तीसरे दिन बहिरंग के मंच पर लोकछंदा, नई दिल्ली द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका 'नेत्रपट' ने दर्शकों को विचार और संवेदना के स्तर पर गहराई से उद्वेलित किया। मैत्रेयी पहाड़ी के निर्देशन में यह प्रस्तुति केवल एक नृत्य-नाट्य नहीं, बल्कि महाभारत की दार्शनिक चेतना का समकालीन पुनर्पाठ बनकर सामने आई। इसके पूर्व पूर्वरंग में पद्मश्री राजातेंदू रथ के निर्देशन में सराईकेला छाऊ शैली पर आधारित 'उरुभंगम्' तथा अंतरंग सभागार में वामन केन्द्रे निर्देशित 'मोहे पिया' का मंचन भी हुआ, जिसने इस दिन को कलात्मक और वैचारिक दृष्टि से समृद्ध बनाया। वीर भारत न्यास के



परामर्शी राहुल रस्तोगी द्वारा मोमेंटो भेंट कर सभी कलाकारों का स्वागत अभिनंदन किया गया। 'नेत्रपट' अंधत्व को आँखों की शारीरिक असमर्थता न मानकर मानव चेतना द्वारा चुनी गई अवस्था के रूप में प्रस्तुत करती है। यह नृत्य-नाटिका उस निर्णायक क्षण की पड़ताल करती है, जब मनुष्य सत्य को देखने में सक्षम होते हुए भी उससे दृष्टि फेर लेता है। प्रस्तुति में नेत्रपट दो अर्थों में उभरता है—एक ओर कृष्ण में पूर्ण शरणागति का प्रतीक, जहाँ बाह्य दृष्टि के बंद होने पर आंतरिक विवेक जागृत होता है; दूसरी ओर वही नेत्रपट अहंकार, हठ और जिद से जन्मे उस सचेत अंधत्व का रूप ले लेता है, जिसने महाभारत के युद्ध को अनिवार्य बना दिया। नृत्य-नाटिका अपने शिखर पर तब पहुँचती है, जब कृष्ण का विराट रूप प्रकट होता है और साधारण दृष्टि असमर्थ हो जाती है। यहीं गीता उपदेश का बिंदु जन्म लेता है, जहाँ देखने का अर्थ बदल जाता है—दृष्टि नेत्रों से नहीं, विवेक से उत्पन्न होती है। 'नेत्रपट' अंततः यह उद्घोष करती है कि मुक्ति देखने में नहीं, बल्कि सही प्रकार से देखने में निहित है।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के काफिले की कार क्षतिग्रस्त

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के काफिले की एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। थाना पिंनगवा क्षेत्र के गांव रिठठ के पास चैनल नंबर 41.100 पर यह हादसा तब हुआ, जब काफिला दिल्ली से जयपुर की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काफिला रिठट गांव के पास पहुंचा तो सामने चल रहे ट्रोला ने अचानक ब्रेक लगा दिया । जिस कारण पीछे चल रही कार ट्रोला से जा टकराई। इस दुर्घटना में वैगनार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि इस हादसे में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के काफिले की एक एस्कॉर्ट गाड़ी भी हादसे का शिकार हो गई ।एक्सप्रेसवे पर हुई इस दुर्घटना के कारण यातायात प्रभावित हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

## मप्र में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 26 आईएएस अधिकारियों का तबादला

**एजेंसी**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 26 अधिकारियों का तबादला करते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की है। इस संबंध में रविवार रात सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद नगर निगम आयुक्त के पद से हटाए गए दिलीप यादव को 16 दिन के भीतर ही पदोन्नत किया गया है। उन्हें अब मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम का प्रबंध संचालक (एमडी) नियुक्त किया गया है। इससे पहले उन्हें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में उप सचिव बनाकर भोपाल भेजा गया था। उनकी जगह क्षितिज सिंघल को इंदौर नगर निगम का कमिश्नर बनाया गया था। वहीं मुख्यमंत्री के सचिव इलैयाराजा टी को पर्यटन विभाग का सचिव नियुक्त करते हुए मध्य प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड का प्रबंध संचालक और आयुक्त पर्यटन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त तरुण राठी को हटाकर आदिवासी विकास विभाग का आयुक्त बनाया गया है। उनकी जगह इंदौर वाणिज्यिक कर आयुक्त तथा वाणिज्यिक कर विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे धनराजू एस को स्वास्थ्य विभाग का आयुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं, अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला को गृह विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। साथ ही उन्हें संस्कृति विभाग और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उमाकांत उमराव को खनिज साधन विभाग से मुक्त कर प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह राज्य खाद्य आयोग के सदस्य सचिव एवं राज्य उपभोक्ता प्रतितोषण विवाद आयोग के रजिस्ट्रार शोभित जैन को आयुष विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। जॉन किम्सली ए.आर. को उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। उनके पास नर्मदा घाटी विकास विभाग के सचिव, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के संचालक और जल संसाधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। आदिवासी विकास विभाग के आयुक्त श्रीमन शुक्ल को योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग का सचिव, राज्य खाद्य आयोग का सदस्य सचिव और राज्य उपभोक्ता प्रतितोषण विवाद आयोग के रजिस्ट्रार का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। भोपाल गैस त्रासदी एवं पुनर्वास विभाग के संचालक स्वतंत्र कुमार को मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग का सचिव बनाया गया है।

इसके अलावा ऊर्जा विभाग के सचिव विशेष गढ़पाले को मध्य प्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर का प्रबंध संचालक बनाया गया है। साथ ही उन्हें ऊर्जा विभाग के सचिव और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक और मुख्यमंत्री के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे आलोक कुमार सिंह को मुख्यमंत्री का सचिव नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें खनिज साधन विभाग का सचिव बनाया गया है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी को इंदौर वाणिज्यिक कर आयुक्त नियुक्त किया गया है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अपर सचिव अनुराग चौधरी को मध्य प्रदेश मत्स्य महासंघ का प्रबंध संचालक बनाया गया है। साथ ही उन्हें मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का अपर सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु जनजाति विभाग की संचालक नेहा मारव्या सिंह को जनजाति कार्य विभाग का अपर सचिव बनाया गया है। राजस्व विभाग के अपर सचिव गौतम सिंह को मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल का आयुक्त नियुक्त किया गया है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अपर सचिव वीरेंद्र कुमार को ग्वालियर संभाग (राजस्व) का अपर आयुक्त बनाया गया है। मत्स्य महासंघ की प्रबंध संचालक निधि निवेदिता को महिला एवं बाल विकास विभाग का आयुक्त तथा अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन का पदेन मिशन संचालक नियुक्त किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवार में आतंकवादियों से मुठभेड़ में तीन जवान घायल

**एजेंसी**
**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवार जिले के ऊपरी इलाकों में स्थित एक दूरस्थ वन क्षेत्र में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में तीन जवान घायल हो गए। आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सेना के जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर द्वारा 'ऑपरेशन त्राशी-ढ्ढ' नाम से शुरू किया गया यह अभियान दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ।व्हाइट नाइट कोर ने एक पोस्ट में बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ चल रहे संयुक्त आतंकवाद-विरोधी अभ्यास के तहत चलाए जा रहे सुनियोजित तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों का चत्रू के उत्तर-पूर्व में स्थित सोनार क्षेत्र में आतंकवादियों से सामना हुआ।

सेना ने कहा, नालामी को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया है और नागरिक प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय के साथ अभियान जारी है। सेना ने चुनौतीपूर्ण भूभाग और परिस्थितियों में शत्रुतापूर्ण गोलीबारी का जवाब देते हुए सैनिकों के असाधारण पेशेवर रवैये और दृढ़ संकल्प की सराहना की। अधिकारियों के अनुसार, तलाशी दल में से एक का सामना दो से तीन विदेशी आतंकवादियों के एक समूह से हुआ, जिनका कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से संबंध था। इन आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और घेराबंदी तोड़ने के प्रयास में कुछ ग्रेनेड भी फेंके। सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की और घेराबंदी को और कड़ा करने के लिए सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस से अतिरिक्त बल भेजे गए। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच कुछ देर तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। तीन सैनिक छर्रे लगने से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को पकड़ने और खत्म करने के लिए एक बड़ा तलाशी अभियान जारी है।अभियान में तेजी लाने के लिए ड्रोन सहित उन्नत निगरानी उपकरण और खोजी कुत्ते तैनात किए गए हैं।

जम्मू क्षेत्र में इस साल सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी मुठभेड़ है। कठुआ जिले के बिलवार क्षेत्र के कहोग और नजोते जंगलों में क्रमशः 7 और 13 जनवरी को मुठभेड़ हुई थी। पिछले साल 15 दिसंबर को उधमपुर जिले के माजलता क्षेत्र के सोआन गांव में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक पुलिस अधिकारी शहीद हो गया था। घने जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर आतंकवादी भागने में सफल रहे।

# कोहली स्थिति के अनुसार खेलते हैं, युवा क्रिकेटर उनसे सबक लें : विराट की शानदार इनिंग पर बोले गावस्कर

**इंदौर (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली के बैटिंग टेम्परमेंट की तारीफ करते हुए कहा है कि स्टार बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक खेलने के बजाय स्थिति के अनुसार अपने खेल को बदलने की क्षमता रखते हैं।

इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे के बाद जियोस्टार पर बातचीत में गावस्कर ने कहा कि कोहली की मानसिकता उन्हें कई समकालीन खिलाड़ियों से अलग बनाती है। गावस्कर ने कहा, 'उनके बारे में खास बात यह है कि वह किसी इमेज से बंधे नहीं हैं। बहुत से बल्लेबाज और गेंदबाज इस बात से बंधे होते हैं कि उन्हें कैसे देखा जाता है और उन्हें लगता है कि उन्हें उस इमेज पर खरा उतरना होगा। विराट ऐसे नहीं हैं। वह अपने काम पर ध्यान देते हैं और वह काम रन बनाना है।'

गावस्कर ने कहा, 'वह इस बात की उम्मीदों से बंधे नहीं हैं कि उन्हें कैसे खेलना चाहिए। वह स्थिति के अनुसार खेलते हैं। यही टेम्परमेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह देखते हुए कि दबाव में भी हार न मानने का कोहली का रवैया उनका एक खास गुण है जो कि उन्हें अन्य से भिन्न बनाता है। कोहली पर यह टिप्पणी सीरीज के निर्णायक मैच में 108 गेंदों पर 124 रन की उनकी शानदार पारी के बाद आई है। न्यूजीलैंड ने यह मैच 41 रन से जीतकर ऐतिहासिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत ली जो कि 37 साल के इंतजार के बाद भारतीय धरती पर यह उनकी पहली सीरीज जीत थी।

उन्होंने कहा, 'आखिर तक भी वह कोशिश कर रहे थे। शायद दस्ताने थोड़े पसीने से गीले हो गए, ग्रिप थोड़ी ढीली हो गई, और इसीलिए बल्ले का मुंह घूम गया।' उन्होंने युवा क्रिकेटरों के लिए कोहली के इस रवैये को एक सबक के तौर पर भी बताया, और उनसे कहा कि वे पहले से बनी उम्मीदों के बजाय मैच की स्थितियों पर ध्यान दें।

गावस्कर ने ऑलराउंडर हर्षित राणा की निचले क्रम की बल्लेबाजी की भी तारीफ की और लक्ष्य का पीछा करने के अहम चरण में उनकी भूमिका की स्पष्टता की सराहना की। राणा ने 43 गेंदों पर 52 रन की जवाबी हमलावर पारी खेली और कोहली के साथ 99 रन की साझेदारी की, जिससे कुछ समय के लिए भारत की उम्मीदें फिर से जगीं।

गावस्कर ने कहा, 'उन्होंने बिल्कुल वैसे ही बल्लेबाजी की जैसे निचले क्रम के बल्लेबाज को करनी चाहिए, बिना किसी चिंता और बिना किसी उम्मीद के। उन्होंने कहा कि कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ी के साथ राणा का शांत स्वभाव खास तौर पर प्रभावशाली था।'



# नोवाक जोकोविच की ऑस्ट्रेलिया ओपन में 100वीं जीत, पेड्रो मार्टिनेंज को हराया



**मेलबर्न (एजेंसी)।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेंज को हराकर अपने करियर की 100वीं जीत दर्ज की। आज यहां पूर्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने पेड्रो मार्टिनेंज को 6-3, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए मेलबर्न पार्क में अपनी 100वीं करियर जीत हासिल की। रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन जोकोविच की अब टूर्नामेंट में रोजर फेडरर के 102 मैच जीतने के ऑल-टाइम रिकॉर्ड को तोड़ने पर नजर हैं। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'मैं क्या कहूं। मुझे यह सुनकर अच्छा लगा। सेंचुरी बनाना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा मैं शुरू में बहुत भाग्यशाली था कि मुझे कुछ ऐसे लोग मिले जिन्होंने मुझे सिखाया और गाइड किया कि मैं अपने करियर में लंबी रेस का घोड़ा बनूं, जल्दी थक न जाऊं, और जितना हो सके उतना लंबा करियर बनाऊं। मैं खुशकिस्मत हूं कि मैं अभी भी इस स्तर पर खेल रहा हूं।' जोकोविच ने अब ऑस्ट्रेलियन ओपन, विंबलडन और रोलैंड गैरोस में 100 या उससे अधिक जीत दर्ज की हैं और वह तीन अलग-अलग बड़े टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। इस जीत के साथ ही जोकोविच अपने लगातार 19वें ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे राउंड में पहुंच गये है। जहां जोकोविच का मुकाबला 23 साल के इटैलियन क्वालिफायर फ्रांसेस्को मेस्ट्रेली से होगा। डेब्यू करने वाले खिलाड़ी ने टेरेंस एटमेन को 6-4, 3-6, 6-7(4), 6-1, 6-1 से हराकर किसी मेजर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में असफल रहे रोहित का शुभमन ने किया बचाव

**इंदौर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा है। इस सीरीज में भारतीय

टीम की हार का कारण सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा का असफल होना रहा है जिससे एक बार फिर उनके फार्म पर सवाल उठे हैं। रोहित सीरीज के तीनों ही मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये और केवल 61 रन ही बना पाये। तीसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम को तीन सौ से अधिक रनों का लक्ष्य मिला था पर रोहित केवल 11 रन ही बना पाये।

सीरीज में उनका सबसे अधिक स्कोर 26 रन रहा है। वहीं टीम के कप्तान शुभमन गिल ने रोहित का बचाव करते हुए कहा है कि वह इस सीरीज में अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाये और ऐसा होता रहता है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी। पिछले छह एकदिवसीय में उन्होंने चार बार 50 से ज्यादा रन बनाये थे पर इस बार वह इस लय को बनाये नहीं रख पाये। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में रोहित केवल 11 रन ही बना पाये। इस प्रकार तीन एकदिवसीय मैचों में वह 26, 24 और 11 रन ही बना पाये। इसी कारण भारतीय टीम बड़े स्कोर नहीं बना पायी ओर उसे हार का सामना करना पड़ा। शुभमन ने मैच के बाद कहा,



÷मुझे लगता है कि वह अच्छे फॉर्म में हैं, ऑस्ट्रेलिया सीरीज से लेकर दक्षिण अफ्रीका सीरीज तक उन्होंने रन बनाये हैं। इस सीरीज में वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाये पर मुझे लगता है कि उन्होंने पहले दो एकदिवसीय में टीम को अच्छी शुरुआत की थी। एक बल्लेबाज के तौर पर आप हमेशा चाहते हैं कि उन शुरुआतों को बड़े स्कोर में बदलें और शतक बनाएं हालांकि हर बार ऐसा संभव नहीं होता।'

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 : बांग्लादेश के समर्थन में उतरा पाकिस्तान, उठाया बड़ा कदम

**मुम्बई (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टी20 विश्व कप में भारत से अपने मैच स्थानांतरित करने की मांग की है और ऐसा ना होने पर टी20 वर्ल्ड कप से हटने की अपनी धमकी भी दी है। इस पर अब ICC ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने अगले महीने भारत और श्रीलंका द्वारा आयोजित होने वाले इस इवेंट के लिए अपनी टीम की तैयारी रोक दी है।

टेलीकॉम एशिया ने PCB के टॉप सूत्रों के हवाले से बताया, 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने ICC टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले नेशनल टीम की सभी तैयारियां रोक दी हैं और टीम मैनेजमेंट को प्लान के बारे में जानकारी दी गई है।' शनिवार को ढाका और इस्लामाबाद के बीच बातचीत के दौरान पाकिस्तान ने सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत न जाने के बांग्लादेश के फैसले



का पूरा समर्थन किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि PCB के चेयरमैन, मोहसिन नकवी, गठबंधन सरकार में गृह मंत्री के रूप में एक प्रमुख स्थान रखते हैं, एक सीनेटर के रूप में भी उनका महत्वपूर्ण स्थान है और विभिन्न मुद्दों पर बांग्लादेश के साथ पाकिस्तान की बातचीत से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से आगे कहा गया, 'नकवी शनिवार को पाकिस्तान और बांग्लादेश सरकारों के बीच बातचीत का हिस्सा थे, उन्होंने उनसे कहा कि पाकिस्तान बांग्लादेश का पूरा समर्थन करता है और अगर बांग्लादेश की मांगें उनकी इच्छा के अनुसार हल नहीं होती हैं तो वह इवेंट में अपनी भागीदारी पर फिर से विचार करेगा।' सूत्रों ने कहा कि PCB ने सरकार को सूचित किया है कि पाकिस्तान का हटना आसान नहीं होगा क्योंकि उन्हें सरकार की सलाह पेश करनी होगी और एक वैध कारण बताना होगा। यदि वे एक वैध कारण बताने में विफल रहते हैं, तो उन्हें सदस्य भागीदारी समझौते का उल्लंघन करने के लिए दो मिलियन डॉलर तक का जुर्माना लग सकता है जिस पर सभी सदस्य ICC के साथ हस्ताक्षर करते हैं।

सूत्रों ने कहा कि PCB ने टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की भी पेशकश की है, अगर श्रीलंका में वेन्यू उपलब्ध नहीं हैं। बांग्लादेश ने मांग की है कि उनके मैचों को श्रीलंका में शिफ्ट किया जाए, जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने कोलकाता नाइट राइडर्स से कॉन्ट्रैक्ट रद्द करने और आगामी IPL 2026 के लिए अपने पेसर मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के लिए कहा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) 21 जनवरी तक बांग्लादेश के अनुरोध पर अंतिम फैसला लेगी। ये रिपोर्ट्स ICC और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के बीच एक मीटिंग के बाद आईं जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने रुख पर कायम रहे। बांग्लादेश ने ICC को यह भी सुझाव दिया था कि वह अपनी टीम को ग्रुप B में भेजने पर विचार करे। आयरलैंड के साथ जगह बदल ले, जो अपने ग्रुप मैच श्रीलंका में खेलता है। रिपोर्ट्स के अनुसार ICC ने आयरलैंड को आश्वासन दिया है कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

# सृष्टि किरण ने जीता आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 का खिताब, पूरी की हैट्रिक



बेंगलुरु। भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी सृष्टि किरण ने मेक्सिको के हुआमांटला में हुए आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 टूर्नामेंट में गर्ल्स सिंगल्स का खिताब जीता।मेक्सिको के हुआमांटला में 12 से 18 जनवरी तक चली इस चैंपियनशिप में बेंगलुरु की 13 साल की सृष्टि ने घरेलू पसंदीदा तमारा हरमन (मेक्सिको) को 6-4, 6-4 से हराकर आईटीएफ खिताबों की शानदार हैट्रिक पूरी की। इससे पहले ड्रॉ में उन्होंने सेमीफाइनल में शानदार वापसी करते हुए लगातार 10 गेम जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की और 2-4 से पीछे होने के बाद 16 साल की घरेलू पसंदीदा मिरांडा सोफिया एस्कैमिला मोरालेस (मेक्सिको) को 6-4, 6-0 से हराया।

# टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाना है लक्ष्य : कमिंस



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिाई टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनका लक्ष्य नये साल में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्कप मे बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाना है। कमिंस ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य तेज गेंदबाज हैं और कार्यभार प्रबंधन के तहत ही उन्हें एशेज सीरीज के बचे हुए दो टेस्ट मैचों से बाहर रखा गया है। कमिंस चोटिल होने के कारण पहले दो टेस्ट में शामिल नहीं थे। मेजबान टीम ने पहले ही सीरीज 3-0 से जीत ली है जिससे देखते हुए कमिंस को उतारकर टीम जोखिम नहीं लेना चाहती है। कमिंस को जून जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर कमर में चोट लगी थी। जिससे देखते हुए टीम प्रबंधन उनपर अधिक बोझ नहीं डालना चाहता। वहीं कमिंस ने कहा कि अब आराम करने के बाद उन्हें पहले से बेहतर लग रहा है। साथ ही कहा कि कुछ सप्ताह पहले ही कमर की चोट से उबरा हूं तो लगातार दो टेस्ट खेलना जोखिमभरा रहता। अब टी20 विश्व कप से पहले कुछ आराम करूंगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्व कप में पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने हाल में अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है। जिसके कारण कमिंस टीम के प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं।

# इंडोनेशिया मास्टर्स 2026: पीवी सिंधु की अगुआई में भारत को बड़ी उम्मीद

**जकार्ता (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इंडिया ओपन में पहले दौर में मिली निराशाजनक हार को पीछे छोड़ते हुए इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगी। बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 स्तर का यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू हो रहा है और सीजन की शुरुआत में ही खिलाड़ियों के लिए अहम पड़ाव माना जा रहा है।

नई दिल्ली में पिछले सप्ताह हुए इंडिया ओपन में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद सिंधु की नजरें इस टूर्नामेंट में लय हासिल करने पर टिकी होंगी। हालांकि, इस महीने की शुरुआत में खेले गए मलेशिया ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचकर उन्होंने अपनी फॉर्म के संकेत जरूर दिए थे। ऐसे में जकार्ता में वह मजबूत वापसी की कोशिश करेंगी।

### महिला एकल में भारत की मजबूत मौजूदगी

महिला एकल के पहले दौर में पीवी सिंधु का सामना जापान की मनामी सुइजु से होगा, जो उनसे रैंकिंग में नीचे हैं। इस वर्ग में भारत की अच्छी-खासी भागीदारी देखने को मिलेगी। सिंधु के अलावा मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा भी मुख्य ड्रॉ में उतरेंगी। हालांकि उन्नति हुड्डा के लिए राह आसान नहीं होगी, क्योंकि पहले ही दौर में उनका मुकाबला चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन यूफेई से तय हुआ है।



### पुरुष एकल में लक्ष्य सेन से उम्मीदें

पुरुष एकल में भारत की सबसे बड़ी उम्मीदें मौजूदा विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन से होंगी। लक्ष्य ने हाल ही में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय किया था और उसी लय को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। उनके अलावा पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणॉय, थरुण मन्नेपल्ली और आयुष शेट्टी भी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस वर्ग में थाईलैंड के पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता कुनलावुत वितिदसर्न शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में उतरेंगे।

### डबल्स में सीमित लेकिन अहम भागीदारी

डबल्स स्पर्धाओं में भारत की मौजूदगी अपेक्षाकृत सीमित है। पुरुष युगल में हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ही मुख्य ड्रॉ में नजर आएगी। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला-तनिषा क्रास्टो और रोहन कपूर-रुथविका शिवानी गड्डे की जोड़ियां भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं महिला युगल में रश्मि गणेश और सानिया सिकंदर की जोड़ी क्वालिफिकेशन राउंड से अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

# डेनियल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को हराया, ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे



मेलबर्न। रूस के डेनियल मेदवेदेव ने सोमवार को नीदलैंड के जेस्पर डी जोंग को हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली हैं। आज यहां मेलबर्न पार्क के मार्गरेट कोर्ट एरिना में 11वीं सीड मेदवेदेव ने नीदरलैंड के खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग के खिलाफ दो घंटे 53 मिनट तक चले मुकाबले में 7-5 6-2 7-6 (7-2) की जीत दर्ज की। मेदवेदेव अब अगले मैच में फ्रांस के क्वेंटिन हैलिस का सामना करेंगे। मैच के बाद मेदवेदेव ने कहा, 'अब तक मैं यह अच्छा कर रहा हूं। हमें नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है, लेकिन बस कोर्ट पर उतना ही पॉजिटिव रहने की कोशिश कर रहा हूं जितना मैं जिदगी में हूं। पिछले साल जो हुआ, सो हुआ, और यह ठीक है। यह करियर का हिस्सा है, जिंदगी का हिस्सा है।'

# आईपीएल में प्लेऑफ की प्रबल दावेदार रहेंगी ये टीमें : अमित मिश्रा



नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा ने कहा है कि कोलकाता नाइटराइडर्स, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल 2026 के प्ले ऑफ में पहुंच सकती हैं। इस पूर्व स्पिनर के अनुसार गुजरात टाइटंस को भी खिताबी दौड़ में कमजोर नहीं माना जा सकता है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, केकेआर, एमआई, एसआरएच, आरसीबी और जीटी। मेरे ख?याल से इन पांच में से कोई चार टीमें प?लेऑफ में पहुंचेगी। वहीं अमित ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को खिताबी दावेदार नहीं माना है जिससे सभी को हैरानी हुई है। सीएसके पांच बार की विवेता रही है। मुंबई इंडियंस और आरसीबी ने नीलामी से पहले ही पसंदीदा खिलाड़ियों का रिटेन कर अपनी टीम मजबूत की है। वहीं अन्य टीमों ने मिनी नीलामी के जरिये टीम की ताकत बढ़ायी है। केकेआर ने कैमरन ग्रीन को रिकॉर्ड 25.2 करोड़ रुपये में खरीदा जबकि सनराइजर्स ने लियाम लिविंगस-?टन को 13 करोड़ रुपये में खरीदा।आईपीएल 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होगी और फाइनल मुकाबला 31 मई को खेला जाएगा।

# विश्वकप में खेलना सभी का सपना रहता है : सिराज

मुम्बई। अगले माह 7 फरवरी से होने वाले टी20 विश्वकप के लिए इस बार भारतीय टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को जगह नहीं मिली है। सिराज हालांकि इससे निराश नहीं हैं और उनका कहना है कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी। सिराज ने कहा कि वह भी इस टूर्नामेंट में खेलने चाहते थे क्योंकि सभी का सपना विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंटों में देश की ओर से खेलना रहता है। विश्वकप इस बार भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। उनका साथ अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा देंगे। सिराज ने कहा, मैंने पिछले ञ20 विश्वकप में खेला था पर इस बार अवसर नहीं मिला। एक खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सपना विश्व कप में खेलकर टीम की जीत में योगदान देना रहता है। उन्होंने कहा कि विश्कप के लिए हमारी टीम अच्छी है। वह अच्छे फार्म में भी है। जिससे उम्मीद है कि टीम टूर्नामेंट जीतेगी। वहीं सिराज ने कार्यभार प्रबंधन को भी जरुरी बताया। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दौरान आराम दिया गया था। उन्होंने कहा, मुझे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली एकदिवसीय सीरीज से आराम दिया गया था क्योंकि मैंने गुवाहाटी में उनके खिलाफ दूसरे टेस्ट में 40 ओवर फेंके थे। मैं टीम से बाहर नहीं हुआ हूं। मैंने ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज खेली, फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुझे आराम दिया गया। उन्होंने कहा कि एक तेज गेंदबाज को पर्याप्त आराम बहुत जरूरी है। मैं लगातार टेस्ट मैच खेल रहा हूं। ऐसे में आपको तरोताजा होने के लिए आराम की जरूरत होती है।



# उसेन बोल्ट का रिटायरमेंट से वापसी का मन, LA 2028 ओलंपिक्स में इस खेल में हिस्सा लेने की इच्छा जताई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जमैका के महान धावक और दुनिया के सबसे तेज दौड़ने वाले उसेन बोल्ट ने खेल जगत को चौंकाने वाला संकेत दिया है। बोल्ट ने कहा है कि वह 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में वापसी करने के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बार ट्रैक पर नहीं, बल्कि क्रिकेट के मैदान पर। 128 साल बाद ओलंपिक में लौट रहे क्रिकेट के साथ बोल्ट की यह इच्छा खेल प्रेमियों के बीच चर्चा का बड़ा विषय बन गई है।

### क्रिकेट के साथ बोल्ट का पुराना रिश्ता

बहुत कम लोग जानते हैं कि एथलेटिक्स से पहले उसेन बोल्ट का पहला खेल प्रेम क्रिकेट था। कैरेबियन संस्कृति में पले-बढ़े बोल्ट बचपन में एक तेज गेंदबाज के रूप में पहचाने जाते थे। स्कूल के दिनों में उनके क्रिकेट कोच ने ही उन्हें ट्रैक एंड फील्ड आजमाने की सलाह दी थी, जिसने आगे चलकर खेल इतिहास को नई दिशा दे दी। हालांकि बोल्ट ने एथलेटिक्स में जो मुकाम हासिल किया, उसके बावजूद क्रिकेट के प्रति उनका लगाव कभी कम नहीं हुआ।

### LA 2028 में क्रिकेट की ऐतिहासिक वापसी

क्रिकेट 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक के ज़रिये 128 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक मंच पर लौटेगा। आखिरी बार यह खेल 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था, जहां ग्रेट ब्रिटेन ने फ्रांस को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। LA28 में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में छह-छह टीमें हिस्सा लेंगी। हर टूर्नामेंट के लिए 90 खिलाड़ियों का कोटा तय किया गया है, जिससे प्रत्येक देश 15 खिलाड़ियों की टीम उतार सकेगा।

### 'अगर कॉल आया, तो तैयार हूं'

एस्क्वायर मैगज़ीन से बातचीत में बोल्ट ने हल्के-फुल्के अंदाज में अपनी इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा कि वह पेशेवर खेल से संतुष्ट होकर संन्यास ले चुके हैं, लेकिन अगर जमैका क्रिकेट बोर्ड की ओर से उन्हें मौका मिलता है, तो वह पीछे नहीं हटेंगे।उनके इस बयान ने फैंस की कल्पनाओं को नई उड़ान दे दी है, खासकर तब जब क्रिकेट ओलंपिक में नई शुरुआत कर रहा है।



### एथलेटिक्स में बोल्ट की बेमिसाल विरासत

उसेन बोल्ट को अब तक का सबसे महान स्प्रिंटर माना जाता है। उनके नाम आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक और 11 वर्ल्ड चैंपियनशिप गोल्ड हैं। उन्होंने 2008, 2012 और 2016 ओलंपिक में लगातार 100 मीटर और 200 मीटर की दौड़ में जीत दर्ज की। 2009 बर्लिन वर्ल्ड चैंपियनशिप में बनाए गए उनके 100 मीटर (9.58 सेकंड) और 200 मीटर (19.19 सेकंड) के रिकॉर्ड आज भी अटूट हैं।

### क्रिकेट से जुड़े हालिया अनुभव

बोल्ट हाल के वर्षों में क्रिकेट से जुड़े रहे हैं। वह ञ20 वर्ल्ड कप 2024 के ब्रांड एंबेसडर रहे, जो अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला गया था। इसके अलावा उन्होंने भारत में युवराज सिंह और हरभजन सिंह के साथ एक दोस्ताना क्रिकेट मैच में भी हिस्सा लिया था।



# फिल्म मायासभा में डरावने किरदार में नजर आएंगे जावेद जाफरी

तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे अपनी दूसरी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है मायासभा। मायासभा का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म के टीजर में जावेद जाफरी का अनोखा अवतार देखने को मिला, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। जानिए कब रिलीज हो रही है फिल्म मायासभा।

## मायासभा का टीजर हुआ रिलीज

निर्देशक राही अनिल बर्वे की आगामी हॉरर फिल्म मायासभा का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर की शुरुआत एक छोटे बच्चे से होती है, जो हेलमेट पहने सड़कों पर भटक रहा होता है। इस सीन में पीछे जावेद जाफरी की आवाज में कबीर का एक दोहा सुनाई देता है। गौर से देखें तो यह फिल्म एक तरह से सर्वाइवल हॉरर की कहानी ज्यादा लग रही है।

## कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म मायासभा 30 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में आपको रहस्य, जादू और रोमांच देखने को मिलेगा। इस फिल्म का निर्देशन तुम्बाड के लेखक और निर्देशक राही अनिल बर्वे ने किया है। यह राही अनिल बर्वे की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म में जावेद जाफरी एक बिल्कुल नए अंदाज में नजर आएंगे।

## फिल्म मायासभा की कास्ट

इस फिल्म में जावेद जाफरी के अलावा वीना जामकर, दीपक दामले और मोहम्मद समद भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण गिरीश पटेल और अंकूर जे सिंह कर रहे हैं। शामराव भगवान यादव, चंदा यादव, केवल हांडा और मनीष हांडा इसके सह-निर्माता हैं।



# ड्रीम को लेकर सीमा में नहीं बंधना चाहतीं अदा शर्मा

अभिनेत्री अदा शर्मा ने अब तक एक्शन, हॉरर, ड्रामा से लेकर बोल्ड रोल्स तक हर तरह की फिल्मों में अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है। लेकिन वह किसी खास डायरेक्टर, एक्टर या कहानी के पीछे नहीं भागतीं। अदा का मानना है कि सपनों को किसी भी तरह की सीमा में बांधना गलत है। इसी सोच के साथ वे एक अलग और खुला एक्टिंग फॉर्मूला अपनाती हैं, जहां वे सिर्फ अच्छे रोल्स पर फोकस करती हैं और बाकी सब यूनिवर्स पर छोड़ देती हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर और सपनों को लेकर खुलकर बात की। खास बातचीत में उन्होंने कहा कि वह अपने ड्रीम को किसी भी तरह की लिमिट में नहीं बांधना चाहतीं। अदा का मानना है कि अगर कोई एक्टर खुद को किसी खास डायरेक्टर या स्टाइल तक सीमित कर ले, तो यह बहुत प्रतिबंधक हो जाता है।

अदा ने कहा, मेरा ड्रीम ईमानदारी से यही है कि मैं अच्छी फिल्में करूं और अच्छे रोल्स निभा पाऊं। अगर मैं ये तय कर लूं कि मैं सिर्फ इन-इन डायरेक्टर्स के साथ काम करूंगी, तो यह खुद को सीमा में बांधना होगा। मैं उन सबके साथ काम करना चाहती हूं, जिसके पास भी मेरे लिए अच्छा रोल हो। उन्होंने सुदीप्तो सेन का उदाहरण देते हुए कहा, अगर मेरा ड्रीम होता कि मैं किसी खास डायरेक्टर के साथ ही काम करूंगी, तो द केरल स्टोरी कभी नहीं होती। सुदीप्तो सेन की वो पहली बड़ी फिल्म थी, मैं उन्हें जानती भी नहीं थी। तो मेरा ड्रीम था ही नहीं कि मैं उनके साथ काम करूं, क्योंकि मुझे उनके बारे में पता ही नहीं था। ड्रीम करके हम खुद को बहुत लिमिट कर लेते हैं। मैं चाहती हूं कि यूनिवर्स फैसला करे कि मैं क्या करूं, किनके साथ करूं। मेरी इच्छा बस इतनी है कि मैं अच्छे रोल्स करूं, जो ऑडियंस को पसंद आएं और मुझे करने में मजा आए।

अदा ने बताया कि दर्शक उन्हें हर तरह के किरदार में स्वीकार करते हैं, जो उनके लिए बहुत बड़ी बात है। उन्होंने बताया, कुछ एक्ट्रेसेज को लोग सिर्फ एक लुक या एक टाइप में स्वीकार करते हैं, लेकिन मुझे भूत से लेकर मासूम लड़की तक में स्वीकार करते हैं। 1920 में मैंने डरावना किरदार निभाया, सनफ्लावर में बोल्ड बार डांसर रोजी का, द केरल स्टोरी में भोली-भाली मासूम लड़की का और कमांडो में एक्शन रोल था। किसी ने नहीं कहा कि केरल स्टोरी वाली लड़की एक्शन क्यों कर रही है और एक एक्टर के लिए यह बहुत अच्छी चीज है। जब दर्शक आपको हर किरदार में स्वीकार करते हैं तो आगे बढ़ने और अक्सर कुछ खास करने का उत्साह मिलता है। साल 2026 के बारे में बात करते हुए अदा ने उत्साह जताया। उन्होंने कहा, साल 2026 में फैंस को बहुत कुछ नया और शानदार मिलने वाला है। बहुत सारा कुछ है। मैं अलग-अलग किरदारों से लोगों को एंटरटेन करना चाहती हूं, उन्हें रुलाना, हंसाना, एक्शन, ड्रामा, कॉमेडी, हॉरर सब कुछ देना चाहती हूं। मैं बहुत लकी हूं कि मुझे ऐसे रोल्स मिल रहे हैं।



# शाहरुख की किंग और लव एंड वॉर अब दो पार्ट में रिलीज होंगी

बालीवुड के स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इसका पहला पार्ट 2025 में रिलीज हुआ और सुपरहिट साबित हुआ। अब मेकर्स 2026 में इसका दूसरा पार्ट रिलीज करने की तैयारी में हैं। इस स्ट्रैटेजी की कामयाबी देखकर अब शाहरुख खान और संजय लीला भंसाली अपनी फिल्म को दो पार्ट में रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। शाहरुख और भंसाली कैंप में दोनों फिल्मों की रिलीज स्ट्रैटेजी पर गंभीर चर्चा चल रही है। शाहरुख की किंग और भंसाली की लव एंड वॉर मेगा बजट फिल्में हैं। किंग में शाहरुख की बेटी सुहाना लीड रोल में हैं।

## धुरंधर की जबरदस्त सफलता से प्रेरित होकर लिया फैसला

धुरंधर की सफलता से प्रेरित होकर दोनों ही मेकर्स अपनी फिल्मों को दो हिस्सों में बांटने और 6 महीने से कम गैप में रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि लव एंड वॉर अगस्त 2026 और जनवरी 2027 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विकी कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं किंग सितंबर 2026 और मार्च 2027 में बड़े परदे पर दस्तक दे सकती है।

# बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं कृति शेट्टी

दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी कृति शेट्टी इन दिनों अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि टाइगर श्रॉफ ने मस्ती 4 के निर्देशक मिलाप जावेरी के साथ एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, जिसे टी-सीरीज प्रोड्यूस करेगी। इसी फिल्म के लिए कृति का नाम सामने आ रहा है। हालांकि इन अटकलों पर कृति ने खुद प्रतिक्रिया दी है। बताया कि उन्हें बॉलीवुड से कुछ प्रस्ताव जरूर मिले हैं लेकिन अभी किसी पर मुहर नहीं लगी है। कृति के मुताबिक, मुझे कुछ ऑफर्स आए थे लेकिन कई बार डेट्स मैच नहीं होतीं। बॉलीवुड का काम करने का तरीका दक्षिण भारतीय सिनेमा से काफी अलग है। यहां आमतौर पर शेड्यूल एक साथ प्लान किया जाता है, जबकि साउथ में काम थोड़ा बिखरे हुए शेड्यूल में होता है। कृति ने कहा... मैं मुंबई में पैदा हुई और पली-बढ़ी हूं, इसलिए हमेशा से लगता था कि हिंदी में काम करना मेरे लिए बहुत अच्छा रहेगा। जब मैंने एक्टिंग वर्कशॉप्स में हिस्सा लिया, तो वहां कुछ अलग और नया महसूस हुआ। इस प्रोसेस ने मुझे हिंदी इंडस्ट्री में काम करने के लिए और ज्यादा उत्साहित कर दिया है।





# पहली बार साथ आ रहे अल्लू अर्जुन और लोकेश कनगराज



अर्जुन की नई फिल्म की घोषणा हो गई है। अपनी 23वीं फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ आ रहे हैं। आज लोकेश कनगराज ने इस नई फिल्म की घोषणा कर दी है। इसके लिए एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया गया है। हालांकि, अभी फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभी फिल्म को एए 23 के नाम से पहचाना जाएगा। फिल्म की घोषणा करते हुए लोकेश कनगराज ने अपने एक्स वीडियो के साथ एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में लोकेश ने लिखा, ' अल्लू अर्जुन आपके साथ इस सफर की शुरुआत करने के लिए उत्सुक हूं। अल्लू अर्जुन ने भी घोषणा का वीडियो अपने इंस्टाग्राम साझा किया है। इसे पोस्ट करते हुए एक्टर ने लिखा, धूम मचाने जा रहा हूं। बेमिसाल लोकेश कनगराज गारू के साथ इस नई यात्रा को लेकर उत्साहित हूं। आखिरकार भाई अनिरुद्ध रविचंद्र के साथ आ रहा हूं। इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।'

लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही ये सातवीं फिल्म है। पहली बार लोकेश कनगराज अल्लू अर्जुन के साथ काम कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो इससे पहले अल्लू अर्जुन जहां 'पुष्पा 2' में नजर आए थे। वहीं इन दिनों वो एटली के साथ अपनी आगामी फिल्म में व्यस्त हैं। इसे काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। इसमें दीपिका पादुकोण भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। हालांकि, अभी इसके बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं लोकेश कनगराज की आखिरी फिल्म साल 2025 में आई 'कुली' थी। इस फिल्म में रजनीकांत प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। फिल्म में रजनीकांत के अलावा आमिर खान, उपेंद्र, नागार्जुन और सोबिन शाहिर जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिका में थे।

# कॉकटेल 2 में रोमांटिक और मॉडर्न अवतार में नजर आएंगे शाहिद



**बालीवुड एक्टर शाहिद कपूर इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर लगातार चर्चा में हैं। विशाल भारद्वाज के साथ उनकी चौथी फिल्म ओ रोमियो वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने जा रही है, वहीं इसी साल कॉकटेल 2 भी दर्शकों के सामने आएगी। एक ओर जहां ओ रोमियो में शाहिद अंडरवर्ल्ड बैकड्रॉप में नजर आएंगे, वहीं कॉकटेल 2 में उनका रोमांटिक और मॉडर्न अवतार देखने को मिलेगा।**

## स्पेन और मुंबई में हुई फिल्म की शूटिंग

कॉकटेल 2 को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस ने दिलचस्प कहानियों का कॉकटेल तैयार कर लिया है। एक वर्ग मानता है कि यह फिल्म पहली कॉकटेल की विरासत को आगे बढ़ाएगी, जहां शाहिद का किरदार वेरोनिका की जिंदगी में पुराने



दोस्त या नए पार्टनर के रूप में एंट्री कर सकता है। वहीं दूसरा बड़ा तबका मानता है कि यह फिल्म आज के दौर के मॉडर्न रिश्तों, हुकअप कल्चर और प्यार-दोस्ती की उलझनों को दिखाया जाएगा। ओ रोमियो की शूटिंग स्पेन और मुंबई के बोरीवली स्थित बाहुबली स्टूडियो में हुई।

## शाहिद अब सेलेक्टिव रिस्क लेने वाले अभिनेता बन चुके हैं

कबीर सिंह की भारी सफलता के बाद शाहिद ने खुद को एक इंटेंस, एंग्री और इमोशनली ब्रोकन किरदारों के अभिनेता के रूप में स्थापित किया। ट्रेड एक्सपर्ट्स मानते हैं कि शाहिद अब सेलेक्टिव रिस्क लेने वाले अभिनेता बन चुके हैं, जो सिर्फ स्टारडम नहीं बल्कि कंटेंट और क्रिटिकल वैल्यू को भी प्राथमिकता देते हैं। हालांकि, लगातार डार्क और हिंसक भूमिकाओं का चयन उनके करियर में स्टोरियो टाइप का खतरा भी पैदा कर सकता है।

## फिल्म के लिए शाहिद कपूर ने किया अपना ट्रांसफॉर्मेशन

विशाल भारद्वाज की मांग के अनुरूप शाहिद ने पिछले आठ महीनों में अपनी बॉडी को पूरी तरह बदल दिया है। यह बदलाव सिर्फ लुक के लिए नहीं, बल्कि किरदार की शारीरिक और मानसिक जरूरतों के हिसाब से किया गया है। शाहिद ने पारंपरिक बॉडी-बिल्डर लुक छोड़कर लीन और वायरी फिजीक पर फोकस किया, जो एक स्ट्रीट फाइटर और अंडरवर्ल्ड कैरेक्टर को ज्यादा प्रामाणिक बनाता है। इसके लिए उन्होंने कैलिस्थेनिक्स, फंक्शनल ट्रेनिंग और हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट अपनाए।

## हुसैन उस्तरा और अशरफ खान की कहानी है ओ रोमियो

इंडस्ट्री के भीतर चल रही चर्चाओं के अनुसार... ओ रोमियो 80 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड के एक बेहद क्रूर और वास्तविक अध्याय से प्रेरित मानी जा रही है। मजबूत व्यापारिक




थ्योरीज संकेत देती हैं कि शाहिद कपूर का किरदार कुख्यात गैंगस्टर हुसैन उस्तरा पर बेस्ड हो सकता है, जो अपनी निडरता और दाऊद इब्राहिम से सीधी दुश्मनी के लिए जाना जाता था। टीजर में तृप्ति डिमरी की मौजूदगी को अंडरवर्ल्ड की चर्चित शख्सियत अशरफ खान के किरदार से जोड़कर देखा जा रहा है। पति की हत्या का बदला लेने के लिए सपना दीदी ने हुसेन उस्तरा के साथ हाथ मिलाया था।



# हाई ब्लड शुगर होने पर शरीर के इन अंगों पर पड़ सकता है बुरा असर

डायबिटीज के मामलों में तेजी देखी जा रही है। भारत में डायबिटीज के आंकड़े चिंताजनक है। जी हां, करीब 7.7 करोड़ लोग इस बीमारी की चपेट में है। वहीं अनुमान जताया जा रहा है कि साल 2045 तक यह संख्या बढ़कर 13.4करोड़ तक पहुंच जाएगी। अचानक से शरीर में ब्लड के रक्तस्त्राव के बढ़ जाने को हाइपरग्लेसेमिया कहा जाता है। इससे शरीर के कई अंगों को क्षति पहुंचती है।

## आंखों की समस्या

डायबिटीज होने के बाद एक अच्छी लाइफस्टाइल से ही अच्छे से लॉन्ग लाइफ जी सकते हैं। ब्लड शुगर असामान्य रूप से बढ़ने से आंखों पर प्रभाव पड़ता है। इससे धुंधलापन होना, मोतियाबिंद होना, ग्लूकोमा जैसी समस्या घेरने लगती है। इसके लिए पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है।

## घाव के ठीक होने में वक्त लगना

दरअसल, हाइपरग्लेसेमिया की वजह से घाव ठीक होने में वक्त लगता है। कई बार महीने भी लग जाते हैं। इतना ही नहीं घाव अगर ठीक नहीं होता है तो कई बार इंफेक्शन नहीं फैले इसलिए अंग को ही निकालना पड़ता है। जिसका कारण होता है रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना।

## संक्रमण का खतरा

रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण संक्रमण का खतरा अधिक होता है। डायबिटीज मरीज को यूरिन के संक्रमण का खतरा बहुत अधिक होता है। इसका प्रभाव किडनी पर भी पड़ता है।

## पैरों की समस्या

मधुमेह होने के कारण पैर अधिक दर्द करते हैं। कई बार असहनीय दर्द रहता है। पैरों में घाव हो जाना, उंगलियों का कालापन होना। शुगर कंट्रोल नहीं होने पर पूरे पैर में भी समस्या हो सकती है। इसलिए बेहतर है मीठा जरा भी नहीं खाएं और शुगर फ्री चीजों का ही सेवन करें।



# डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए डाइट में शामिल करें अनार के फूल

**खून बढ़ाने से लेकर ग्लोइंग स्किन पाने के लिए अनार खाने के फायदों के बारे में आपने सुना ही होगा। लेकिन क्या आपने अनार के फूल के फायदों के बारे में सुना है। प्राकृति ने मनुष्य को बहुत कुछ दिया है, जो स्वस्थ रहने और किसी बीमारी से लड़ने के लिए काफी है। ऐसा ही एक प्राकृति का तोहफा है अनार का फूल। आइए जानते हैं अनार के फूल के फायदों के बारे में।**

- शुगर की परेशानी इन दिनों आम हो गई है। दुनियाभर में कई लोग इस जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं। हालांकि इसे कंट्रोल करने के कई तरीके हैं, लेकिन बावजूद इसके इसे ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में एक स्वस्थ जीवन शैली पर स्विच करना महत्तवपूर्ण है। शुगर के मरीजों को कम चीनी और फाइड चीजों को अवॉइड करना चाहिए। ऐसे में डाइट में अनार के फूल शामिल करना अच्छा हो सकता है। हेल्थ रिपोर्ट्स के मुताबिक अनार के फूल में फोटोकेमिकल होता है, जो शुगर के मरीजों के लिए अच्छा होता है।
- बेदाग स्किन और स्वस्थ चमक इन दिनों खो सी गई है। पर्यावरण प्रदूषण और गलती जीवनशैली के चलते ऐसी त्वचा पाना बेहद ही मुश्किल हो गया है। वहीं बीजी रूटीन में नियमित त्वचा की देखभाल करना भी मुश्किल होता है। ऐसे में आप अनार के फूल पर विश्वास कर सकते हैं, इसकी मदद से झुर्रियों और समय से पहले बूढ़ा होने से बचा जा सकता है।
- कोरोना काल में हर किसी ने एक चीज अच्छे से सिखी है और वो है स्वस्थ्य रहना। लोग इन दिनों स्वस्थ और इम्यूनिटी को बढ़ावा देने वाली हर एक चीज का पूर्ण रूप से ख्याल रख रहे हैं। ऐसे में अनार के फूल भी स्वस्थ रहने में आपकी मदद कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। जो बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में मदद करते हैं।
- अनार के फूल को डाइट में शामिल करने से अपने कार्डियोवस्कुलर हेल्थ का ख्याल रख सकते हैं। शरीर में सबसे महत्तवपूर्ण अंगों में से एक होता है हृदय, जो पूरे शरीर में ब्लड पंप करता है। इससे न केवल ऑक्सीजन बल्कि शरीर के विभिन्न कार्यों को करने के लिए पोष्क तत्व भी पहुंचाता है। अगर दिल की सेहत का ध्यान न रखा जाए तो आप आलसी, सुस्त और लो एनर्जी महसूस करेंगे।
- अनार का फूल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के साथ शरीर में जमा फैट को खत्म कर आपको हेल्दी रखता है। हालांकि अच्छे परिणाम के लिए आपको कसरत करनी होगी।

## कैसे करें अनार के फूल का इस्तेमाल

आप अनार के फूलों के सपलीमेंट ले सकते हैं, या फिर अगर आपको अनार के फूल मिल जाते हैं तो आप इसकी चाय बनाकर पी सकते हैं। हालांकि किसी भी तरह की जलन महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।



# आहार में शामिल करें ये नॉन डेयरी कैल्शियम रिच फूड नहीं होगी कैल्शियम की कमी

शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए दूध और दूध से बने उत्पादों का सेवन बहुत जरूरी होता है। लेकिन यदि आपको दूध पीना पसंद नहीं है या आपको दूध से एलर्जी है तब आप क्या करेंगी? नहीं आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रकृति ने हमें ऐसे बहुत से खाद्य पदार्थ दिए हैं, जिनमें उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है। इसलिए आज बात करते हैं उन फूड्स की जो दूध के बिना भी आपके शरीर में कैल्शियम की कमी नहीं होने देंगे।

## क्यों जरूरी है कैल्शियम

हमारे शरीर में हड्डियों के विकास के लिए कैल्शियम बेहद आवश्यक है। यह हड्डियों के साथ ही मांसपेशियों, कोशिकाओं और हृदय व नसों के सुचारू रूप से काम करने के लिए भी बहुत जरूरी है। हमारे शरीर में कैल्शियम की मात्रा सबसे अधिक पायी जाती है। इनमें से लगभग 98% हिस्सा हमारे दांतो और हमारे शरीर की हड्डियों में प्रयोग होता है। जबकि इसका 1% रक्त और मांसपेशियों में प्रयोग होता है। इसलिए कैल्शियम सभी के लिए आवश्यक है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक कैल्शियम की जरूरत होती है। इसी वजह से कैल्शियम की आपूर्ति के लिए दूध और दूध से बने पदार्थों का सेवन किया जाता है। मगर यदि आपको दूध से एलर्जी है या आपको दूध पीना पसंद नहीं है, तो आपको नॉन डेयरी प्रोडक्ट से यह जरूरत पूरी करनी होगी।

## हरी सब्जियां

गहरे रंग वाली सब्जियां जैसे बथुआ, पालक, चौलाई, मेथी आदि में आयरन और फोलेट के साथ-साथ कैल्शियम की भी अच्छी मात्रा होती है। आप इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर कैल्शियम की प्राप्ति कर सकती हैं।

## बादाम और अंजीर

बादाम को पावर बैंक कहा जाता है, क्योंकि इसमें सभी आवश्यक आयरन और विटामिन होते हैं। यह कैल्शियम में भी काफी समृद्ध होता है। इसी के साथ-साथ अंजीर में भी आयरन और कैल्शियम की समृद्ध मात्रा होती है। नाश्ते, लंच या हल्की स्नैकिंग के रूप में आप बादाम और अंजीर का एक साथ सेवन कर सकती हैं।

## डाइट में शामिल करें सोया

यदि आप अपनी डाइट में सोया या उससे बने फूड्स जैसे टोफू का प्रयोग करती हैं तो आपको लगभग 220 मिलीग्राम से 250 मिलीग्राम कैल्शियम की आपूर्ति होती है। जो आपकी दैनिक जरूरत के बराबर है।

## भुने हुए तिल

यदि आप कैल्शियम रिच नॉन डेरी प्रोडक्ट की तलाश में हैं, तो भुने हुए तिल आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प है। एक्सपर्ट के मुताबिक लगभग 25 ग्राम तिल आपको 270 मिलीग्राम कैल्शियम, दैनिक जरूरत के बराबर आपूर्ति करता है।

## मछली भी है कैल्शियम रिच

सार्डिन या साल्मन यह दो बेहतरीन मछलियां हैं। जिनसे दैनिक जरूरत की कैल्शियम की आपूर्ति होती है। यह दोनों ही कैल्शियम, ओमेगा 3 फैटी एसिड और प्रोटीन के बेहतरीन स्रोत हैं। आपको इनको बस जरूरत के मुताबिक ही खाना है। यानी कि हफ्ते में लगभग दो टुकड़े।

## साबुत अनाज एवं दालें

आप अपनी डाइट में ऐसे कुछ अनाज या दालों का प्रयोग कर सकती हैं, जो कैल्शियम का बेहतरीन स्रोत हैं। जैसे कि मोठ, राजमा, कुलथी, बाजरा, चना, सोयाबीन, रागी आदि।




# दूध, दही, पनीर के सेवन से कम होता है डायबिटीज और हाई बीपी का खतरा

**वैज्ञानिकों के अनुसार दही, दूध या पनीर का रोजाना सेवन डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम करता है। हाल ही में एक शोध ने डेयरी रिच डाइट (यानी दही, दूध या पनीर युक्त खाद्य पदार्थ) को रक्त शर्करा के स्तर, ब्लड प्रेशर में सुधार और हृदय रोग संबंधी जोखिमों को कम करने से जोड़ा गया। शोध के मुताबिक, रोजाना इन डेयरी उत्पादों का दो बार सेवन इन बीमारियों से राहत दिलाने में फायदा करता है।**

इस अध्ययन को डायबिटीज रिसर्च जर्नल में प्रकाशित किया गया। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का विश्लेषण करना था। उन्होंने भारत सहित दुनियाभर के 21 देशों के 35 से 70 वर्ष के लोगों में डेयरी रिच डाइट के प्रभाव का गहराई से अध्ययन किया। इस शो में डेयरी उत्पादों जैसे दूध, दही, दही से बने पेय, पनीर से बनी डिशेज शामिल थीं। इन्हें फुल या लो फैट के रूप में बांटा गया था। बटर और क्रीम का अलग से मूल्यांकन किया गया था, क्योंकि वे आमतौर पर उन देशों में नहीं खाए जाते थे जो अध्ययन का हिस्सा थे।

मेटाबॉलिक सिंड्रोम के पांच घटकों पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का अध्ययन किया गया था। यह अध्ययन लगभग 1,13,000 लोगों में किया गया। मेटाबॉलिक सिंड्रोम एक तरह से समस्याओं का झुंड होता है। मुख्य रूप से इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्लड शुगर बढ़ जाना, कमर के आसपास चर्बी बढ़ जाना और कोलेस्ट्रॉल व ट्राइग्लिसराइड का स्तर असामान्य हो जाना जैसी समस्याएं शामिल होती हैं। मेटाबॉलिक सिंड्रोम में ये समस्याएं एक साथ होती हैं जिससे स्ट्रोक, डायबिटीज व हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने हाई ब्लड प्रेशर, बढ़ी हुई कमर, गुड कोलेस्ट्रॉल का निम्न स्तर, हाई ब्लड फैट्स और बढ़े हुए फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज की 12 महीनों की स्थिति को ट्रैक किया। अध्ययन से पहले लगभग 46,667 लोगों को मेटाबॉलिक सिंड्रोम था, यानी उनमें पांच में से कम से कम तीन स्थितियां थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि फुल फैट वाले डेयरी का सेवन करने से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का जोखिम कम था। इससे पता चलता है कि डेयरी प्रोडक्ट शरीर की कार्यप्रणाली में कैसे सुधार करते हैं। शोध में कहा गया है कि यदि इन निष्कर्षों के आधार पर बड़े और दीर्घकालिक परीक्षणों में पुष्टि की जाती है, तो बढ़ती डेयरी खपत मेटाबॉलिक सिंड्रोम, डायबिटीज और हृदय रोग के मामलों को कम करने के लिए बड़े काम की हो सकती है। डेयरी उत्पादों में स्वास्थ्य लाभ में हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती, पाचन में सुधार, वजन घटाना आदि शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक डेयरी उत्पाद प्रोटीन और कैल्शियम के बड़े स्रोत हैं। इसके अलावा यह उत्पाद विटामिन और मिनरल्स के भी बड़े संयोजक होते हैं। डेयरी उत्पाद मुख्य रूप से पशुओं के दूध से निर्मित खाद्य या पेय पदार्थ होते हैं। मुख्य रूप से जिन पशुओं के दूध का प्रयोग इन उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है उनमें गाय, भैंस, बकरी, भेड, याक और ऊंट शामिल हैं।

# हेल्दी डाइट के लिए खाइए ब्राउन राइस

**जो लोग हेल्दी डाइट और व वजन कम करने में दिलचस्पी रखते हैं और चावल से परहेज करते हैं, उनके लिए ब्राउन राइस एक बेहतरीन विकल्प है। कैलोरी कम होने के साथ-साथ इसके और भी कुछ फायदे हैं। जानिए इसके 5 फायदे.**



## कोलेस्ट्रॉल

ब्राउन राइस खाने का सबसे बड़ा फायदा यही है कि यह कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अनचाहे फैट को शरीर के आंतरिक भागों में जमने से रोकता है।

## डाइबिटीज

सामान्यत: चावल में शर्करा की मात्रा अधिक होती है, जिसके कारण डाइबिटीज के रोगी इससे दूरी बनाए रखते हैं। लेकिन ब्राउन राइस के सेवन से रक्त में शर्करा का स्तर नहीं बढ़ता। इसलिए यह आपके लिए बेहतर विकल्प है।

## हृदय रोग

हार्टअटैक या हृदय के अन्य रोग, ज्यादातर हृदय की धमनियों में कोलेस्ट्रॉल के जमाव के कारण होते हैं। ऐसे में ब्राउन राइस का सेवन इससे बचाकर आपके हृदय की भी रक्षा करता है।

## हड्डियां

मैग्नीशियम व कैल्शयिम से भरपूर होने के कारण ब्राउन राइस, हड्डियों को मजबूत करने के लिए बेहद फायदेमंद है। सफेछ चावल की अपेक्षा यह सेहत के कई फायदे देता है।

## वजन कम

वजन कम करना चाहते हैं, और चावल से दूर नहीं रह सकते, तो सफेद चावल की जगह ब्राउन राइस को भोजन में शामिल करें। कुछ ही समय में आप वजन में कमी महसूस करेंगे।



# आयुर्वेद ने भी माना खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.

## गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।

## डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए। इस चाय को खाली पेट पीने से अपच, ब्लोटिंग और वजन कम करने में मदद मिलेगी।

अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।

## कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## सिलेरी जूस

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।

## वजन घटाने के बुनियादी नियम

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।

# जरूरी नहीं महंगी बादाम खाना, सस्ती मूंगफली भी है प्रोटीन का खजाना

मूंगफली का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। बल्कि इसे बादाम का पर्याय माना जाता है। जितने पोषक तत्व बादाम में मौजूद होते हैं वह सभी मूंगफली में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। लेकिन बादाम महंगा होता है और मूंगफली सस्ती होती है लेकिन आप बादाम की जगह मूंगफली भी खा सकते हैं। एक लीटर दूध के बजाए 100 ग्राम कच्ची मूंगफली में अधिक प्रोटीन होता है। मूंगफली के साथ ही मूंगफली के तेल के कई फायदे होते हैं। यह कीटाणुओं को खत्म करने में मददगार होता है। जानते हैं मूंगफली खाने के अचूक फायदों के बारे में –

## हड्डियों को करें मजबूत

मूंगफली के सेवन से हड्डियां मजबूत होती है। मूंगफली में मौजूद पोषक तत्वों से शरीर को विटामिन डी और कैल्शियम मिलता है। बादाम के बदले इसका आसानी से सेवन कर सकते हैं।

## हार्मोन को करें बैलेंस

जब महिला और पुरुषों में हार्मोंस अनबैलेंस्ड हो जाते हैं तब कई प्रकार की शारीरिक समस्या होती है। इसलिए महिला और पुरुष को रोज एक मुट्ठी मूंगफली का सेवन करना चाहिए।

## कैंसर से बचाएं

मूंगफली में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जिसका नाम है पॉलीफिनॉलिक। इसके सेवन से पेट के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। सप्ताह में 1 बार मूंगफली के साथ मक्खन का सेवन करना चाहिए।

## झुर्रियों को हटाए

मूंगफली खाने से झुर्रियां कम होती है। इसमें मौजूद तत्व चेहरे पर बारीक रेखा और झुर्रियों को बनने से रोकती है।

## डायबिटीज को करें नियंत्रित

मूंगफली का सेवन करने से डायबिटीज की आशंका कम होती है। रोज अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए। ताकि घातक बीमारियों से बचा जा सकें।

